इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

शुक्ला मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
- डायलिसिस सुविधा उपलब्ध
- प्रोस्टेट एवं पथरी का इलाज दूरबिन पद्धति द्वारा
- आयुष्मान कार्ड द्वारा निः शुल्क ईलाज
बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.) मो.नं.- 9301033013

वर्ष- 43 अंक -285 राजनांदगांव, मंगलवार 03 सितंबर 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## बुलडोजर एक्शन पर एससी सख्त : कहा- बिना सबूत घर कैसे ढहाया जा सकता है ?; ऐसे मामलों के लिए बनाएं गाइडलाइन



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार 2 सितंबर को 'बुलडोजर एक्शन' पर कड़ी टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सिर्फ इसलिए किसी का घर कैसे गिराया जा सकता है क्योंकि वह व्यक्ति आरोपी या दोषी है। अदालत ने कहा कि घरों को गिराने से पहले पूरे देश के लिए दिशा-निर्देश जारी किए जाने चाहिए। यह मामला तब उठा जब वरिष्ठ वकील दुष्यंत दवे ने अदालत से 'बुलडोजर एक्शन' को रोकने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया।

### सिर्फ आरोपी होने की वजह से घर नहीं गिरा सकते

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बी.आर. गवई और जस्टिस के.वी. विश्वनाथन की पीठ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सिर्फ आरोपी होने के कारण किसी अचल संपत्ति को नहीं गिराया जा सकता। एसजी मेहता ने कहा कि डेमोलिशन तभी हो सकता है जब कोई ढांचा गैर कानूनी ढंग से बनाया गया हो। हालांकि, उन्होंने यह भी दावा किया कि अदालत के सामने मामला गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। कोर्ट ने इस पर कहा कि अगर आप इस बात से सहमत हैं, तो हम इसके आधार पर दिशा-निर्देश जारी करेंगे।

### अवैध निर्माण के खिलाफ देश भर में बने गाइडलाइन्स

सुप्रीम कोर्ट ने अकहा कि अवैध निर्माण पर कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन इसके लिए एक उचित प्रक्रिया होनी चाहिए। कोर्ट ने कहा, 'अगर निर्माण अवैध है, तो ठीक है। लेकिन इसमें कुछ नियमितता होनी चाहिए। हम एक प्रक्रिया तय करेंगे।' जस्टिस विश्वनाथन ने पूछा कि ऐसे मामलों से बचने के लिए निर्देश क्यों नहीं दिए जा सकते। कोर्ट ने कहा कि पहले नोटिस जारी किया जाए, फिर जवाब का समय दिया जाए, कानूनी कदम उठाने के लिए समय दिया जाए, और उसके बाद ही डेमोलिशन हो।

### अवैध निर्माण पर हो सख्ती, लेकिन नियमों का पालन हो

पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि वह अवैध निर्माण का बचाव नहीं कर रही है। कोर्ट ने कहा, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### राहुल ने बुलडोजर नीति पर किया सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का स्वागत

नयी दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि भाजपा सरकार की बुलडोजर नीति जन विरोधी है और इस पर उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी का वह स्वागत करते हैं। श्री गांधी ने कहा, भाजपा की असंवैधानिक और अन्यायपूर्ण 'बुलडोज़र नीति' पर सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी स्वागत योग्य है। बुलडोज़र के नीचे मानवता और इंसाफ को कुचलने वाली भाजपा का संविधान विरोधी चेहरा अब देश के सामने बेनक़ाब हो चुका है। उन्होंने कहा, बेलगाम सत्ता का प्रतीक बन चुके बुलडोज़र ने नागरिक अधिकारों को कुचल कर कानून को निरंतर अहंकार भरी चुनौती दी है। 'त्वरित न्याय' की आड़ में 'भय का राज' स्थापित करने की मंशा से चलाए जा रहे बुलडोज़र के पहियों के नीचे अक्सर बहुजानों और गरीबों की ही घर-गृहस्थी आती है। कांग्रेस नेता ने कहा, हम अपेक्षा करते हैं कि सुप्रीम कोर्ट इस अति संवेदनशील विषय पर स्पष्ट दिशा निर्देश जारी कर भाजपा सरकारों के इस लोकतंत्र विरोधी अभियान से नागरिकों की रक्षा करेगा। देश बाबा साहब के संविधान से चलेगा, सत्ता की चाबुक से नहीं।

## सुरक्षा मामलों की समिति ने सुखोई विमानों के लिए 240 एयरो इंजन की खरीद को मंजूरी दी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति ने देश की रक्षा को मजबूत करने की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण और बड़ा फैसला लेते हुए भारतीय वायुसेना के प्रमुख लड़ाकू विमान सुखोई -30 के लिए 26,000 करोड़ रुपये की लागत से 240 एयरो इंजन की खरीद के प्रस्ताव को सोमवार को मंजूरी दे दी है।

### 26 हजार करोड़ रुपये किए जाएंगे खर्च

रक्षा मंत्रालय की तरफ से साझा की गई जानकारी के अनुसार इसके तहत वायुसेना के सुखोई -30 एमकेआई लड़ाकू विमानों के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से खरीदे (भारतीय) श्रेणी के तहत 240 एयरो-इंजन (एएल-31 एफपी) खरीद की जाएगी। इन विमानों की खरीद पर सभी करों और शुल्कों को मिलाकर 26,000 करोड़ रुपये से अधिक का व्यय होगा। इन एयरो-इंजन की डिलीवरी एक साल बाद शुरू होगी और कुल आठ साल की अवधि में पूरी होगी।

### एचएएल के कोरापुट डिवीजन में होगा इंजन का निर्माण

जानकारी के मुताबिक इन इंजनों में 54त्न से अधिक स्वदेशी सामग्री होगी, जो एयरो-इंजन के कुछ प्रमुख घटकों के स्वदेशीकरण के कारण बढ़ी है। इनका निर्माण हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के कोरापुट डिवीजन में किया जाएगा।

### देश की रक्षा तैयारियों को मिलेगी मजबूती

सुखोई -30 एमकेआई लड़ाकू विमान भारतीय वायुसेना का सबसे शक्तिशाली और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बेड़े में से एक है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की तरफ से इन एयरो-इंजनों की आपूर्ति भारतीय वायुसेना के बेड़े की आवश्यकताओं को पूरा करेगी, ताकि वो अपने निर्बाध संचालन को जारी रख सकें और देश की रक्षा तैयारियों को मजबूत कर सकें।

## मणिपुर में नहीं थम रही हिंसा, उग्रवादियों ने छह घरों को किया आग के हवाले



इंफाल। उग्रवादियों ने मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले के एक गांव में खाली पड़े पांच घरों को जला दिया। इस घटना के बाद सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों को खदेड़ दिया। पुलिस ने सोमवार को बताया कि उग्रवादियों ने रविवार को पहाड़ी इलाकों से कोत्रुक और कडांगबांद के घाटी क्षेत्रों की ओर अंधाधुंध गोलीबारी की थी। उग्रवादी कौत्रुक गांव के बाहरी इलाके तक पहुंच गए थे। उग्रवादियों ने पांच खाली पड़े घरों को जला दिया।

### उग्रवादियों ने रॉकेट और ग्रेनेड से किए हमला

रविवार को हुए उग्रवादियों ने इस हमले में एक सहित दो लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए थे। रविवार रात सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों को खदेड़ दिया। मणिपुर पुलिस ने दावा किया कि उग्रवादियों ने हमले में रॉकेट से चलने वाले ग्रेनेड और ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। मणिपुर सरकार ने राज्य पुलिस को इंफाल पश्चिम जिले से सटे इलाकों में तलाशी अभियान चलाने का आदेश दिया है।

## तीजा-पोरा तिहार पर सीएम साय ने 70 लाख महिलाओं को दिया उपहार, खाते में ट्रांसफर किए एक-एक हजार रु.





रायपुर। छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री निवास में आज पोरा तिहार की धूम मची हुई है, जहां प्रदेश की महिलाएं अपने सीएम विष्णुदेव साय के साथ तीजा-पोरा तिहार मना रही हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने अपनी धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय के साथ भगवान शिव और नंदीराज की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा और महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े भी इस पूजा में शामिल हुईं। इधर, प्रदेश भर में पोरा तिहार के अवसर पर हर्ष और उल्लास का माहौल देखने को मिल रहा है, और मुख्यमंत्री निवास में इस पर्व को धूमधाम से मनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री साय ने पोला तिहार की बधाई और शुभकामनाएं दी है। साय ने कहा है कि पोला तिहार किसानों का खेती किसानी से जुड़ा सबसे बड़ा त्योहार है। यह हमारे जीवन में खेती-किसानी और पशुधन का महत्व बताता है। इस दिन घरों में उत्साह से बैल और जाता-पोरा की पूजा कर अच्छी फसल और घर को धन-धान्य से परिपूर्ण होने के लिए प्रार्थना की जाती है।

### सीएम हाउस में बहनों के लिए छत्तीसगढ़ी व्यंजन

तीजा, पोरा तिहार के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में पहुंची बहनों के लिए विशेष रूप से छत्तीसगढ़ व्यंजन तैयार करवाए गए हैं। यहां माता, बहनों के करू भात के लिए पारंपरिक भोजन बनवाया गया है। मुख्यमंत्री निवास तीजा-पोरा के पारंपरिक गौरव की झांकी तरह सजा है। इसे मिट्टी के खूबसूरत नंदिया बइला और रंगीन खिलौनों से सजाया गया है। मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पत्नी कौशल्या साय सजावट के साथ-साथ परंपरागत छत्तीसगढ़िया व्यंजनों के साथ ठेठरी-खुरमी बनाने की तैयारी भी की है।

मुख्यमंत्री निवास परिसर में छत्तीसगढ़ की परंपरा और रीति-रिवाज के अनुसार साज-सज्जा की गई है। इस मौके पर नांदिया-बैला की पूजा की गई। तीजा महोत्सव का आयोजन हुआ। तीजा-पोरा त्यौहार के लिए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बहनें सीएम हाउस पहुंची। मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री साय की तरफ से तीजा पोरा त्यौहार मनाने आई महिलाओं को अपने विष्णु भैया से उपहार में मिली लाख की चूड़ियां, यहां आए कारीगर बहनों को उनकी नाप की चूड़ियां तैयार करके दे रहे हैं। इस तरह महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री निवास एक दिन के लिए मायका बन गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिलाएं, महिला स्वसहायता समूहों की महिलाएं और मितानिनों सहित लगभग तीन हजार महिलाओं को आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर प्रतिभागी महिलाओं को राष्ट्रीय पोषण माह 2024 अंतर्गत शपथ पत्र का वाचन भी किया गया।

## बाड़मेर के उतरलाई के पास फाइटर प्लेन क्रैश, पायलट की सुझबूझ से टली बड़ी दुर्घटना



बाड़मेर। बाड़मेर जिले के उतरलाई एयरबेस के पास सोमवार देर शाम एक बड़ा हादसा होने से बच गया। जब एक मिग-29 फाइटर प्लेन मनानियों की ढाणी के पास क्रैश हो गया। हादसे में पायलट ने सुझबूझ का परिचय देते हुए प्लेन को आबादी क्षेत्र से दूर रेत के टीलों की तरफ ले गया। हादसे के दौरान पायलट ने समय रहते पैराशूट की मदद से प्लेन से कूदकर अपनी जान बचा ली। बताया जा रहा है कि जब फाइटर प्लेन नियमित रात्रि प्रशिक्षण मिशन पर था। प्लेन में अचानक गंभीर तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते पायलट को आपात स्थिति में विमान से बाहर निकलना पड़ा।

प्लेन के क्रैश होते ही आसपास के ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस और वायुसेना अधिकारियों को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलने पर बाड़मेर के जिला कलेक्टर निशांत जैन और एसपी नरेंद्र सिंह मीणा मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने प्रत्यक्षदर्शियों से बातचीत कर घटना के बारे में जानकारी ली।

भारतीय वायुसेना ने भी एक्स पर इस हादसे की जानकारी देते हुए बताया कि बाड़मेर सेक्टर में हो रहे नियमित रात्रि प्रशिक्षण मिशन के दौरान मिग-29 में गंभीर तकनीकी खराबी आ गई थी। वायुसेना ने यह भी पुष्टि की कि पायलट पूरी तरह सुरक्षित है और इस घटना में किसी प्रकार की जान-माल की हानि नहीं हुई है।

### जांच के आदेश

इस घटना की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दे दिए गए हैं, जो इस हादसे के कारणों की जांच करेगी। हादसे के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल जरूर था, लेकिन पायलट की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया और कोई भी हताहत नहीं हुआ। यह घटना एक बार फिर से वायुसेना की तत्परता और पायलटों की दक्षता को उजागर करती है, जिनके कारण इस तरह के हादसों में जान-माल की हानि से बचा जा सकता है।

पटेल इलेक्ट्रिकल्स एंड सोलर
PATEL
हमारी सेवाएं
रेसिडेंशियल
कमर्शियल
होटल, हॉस्पिटल
पेट्रोल पम्प
सभी जगहों में सोलर रूफटॉप लगाया जाता है
सब्सिडी एवं फाइनेंस सुविधाएं उपलब्ध
अब दिल नहीं बिजली बिल छोटा कीजिये
8889999485, 9201681616
मोतीनाथ मंदिर भरकापारा
राजनांदगांव 491441

## अरविंद केजरीवाल-आतिशी को एचसी से झटका, कोर्ट ने मानहानि केस खारिज करने से किया इनकार



नई दिल्ली। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को करारा झटका लगा है। सीएम केजरीवाल पहले ही दिल्ली शराब घोटाले मामले में सीबीआई की गिरफ्त में दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद हैं। वह जेल से कब बाहर आएंगे, उन्हें कब जमानत मिलेगी, इसका अभी तक कुछ पता नहीं, लेकिन उससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल के साथ-साथ आप नेता आतिशी को भी करारा झटका दिया है। कोर्ट ने मानहानि केस में कार्यवाही रद्द करने से इनकार कर दिया है।

### आप नेताओं को हो सकती है जेल

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिल्ली हाईकोर्ट ने 6 साल पुराने मानहानि केस में आज सुनवाई की है। केजरीवाल ने कोर्ट ने एक याचिका दायर करते हुए कार्यवाही रद्द करने की मांग करते हुए राहत की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए कार्यवाही रद्द करने से इनकार कर दिया है। इससे ना सिर्फ सीएम केजरीवाल की, बल्कि आतिशी की भी मुश्किलें बढ़ गई है। अगर कोर्ट का फैसला आप नेताओं के खिलाफ गया, तो केजरीवाल के साथ-साथ आतिशी को भी मानहानि केस में अधिकतम 2 साल की जेल की सजा हो सकती है।

अरविंद केजरीवाल के साथ आप के कुछ अन्य नेताओं ने 2018 में बीजेपी पर आरोप लगाया था कि भाजपा के दबाव में आकर चुनाव आयोग ने मतदाता सूची से 30 लाख वोटरों के नाम हटा दिए हैं। उन 30 लाख वोटरों में मुस्लिम और बनिया वोटर थे। इसको लेकर बीजेपी नेता राजीव बब्बर ने आप नेताओं के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया और कहा कि बीजेपी की छवि धूमिल करने की कोशिश की जा रही है।

राजीव बब्बर ने अरविंद केजरीवाल और आतिशी के अलावा सुशील कुमार गुप्ता और मनोज कुमार के खिलाफ शिकायत की थी। इसी केस में कार्यवाही रद्द करने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कोलकाता रेप केस : लंबी पूछताछ के बाद आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष गिरफ्तार



कोलकाता। कोलकाता रेप और मर्डर केस में आखिरकार सीबीआई ने 15 दिनों की पूछताछ के बाद आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल डॉ संदीप घोष को गिरफ्तार कर लिया है। संदीप घोष की गिरफ्तारी भ्रष्टाचार के आरोप में की गई है। घोष को पूछताछ के लिए सीजीओ कॉम्प्लेक्स से कोलकाता के निजाम पैलेस स्थित सीबीआई कार्यालय लाया गया। सीबीआई की एंटी करप्शन यूनिट संदीप घोष के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रही है। यह यूनिट निजाम पैलेस के कार्यालय में स्थित है। एंटी करप्शन यूनिट यूनिट ने आरजी कर अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं में कथित संलिप्तता के आरोप में घोष को गिरफ्तार किया है। सीबीआई की एफआईआर में कथित वित्तीय अनियमितताओं के मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 420 और धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया गया है। संदीप घोष को 15 दिनों तक चली पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि 9 अगस्त की सुबह एक पोस्टग्रेजुएट महिला ट्रेनी डॉक्टर से रेप और हत्या की जांच के सिलसिले में घोष से पूछताछ की जा रही थी। साथ ही घोष के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला भी दर्ज किया गया था। सीबीआई इस केस में संदीप का दो बार पॉलीग्राफ टेस्ट भी कर चुकी है। उनके अलावा 6 अन्य लोगों का भी टेस्ट हो चुका है।

### सीबीआई ने घोष से की पूछताछ

सीबीआई ने संदीप घोष से अस्पताल के बुनियादी ढांचे, शवों को सुरक्षित रखने और पोस्टमार्टम करने में शामिल प्रोटोकॉल के बारे में पूछताछ की थी। पांच सदस्यीय टीम ने अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मचारियों से बात की, जिसमें फोरेंसिक विभाग के प्रमुख और वर्तमान उपप्राचार्य डॉ. सप्तर्षि चटर्जी शामिल थे। ये जांच अस्पताल के पूर्व उप अधीक्षक अख्तर अली द्वारा भ्रष्टाचार के लगाए गए आरोपों के बाद शुरू की गई है।

## लंबित मामले कम करने के लिए सीजेआई का बड़ा ऐलान, कानून मंत्री बोले- बदलनी होगी तारीख पर तारीख की संस्कृति

नई दिल्ली। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को भारत मंडपम में आयोजित जिला न्याय पालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि लंबित मामलों की संख्या को कम करने के लिए एक ठोस योजना बनाई गई है।

उन्होंने बताया कि इस योजना के तीन मुख्य चरण हैं। जिसमें पहले चरण में जिला स्तर पर मामलों के प्रबंधन के लिए समितियों का गठन किया जाएगा। ये समितियां लंबित मामलों और रिकॉर्ड की स्थिति की जांच करेंगी। दूसरे चरण में, उन मामलों का निपटारा किया जाएगा जो 10 से 30 वर्षों से अधिक समय से लंबित हैं। तीसरे चरण में, जनवरी 2025 से जून 2025 तक दस वर्षों से अधिक समय से लंबित मामलों की सुनवाई की जाएगी। इसके लिए विभिन्न तकनीकी और डाटा प्रबंधन प्रणालियों की जरूरत होगी।लंबित मामलों से निपटने के अन्य उपायों में विवादों का समाधान करने की पहल भी शामिल है। हाल ही में, सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की, जिसमें 1,000 से ज्यादा मामलों का समाधान किया गया।

मुख्य न्यायाधीश ने आगे यह भी कहा, हमें यह स्थिति बदलनी होगी कि हमारे जिला न्यायालयों में केवल 6.7 फीसदी इन्फ्रास्ट्रक्चर ही महिलाओं के अनुकूल है। आज के समय में जब कुछ राज्यों में भर्ती में 60 फीसदी से 70 फीसदी महिलाएं हैं, तो क्या यह स्वीकार्य है? हमारी प्राथमिकता है कि न्यायालयों तक पहुंच को बढ़ाया जाए। इसके लिए हम इन्फ्रास्ट्रक्चर का ऑडिट करेंगे, कोर्ट में मेडिकल सुविधाएं आदि स्थापित करेंगे और ई-सेवा केंद्र व वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग उपकरणों का उपयोग बढ़ाएंगे। इन प्रयासों का मकसद न्याय तक सभी की पहुंच को आसान बनाना है।

उन्होंने कहा, इसके साथ ही हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि हमारे न्यायालय समाज के सभी लोगों के लिए सुरक्षित और अनुकूल हों, खासतौर पर महिलाओं, दिव्यांगों, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य संवेदनशील समूहों के लिए।

### बदलनी होगी तारीख पर तारीख की पुरानी संस्कृति- कानून मंत्री

वहीं, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा, भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और लोकतंत्र की जननी कहा जाता है। सुप्रीम कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ हमारे लिए गर्व का विषय है। आज, न्यायपालिका में विभिन्न स्तरों पर काम करने वाले सभी महान लोगों का एक ही लक्ष्य है- विकसित भारत का निर्माण। उन्होंने आगे कहा, एक अच्छी न्याय प्रणाली का होना जरूरी है, ताकि नागरिक अपनी पूरी क्षमता से राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में जिला न्यायपालिका के सभी पहलुओं पर विस्तार से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

अशोका आई.टी.आई.
ASHOKA GROUP OF INSTITUTIONS RAJNANDGAON
NCVT-DGET नई दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
कोपा (Computer) 10 वीं पास 1 वर्षीय कोर्स
स्टेनो 10 वीं पास 1 वर्षीय कोर्स
इलेक्ट्रीशियन 10 वीं पास 2 वर्षीय कोर्स
वॉयरमैन 8 वीं पास 2 वर्षीय कोर्स
अशोका डिग्री कॉलेज
B.A. | B.COM | PGDCA
8319493983, 7000629783, 8602502398
ग्राम- तोरनकट्टा, मनकी पेट्रोल पंप के पास,जी.ई. रोड, पोस्ट- सोमनी, राजनांदगांव (छ.ग.)
ऑफिस: 99813-60623 | ashokaiti2019@gmail.com

# विधानसभा अध्यक्ष एवं उप मुख्यमंत्री ने जिले की लखपति दीदीयों का लखपति प्रमाण प्रदाय कर किया सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह तथा उप मुख्यमंत्री, गृह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में राष्ट्रीय आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली जिले की लखपति दीदीयों का लखपति प्रमाण प्रदाय कर सम्मानित किया गया।

ग्राम पंचायत टेड़ेसरा में सीआरजीबी बैंक में कार्यरत बैंक मित्र श्रीमती कीर्ति यादव द्वारा महज 15 दिन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा छोटे-छोटे व्यापार की शुरूआत की योजना प्रधानमंत्री मुद्रा स्वयं सिद्धा योजना के तहत जरूरतमंद 54 बिहान समूह सदस्यों को मुद्रा स्वयं सिद्धा ऋण का प्रकरण तैयार कर राशि का वितरण कराया है। जिससे समूह के सदस्य अपने स्वयं के छोटे-छोटे व्यापार प्रारम्भ कर सके साथ ही श्रीमती कीर्ति यादव स्वयं भी समूह से जुड़कर लखपति दीदी बन चुकी हैं, इसी प्रकार ग्राम पार्रीखुर्द की समूह सदस्य श्रीमती दिव्या निषाद एवं ग्राम तोरणकट्टा की श्रीमती चंद्रकला यादव ने बिहान समूह से जुड़कर अपने व अपने परिवार को गरीबी से ऊपर उठाकर आजीविका प्रारम्भ करते हुए अपने व अपने परिवार की वार्षिक आय एक लाख रूपए से अधिक करते हुए लखपति दीदी बन गई है। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष तथा उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री को समूह की सदस्यों द्वारा समूह द्वारा निर्मित सामग्री कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह द्वारा भेंट किया गया।

# आज युगांतर में दो दिवसीय स्किल फेस्ट का भव्य आयोजन

## अंग्रेजी, हिन्दी, आर्ट, विज्ञान, गणित व कामर्स सहित सभी विषय की प्रदर्शनी का भी वृहद आयोजन



राजनांदगाँव (दावा)। भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में आज 3 सितंबर तथा कल 4 सितंबर को प्रातः 10 बजे से दो दिवसीय स्किल फेस्ट का भव्य आयोजन रखा गया है, जिसमें विज्ञान प्रदर्शनी सहित अंग्रेजी, हिन्दी, आर्ट, विज्ञान, गणित व कामर्स सहित सभी विषय की प्रदर्शनी का भी भव्य आयोजन होगा। आज 3 सितंबर को कक्षा 6 से कक्षा 12 तक तथा कल 4 सितंबर को पूर्व प्राइमरी तथा प्राइमरी तक के विद्यार्थी अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे।

इस सन्दर्भ में विद्यालय के प्राचार्य डॉ मधु पी चौधरी ने बताया कि इस भव्य प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षण वाइस कमांड से संचालित होने रोबोटिक्स मॉडल, अंतरिक्ष (स्पेस) स्टेशन सहित अत्याधुनिक तकनीकी को प्रदर्शित करते हुए कई मॉडल्स रहेंगे। इसके अलावा भव्य प्रदर्शनी में करीब पांच सौ प्रस्तुतियाँ अपनी ज्ञानवर्धक मधुरिमा बिखेरेंगे। नाना प्रकार के आधुनिक तकनीकी से आधारित मॉडलों का प्रदर्शन किया जाएगा, जिनको लेकर विद्यार्थियों और उनके पालकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी सहित युगांतर परिवार ने सभी विद्यार्थियों व उनके पालकों से इस भव्य आयोजन की सफलता की कामना करते हुए इस भव्य आयोजन में अपनी उपस्थिति के साथ अपनी रचनात्मक सहभागिता दर्ज करने का अनुरोध किया है।

# छत्तीसगढ़ कर्मचारी संघ के 23 दिन हड़ताल जारी, शासन-प्रशासन मौन



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ के तत्वाधान में आज 23 वे दिन अपनी नव शुत्री मांगो को लेकर अनवरत डटे हुए है, जिसमें नौ सूत्रीय मांगों को लेकर नियमतिकरण स्थाईकरण आकस्मिक कार्य भरित को लेकर रायपुर के टूटा के धरना स्थल में जुटे हुए हैं। वन कर्मचारी संघ के संघ के तेंदूपत्ता गोदाम चौकीदार बैरियर नाका कम्प्यूटर ऑपरेटर नर्सरी वाहन चालक सहायक गोदाम ऑपरेटर डाक रनर श्रीमिक को लेकर डटे हुए है, लेकिन सरकार द्वारा मोदी के संकल्प पत्र के 100 दिन में वादे को पूरा करने को संकल्प लिया गया था जो की अधूरा है कर्मचारी में रोश व्याप्त है हम लोगों का सरकार द्वारा मांगों को अनदेखी किया जा रहा हैं। जैसे कर्मचारी में रोश उत्पन्न है की आने वाले दिन में मंत्रियों के बंगले का एवं विधानसभा का घेराव किया जागेगा। जिसका जवाबदारी शासन का रहेगा छत्तीसगढ़ कर्मचारी संघ के 23 दिन हड़ताल जारी शासन-प्रशासन मौन है। उक्त जानकारी संघ सदस्य मनोज साहू ने दी।

## शत्रुहन लाल देवांगन का निधन



राजनांदगांव (दावा)। शहर के ठेठवार पारा वार्ड 37 निवासी शत्रुहन लाल देवांगन का सोमवार सुबह निधन हो गया। 55 वर्षीय शत्रुघन पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे। वो मीडिया कर्मी रोहित देवांगन के पिता थे। अंतिम संस्कार शहर के मठपारा लखोली स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

## शिवलाल साहू का निधन



डोंगरगांव (दावा)। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड मटिया निवासी शिव कृषि केंद्र के संचालक शिवलाल साहू पिता पदुमलाल साहू 35 वर्ष का आकस्मिक निधन 2 सितंबर को हो गया है. शिवलाल 3 पुत्री और एक पुत्र के साथ भरापूरा परिवार छोड़ गए. उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मटिया के मुक्तिधाम में किया गया.

## सुरेश यादव का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। अमित यादव के पिता सुरेश यादव का स्वास्थ्य खराब होने के कारण उनका निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक गुण उपस्थित हुए।

## महंत बंशीदास का निधन



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम मुड़पार (सुरगी) निवासी महंत बंशीदास मानिकपुरी का बीती रात्रि 11 बजे निधन हो गया। वे 75 वर्ष के थे तथा कुछ समय से अस्वस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर दो बजे ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में परिजन, सामाजिक जन, कबीर पंथी एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। स्व. श्री महंत अपने पीछे धर्मपत्नी एवं दो पुत्रों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए।

## महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज की महिलाओं ने मनाया सावन महोत्सव



डोंगरगढ़ (दावा)। स्थानीय महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज की महिलाओं के द्वारा मां बमलेश्वरी परिसर में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर सावन माह में मनाया जाने वाला सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से श्रीमती नीलिमा ढोमणे, श्रीमती ममता बहेकर, श्रीमती नीलिमा मस्के श्रीमती मीना बहेकर, श्रीमती सुनंदा हाडगे, श्रीमती स्वस्तिका हाडगे, श्रीमती रक्षा तांबेकर, श्रीमती कविता मस्के,श्रीमती अनिता काळबांधे, श्रीमती सरिता काळबांधे सहित समाज की सभी महिलाओं ने नीचे मंदिर में शंकर मंदिर प्रांगण में हर्ष उलाश के साथ समाज में एक जुट होकर सावन उत्सव को और भव्यता प्रदान की। ताकि समाज में मित्रीभाव बढ़े और समाजीकगण सभी कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले।

# मछुआ सहकारी समितियों की कार्यशाला संपन्न

**नवीन मत्स्य नीति के संबंध में दी गई जानकारी**



राजनांदगांव (दावा)। जिले में पंजीकृत मछुआ सहकारी समितियों के आर्थिक विकास हेतु कार्ययोजना बनाने एवं मछली पालन में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में विकासखंडवार समितियों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कार्यालय जनपद पंचायत सभागृह राजनांदगांव, शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र अछोली डोंगरगढ़ एवं शासकीय मत्स्य बीज प्रेक्षत्र कोकपुर में किया गया। कार्यशाला में नवीन मत्स्य नीति के अनुसार समितियों का पंजीयन, उपविधि संशोधन, निर्वाचन, अंकेक्षण सहित अन्य विषयों के संबंध में जानकारी दी गई।

कार्यशाला में बहुत पुराने मत्स्य समितियों का पंजीयन होने पर समिति के कार्य क्षेत्र एवं समय-समय पर नवीन पंचायतों का नाम उनके उपविधि में लिखा नहीं होने से विवादों के निपटारे के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यशाला में बताया गया कि निर्वाचित पदाधिकारियों की संख्या में उपविधि के अनुसार भिन्नता है, तो जिससे निर्वाचन में समस्या होती है। दस्तावेजों का संधारण नहीं करने पर अंकेक्षण समय पर नहीं होता है। शासन द्वारा जारी नवीन मछली पालन नीति में निहित शर्तों एवं प्रावधानों की जानकारी मछुआ सहकारी समितियां को नहीं होने से वाद विवाद की स्थिति निर्मित होती है। इन समस्याओं के समाधान के लिए नए नियमों एवं तालाब आबंटन के प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही सदस्यों को मछली पालन की नवीन तकनीक के बारे में विस्तार से बताया गया।

# पंचमुखी गणेश उत्सव के बिक्कू सिंह अध्यक्ष, आयुष्मान बने सचिव



**म्यूनिस्पल स्कूल ग्राउंड में शिव गुफा व माता वैष्णोदेवी गुफा की झांकी हो रही तैयार, मीना बाजार भी रहेगा आयोजित**

राजनांदगांव (दावा)। शहर में पहली बार म्युनिसिपल स्कूल मैदान में पंचमुखी गणेश उत्सव समिति द्वारा गणेश प्रतिमा की स्थापना की जा रही है। इसके लिए एक समिति का गठन किया गया है जिसके अध्यक्ष बिक्कु सिंह, सचिव आयुष्मान सिंह को बनाया गया है। अन्य पदाधिकारियों में तरुण चंद्रवंशी उपाध्यक्ष व उमेश गुप्ता कोषाध्यक्ष तथा विमल चंद्रवंशी को सह सचिव बनाया गया है। इसी तरह सदस्यगणों में जय साहू, विकास साहू, आयुष गुप्ता, युवराज सिंह, गौरव सोरी, समीर साहू, अरुण चंद्रवंशी, साहिल सेन, विक्की यादव, राहुल जांगड़े, ऋषि सोनी, लूमोस निर्मलकर, आंसू चौहान, दिव्यांश ठाकुर, वैभव अग्रवाल आदि है।

समिति के अध्यक्ष बिक्कु सिंह ने बताया कि पहली बार म्युनिसिपल स्कूल मैदान में स्थापित किए जा रहे भगवान गणेश की मनोहारी प्रतिमा की दोनों प्रहर पूजा-अर्चना की धूम रहेंगी। वही गणेशोत्सव स्थल में बनाए जा रहे भगवान शिव की गुफा सहित मां वैष्णो देवी का गुफा की आकर्षक झांकी भी आकर्षण का केंद्र बना रहेगा। इसके अलावा यहां गणेशोत्सव पर्व के 11 दिनों तक मीना बाजार प्रदर्शनी का भी जलवा बना रहेगा। पंचमुखी गणेश उत्सव समिति द्वारा इसकी भव्य तैयारियां की जा रही है।

# महावीर सनसिटी में गणेश महोत्सव की भव्य तैयारी शुरु



महावीर सन सिटी परिवार गणेश चतुर्थी महोत्सव

राजनांदगांव (दावा)। महावीर सन सिटी परिवार में पूरे वर्ष के और शहर के बहुप्रतीक्षित महापर्व गणेश चतुर्थी मनाने की भव्य तैयारी ऊर्जावान अध्यक्ष आनंद चोपड़ा के नेतृत्व में पिछले कई दिनों से चल रही है, जिसका बेसब्री से इंतजार सन सिटी के सभी वर्गों को रहता है, ग्यारह दिन तक मानों सनसिटी में भव्य मेला लगा हो ऐसा प्रतीत होता है।

सर्वप्रथम बुधवार 7 सितंबर को दोपहर 3 बजे सनसिटी स्थित क्लब हाउस से बाजे गाजे, ढोल की थाप के साथ भव्य शोभायात्रा निकलेगी जो पूरे सन सिटी भ्रमण करते हुए गणेश मंडप पहुंचेगी। शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया जायेगा। शाम 5.30 बजे स्थापना पूजा तथा आरती होगी, जिसमें मुख्य यजमान अशोक नीलू अग्रवाल परिवार होंगे। इसी दिन रात्रि 8 बजे से कार्यक्रम की ओपनिंग सेरेमनी इंटरटेनमेंट कान्हा, रचित, प्रथम, शुभम ग्रुप के द्वारा होगी, प्रतिदिन सुबह, शाम पूजा व आरती होगी जिसमें रोज अलग-अलग परिवार बैठेंगे।

रोजाना रात्रि 8 बजे से एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में 8 सितंबर को बॉलीवुड थीम फैशन शो होगा जिसके प्रभारी कीर्ति अग्रवाल, देविका मानेक, निशा डागा, साक्षी पहाड़े होंगे। 9 सितंबर को शानदार धन वर्षा हाऊजी रखी गई है, इसके प्रभारी सुशील व कृष्णा माहेश्वरी होंगे। इसके बाद कीर्ति अग्रवाल, गीता डागा, नीलू अग्रवाल, किरण खोटले के द्वारा धमाकेदार कपल व फैमिली गेम कार्यक्रम कराया जायेगा। 10 सितंबर को धमाकेदार म्यूजिकल अंताक्षरी होगी जिसके प्रभारी श्रद्धा पांडे, रितिका पांडे तिवारी, दीप्ति बिंदल व कान्हा शर्मा होंगे।

इसी कड़ी में 11 सितंबर को श्री गणेश को छप्पन भोग लगेगा एवं महापूजा तथा आरती होगी। छप्पन भोग हेतु प्रभारी शांता माहेश्वरी, राखी मलानी, नीलू अग्रवाल, पिंकी माहेश्वरी, पूजा बक्शी हैं। इसके पश्चात महारास गरबा के प्रभारी देविका, मानेक, रूपा कोटक, प्रगति साहिता, प्रिया भोजानी, योगेश कोटक, मनीष साहिता, कीर्ति भोजानी होंगे। 12 ता. को मोम एंड मी, फादर एंड मी डांस का अनोखा शो होगा जिसके प्रभारी विभा गुप्ता, अर्पिता जेठानी, उन्नति जैन, रुचि श्रीवास्तव, मनीषा देवांगन होंगे। 13 सित. को अमिताभ बच्चन का महा शो ग्रैंड मस्ती केबीसी के प्रभारी रूपाली गांधी, ट्विंकल चोपड़ा, तान्या अग्रवाल व कान्हा होंगे। 14 ता. को कॉमेडी नाइट्स रखी गई है जिसके प्रभारी दीप्ति बिंदल, नीलम सोनी, जसप्रीत कौर, ट्विंकल व कान्हा होंगे। 15 सितंबर को राहुल कोठारी व विशाल शर्मा द्वारा रॉक एन रोल विथ एडवेंचर गेम्स कराया जायेगा। 16 सितंबर को एक नया कार्यक्रम बॉलीवुड नाईट होगा जिसके प्रभारी दीप्ति बिंदल, पिंकी माहेश्वरी, रितिका तिवारी, राहुल कोठारी होंगे। उत्सव के ग्यारहवें दिन 17 सितंबर को सुबह 9 बजे से हवन पूजन तथा आरती के पश्चात दोपहर 12 बजे से महाप्रसादी भोजन होगा। दोपहर ठीक 2 बजे से श्री गणेश का विशाल विसर्जन जुलूस सन सिटी भ्रमण करते हुए धुमाल के साथ निकलेगा जो शिवनाथ नदी जायेगा।

श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव को भव्य एवं सफल बनाने में अध्यक्ष आनंद चोपड़ा के साथ कार्यकारी अध्यक्ष सुशील माहेश्वरी, सचिव दिलीप गोलछा, कोषाध्यक्ष राजेश डागा कार्यक्रम संयोजक अतुल चोपड़ा, अशोक अग्रवाल के साथ विनय गोयल, प्रवीण गुप्ता तथा महावीर ग्रुप के चेयरमैन भाई विनोद बोहरा के साथ ही पूरी कार्यकारिणी की टीम लगी हुई है। श्री गणेश चतुर्थी पर्व हेतु पूजा प्रभारी में राजेश डागा, गोविंद मलानी, ओमप्रकाश पोरवाल, सारंग पहाड़े व राजेश गुप्ता अग्रहरि हैं जो विगत वर्षों से सेवा दे रहे हैं, प्रतिदिन रात्रि हाई टी की व्यवस्था सचिव दिलीप गोलछा, राजेश सोनी उपहार, विनय गोयल लालू सांखला व टीम द्वारा देखी जायेगी, मूर्ति स्थापना तथा विसर्जन जुलूस की व्यवस्था सन सिटी कैरम क्लब व सन सिटी बैडमिंटन ग्रुप द्वारा देखी जायेगी, आशीर्वाद मंडल सन सिटी सीनियर सिटीजन ग्रुप है जिनका मार्गदर्शन सतत प्राप्त होता है। उक्त जानकारी पीआरओ मनीष साहिता, योगेश कोटक द्वारा दी गई।

## लक्ष्मीदेवी शर्मा का निधन



राजनांदगांव (दावा)। रामनगर, श्रीहरिपुरम निवासी श्रीमती लक्ष्मीदेवी शर्मा सोमवार दोपहर बैकुंठवासी हो गई। उन्होंने अस्पताल में अंतिम साँसें ली। स्वर्गीय जगदीश प्रसाद शर्मा की धर्मपत्नी रहीं श्रीमती लक्ष्मीदेवी का स्वास्थ्य विगत कुछ समय से खराब चल रहा था। कल रात ही उन्हें अस्पताल में भर्ती भी कराया गया था। अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती रहीं श्रीमती लक्ष्मीदेवी को चिकित्सकों ने बचाने की कोशिश की लेकिन वह सफल नहीं हो पाये, उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार सुबह साढ़े 9 बजे निर्धारित है। वह जेबी स्टोर के संचालक राकेश सहित आरपी शर्मा, रवि शर्मा की माताश्री थी। नेशन अलर्ट के संस्थापक संपादक आशीष शर्मा की छोटी बहन श्रीमती आरती राकेश शर्मा की वह सासुमां थी। श्रीमती लक्ष्मीदेवी प्रफुल्ल व रावल की दादी थी।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक मनोरंजन से भरपूर
संघर्ष एक जंग
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - अर्थ चन्द्रा, नेहा पाणिग्रही, अजय पटेल, संतोष सम्राट तिवारी आदि


आगामी ता. 6 से तही मोर आशिकी
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
30th Aug to 05th SEP 2024
silver SCREEN


Stree 2 - 12:00, 12:15, 03:00, 03:30, 06:00, 09:00 & 09:30 pm
Ae Dada Re (C.G) - 12:30 & 03:15 pm
Aho Vikramaarka (Hindi) - 06:15 and 09:15 pm
The Diary of West Bengal (Hindi) - 06:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# कोसरिया यादव समाज ने किया प्रज्ञा गुप्ता का सम्मान



**शिक्षा के क्षेत्र में योगदान हेतु**

राजनांदगाँव (दावा)। कोसरिया यादव समाज जन्माष्टमी पर्व महोत्सव के समापन अवसर पर सम्मान समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थे। जिसमें नगर के विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान देने वालों का सम्मान किया गया।

जिसमें नगर में शिक्षा क्षेत्र में अपना योगदान देने के लिए शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय की पूर्व जनभागीदारी की अध्यक्ष पूर्व पार्षद श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता का सम्मान किया गया। प्रज्ञा गुप्ता द्वारा विज्ञान महाविद्यालय में अपने 5-6 वर्षो के जनभागीदारी अध्यक्षीय कार्यकाल में महाविद्यालय के उत्तरोत्तर विकास में अपना भरपूर योगदान दिया। प्रज्ञा गुप्ता के कार्यकाल में महाविद्यालय में अधूरे भवन, 14 कमरों, एक हॉल व बहुउद्देश्यीय कक्ष का निर्माण हुआ जिसका लोकार्पण मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा हुआ। विभिन्न विषयों का आरंभ पी.जी. कक्षाओं का आरंभ हुआ, महाविद्यालय में खेल मैदान निर्माण की मांग श्री भूपेश बघेल मुख्यमंत्री द्वारा मिनी स्टेडियम स्वीकृत किया गया। छात्र सुविधा के कार्य,पी.सी. रोड का निर्माण हुआ। राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम बार नैक में छ.ग. के महाविद्यालय में सांइस कॉलेज राजनांदगांव को बी. प्लस की रैकिंग हासिल हुई।

उक्त सम्मान हेतु श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता ने जिला कोसरिया यादव समाज के जिला अध्यक्ष मन्ना यादव, संगठन प्रभारी भोला यादव, जिला महिला अध्यक्ष श्रीमती शीला यादव, नगर महिला अध्यक्ष मधु यादव, आयोजन अध्यक्ष श्रीमती संतोषी यादव, नगर अध्यक्ष सूरज यादव, युवा अध्यक्ष हरीश यादव का आभार व्यक्त किया है।

## छात्रावास संचालन हेतु किराए के भवन की आवश्यकता

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास राजनांदगांव (100 सीटर) के संचालन हेतु किराए में सर्व सुविधायुक्त निजी भवन की आवश्यकता है।

किराए पर देने के लिए इच्छुक निजी भवन स्वामी 16 सितम्बर तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक 66 में विभागीय उप अभियंता से कार्यालयीन समयावधि में संपर्क कर अभ्यावेदन जमा कर सकते हैं।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-5-0
130-4 169-6
राजधानी
3-7-9
280-0 690-5

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# कांग्रेस बोली- बंगाल की घटना पर भाजपाई मचा रहे हल्ला, प्रदेश में हो रही घटनाओं पर साध रखी है चुप्पी

बीजापुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने प्रेस वार्ता कर कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश और केंद्र की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि 8 माह के भाजपा सरकार के राज में छत्तीसगढ़ में महिलायें असुरक्षित हो गयी है और रोज-रोज प्रदेश में कहीं न कहीं सामूहिक बलात्कार की घटना हो रही है जो बेहद चिंताजनक है। इससे बड़ा दुर्भाग्यजनक क्या हो सकता है, राजधानी में महिलायें सुरक्षित नहीं है। रायपुर नया बस स्टैण्ड में एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म होता है। दूसरे दिन रिपोर्ट लिखा गया। उसमें भी सामूहिक दुष्कर्म को नकार दिया गया। बलात्कार का रिपोर्ट लिखा गया, यहां भी पुलिस अपराधियों को सजा देने के बजाय उन्हें बचाने में भाजपा की सरकार लगी है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महामंत्री एवं जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार के 8 माह के कार्यकाल में महिलायें खुले में बाहर निकलने में भयभीत हो रही है। बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि अभी तक 8 माह में प्रदेश में महिलाओं के प्रति 3094 अपराध हुये है और 600 से अधिक बलात्कार की घटना हुई है। विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि भिलाई के डीपीएस स्कूल में 4 साल की मासूम बच्ची के साथ दुराचार की घटना हो गयी। भिलाई के बच्ची के साथ दुराचार के मामले में दो-दो डॉक्टरों ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि बच्ची के साथ गलत हुआ है। उसके बाद एसपी मामले को नकारते हैं।

# पोला पर सरपट दौड़े बैल, बैल दौड़ स्पर्धा की रही धूम

○ पर्व पर पूंजे गए शिववाहन नंदी बैल- सजे संवरे बैल रहे आकर्षक के केन्द्र
○ आज मारबोत पुतले की पिटाई करते हुए किया जाएगा दहन



राजनांदगांव (दावा)। भादो मास की अमावस्या तिथि को शहर सहित पूरे जिले भर में पोला का पर्व पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। खेती कार्यों से लगभग निवृत्त हो चुके किसान पोला के दिन अपने बैलों को सुबह से ही नहला धुला कर लाकर उसके पूजा की।

इस दौरान बैलों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था उसमें भगवान शिव के वाहन नंदी का रूप देखकर उसकी पूजा अर्चना की गई। किसानों का यह एक प्रकार से उनके कृषि कार्यों में साथ देने वाले बैलों के प्रति आभार प्रकट करना है।

पोला के दिन मिट्टी से बने नंदी बैल व बच्चों के खिलौने पोरा-जाता की भी पूजा की गई। घर-घर में पकवान बनाए गए और इनकी पूजा-अर्चना के साथ इन पर चढाया गया तत्पश्चात घर- परिवार वाले इन सुस्वादु व्यंजनों का मिल बैठकर आनंद लिया गया। बता दें कि पोला पर्व के चलते शहर सहित गांव देहात क्षेत्रों में पर्व का उल्लास देखा गया। नंदी रूप में सजे बैलों को देखकर लोग भक्तिभावना से पूरित हुए वहीं उल्लास के क्षणों में युवाओं द्वारा नारियल फेंक स्पर्धा का आयोजन कर मस्ती व मनोरंजन के रंग बिखेरे। इसी तरह छोटी लड़किया व बच्चे पोरा-जाता के खेल में निमग्न रहे। इससे पर्व की खुशियां चहुंओर बिखरी रही।

### बैल दौड़ स्पर्धा की धूम

सोमवार 2 सितंबर को शहर सहित पूरे अंचल भर में पोला पर्व की धूम रही। जगह-जगह बैलदौड़ स्पर्धा के आयोजन किए गए, जिसमें आसपास के वार्ड मुहल्लों सहित गावों की बैल जोडियाँ भाग लेने शामिल रही। शहर में बाल समाज द्वारा लखोली नाका चौक से गंज चौक व गंज लाईन तक बैल दौड़ स्पर्धा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में बैल जोडियों के अलावा एकल बैल व बछड़ों ने भी सरपट दौड लगाई। इस बैल दौड़ स्पर्धा को देखने लोगों की खासी भीड़ रही।

बैल दौड़ आयोजन के प्रमुख व बाल समाज के अध्यक्ष दामू भूतड़ा, कैलाश राठी, मनीष खंडेलवाल, सूर्यकांत जैन, गोपाल खंडेलवाल, पराग हुंका, मोहन मेश्राम, गोपाल शर्मा, नीरज माहेश्वरी आदि इस स्पर्धा में व्यवस्था बनाने जुटे रहे। सूर्यकांत जैन ने बताया कि बैलदौड़ स्पर्धा में भाग लेने वाले लोगों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय सहित सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस दौरान लखोली नाका चौक से गंज चौक व गंज लाईन गस्ती पेड़ तक लोगों की खासी भीड़ रही।

### मेले जैसा रहा माहौल

शहर के गंज चौक में हुई बैल दौड़ स्पर्धा के अलावा चिखली व गठुला सहित लखोली, सिंगदई आदि स्थानों में बैल दौड़ स्पर्धा का आयोजन किया गया। गंज चौक में आयोजित बैल दौड़ स्पर्धा के दौरान यहां मेले जैसा माहौल रहा। यहां बच्चों के खिलौने की दुकानें, मनिहारी दुकान, चाक-पकौडों के ठेले व अन्य दुकानें सजी हुई थी।

वही बच्चों के उछल कूद वाले, जम्पिंग नेट, रइचुली, ढेलवा, फुग्गे के आदि की दुकाने भी सजी रही, जहां दोपहर से लेकर देर शाम, रात तक लोगों का भीड़ भाड़ बना रहा व ग्राहकी भी बनी रही। लोगों ने रइचुली बेलवा सहित बालाजी मंदिर परिसर में लगे हवाई झूले, ट्राय ट्रेन आदि का आनंद लिया, चाट-पकौडे खाए व बैल दौड़ स्पर्धा का मजा लिया। ऐसे ही लखोली, चिखली, गठुला व अन्य बैल दौड प्रतियोगिता वाले स्थान आकर्षण के केन्द्र बने रहे।

### मारबोत पुतला का दहन

आज 3 सितंबर मंगलवार को महाराष्ट्र की ओर से आकर यहां बसे लोगों द्वारा मारबोत पुतला का दहन किया जाएगा। इस दौरान खासी-खोखली, ढेकुन -मोंगसा देय जा रे, का नारा लगाते हुए तथा मारवोत पुतले को झाड़ू आदि से मारते हुए वार्ड मुहल्लों के बाहर स्थान पर ले जाकर इसे जलाया जाता है। उक्त पुतले को मारते हुए ले जाने के कारण इसे मारबूत यानिकि मारे जाने वाला बूत (पूतला या प्रतिमा) कहा जाता है। जो कि वास्तव में पूतना नामक राक्षसी है। जो भगवान श्री कृष्ण के जन्म के बाद कंस के कहने पर उसे अपने जहरीले स्तन का दूध पिला कर मारने आई थी किंतु बाल कृष्ण ने उसे ही यमलोक पहुंचा दिया। लोगों को पता चलने पर उस राक्षसी की मरे हुए में और मारते हुए नगर के बाहर लेकर जलाया।

उस घटना को याद कर उसे राक्षसी का पूतला बना कर उसे मारते- पीटते हुए ले जाकर नगर के बाहर जलाया जाता है। यह उक्त घटना की पुनरावृत्ति है। इस दिन भगवान श्री कृष्ण के सहीं- सलामत बच जाने व उक्त राक्षसी के मर जाने की खुशियां मनाई जाती है, त्यौहार मनाया जाता हैं। आज इसका रंग देखने की मिलेगा, घेउंन जा रहे, मार भूत की गूंज सुनाई देगी।

## भक्त मंडल के महिलाओं द्वारा अग्रसेन भवन में भव्य कार्यक्रम आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। भक्त मंडल का भक्त मय कार्यक्रम 31 अगस्त 2024 शनिवार को भक्त मंडल के महिलाओं द्वारा अग्रसेन भवन में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया जिससें सभी ने 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक खुब आनंद लिया, इसमें भजन गायक कुमार गौरव जो कि कोलकता से आये व उन्होंने अपनी ओजस वाणी से अग्रत वर्षो की, सभी के ससयोग से कार्यक्रम सफल हुआ। उक्त जानकारी सरला लोहिया ने दी।

## एक ही महिला का दो अलग-अलग नामों से मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी

राजनांदगांव (दावा)। जूनीहटरी निवासी धन्नूलाल श्रीवास ने एक ही महिला के दो अलग-अलग नाम से मृत्यु प्रमाण-पत्र बनवाने की शिकायत की है। उन्होंने कहा कि गोलबाजार निवासी अमित एवं सुमित श्रीवास के पिता पूनम श्रीवास द्वारा अपनी मृत मां दया बाई के नाम से पहले तो मृत्यु प्रमाण-पत्र हासिल किया ही, बाद में अन्य लाभ के लिए अपनी मां का राधाबाई के नाम से दोबारा मृत्यु प्रमाण-पत्र झूठा हलफनामा देकर प्राप्त कर लिया। श्री श्रीवास ने दोषी व्यक्ति के खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही किए जाने एवं धोखाधड़ीपूर्वक शासन को गुमराह कर बाद में बनाए गए मृत्यु प्रमाण पत्र को शून्य घोषित किए जाने की मांग जिला कलेक्टर, निगम आयुक्त, पुलिस अधीक्षक एवं एसडीएम (राजस्व) से की है।

## स्टेडियम वार्ड में केदारनाथ मंदिर के होंगे दर्शन



श्री सेवा गणेशोत्सव समिति द्वारा गणपति प्रतिमा का भव्य स्वागत

राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री सेवा समिति द्वारा संचालित श्री गणेश उत्सव पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाने की तैयारी चालू कर दी गई है। श्री सेवा गणेशोत्सव समिति द्वारा पिछले 40 वर्ष से प्रतिवर्ष गणेश उत्सव का आयोजन किया जाता है। उसी प्रकार इस वर्ष भी गणेश उत्सव का आयोजन किया जाएगा और दिनांक 6 सितंबर 2024 को मुख्य चौराहे पर गणेश प्रतिमा का भव्य स्वागत किया जाएगा और 07 सितंबर 2024 को पूरे विधि-विधान से गणेश जी की मूर्ति स्थापना किया जाएगा। समिति द्वारा श्रद्धालुओं के दर्शन हेतु केदारनाथ मंदिर की झांकी का निर्माण कराया जा रहा है उक्त झांकी चलित झांकी होगी जिसमें विगत कुछ वर्षों पूर्व केदारनाथ धाम में बहुत ही भयंकर प्रलय आया था जिसमें जान माल की बहुत बड़ी क्षति हुई थी किंतु जैसा कि हम सबको मालूम है परमेश्वर की कृपा से वहां आए भयंकर प्रलय के बावजूद ईश्वर के साक्षात उदाहरण प्रस्तुत करते हुए एक विशाल भीम शिला पत्थर के रूप में आकर मंदिर एवं वहां केदारनाथ में शरण लिए हुए बहुत से लोगों की जान बचाकर ईश्वर के वहां केदारनाथ मंदिर में होने का साक्षात उदाहरण है उक्त थीम को दर्शाते हुए केदारनाथ प्रलय की चलित झांकी बनाई जा रही है जो कि समस्त जनमानस की आस्था से जुड़ा होने के कारण अधिक से अधिक लोगों के दर्शन करने की संभावना है और गणेश पंडाल को जंगल थीम पर सजाया जा रहा है उक्त वृहद पंडाल को बनाने के लिए विशेष रूप से कारीगरों की टीम पश्चिम बंगाल कोलकाता से बुलाई गई है जिनके द्वारा भव्य पंडाल का निर्माण किया जा रहा है एवं झांकी की मूर्तियां एवं साथ सजा हेतु भिलाई के वैष्णव जी द्वारा मूविंग झांकी का निर्माण किया जा रहा है। झांकी के मुख्य द्वार पर भगवान भोलेनाथ के आदियोगी की भव्य प्रतिमा द्वारा सुसज्जित किया गया है। श्री सेवा समिति द्वारा मनमोहक लाइट एवं डेकोरेशन का काम छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध शर्मा लाइट एंड डेकोरेशन दुर्ग के द्वारा कराया जा रहा है जो की प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मुख्य आकर्षण का केंद्र बनने जा रहा है। समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि 9 दिनों के गणेश पर्व में विभिन्न धार्मिक आयोजन आयोजित किए जाएंगे प्रथम दिन गणेश जी की स्थापना पूजा एवं अन्य दिनों में श्री हरि सत्संग मंडल द्वारा भजन संध्या का आयोजन दिनांक 9.9.2024 सोमवार शाम 8:00 बजे एवं दिनांक 15.9.2024 रविवार सुबह 11:00 बजे श्री गणेश जी के समक्ष 56 भोग का आयोजन किया जाएगा तथा दिनांक 17.9.2024 दिन मंगलवार दोपहर 3:00 बजे हवन पूजन एवं रात्रि कालीन भंडारा का आयोजन किया जाएगा एवं विसर्जन झांकी वाले दिन पूरी रात भक्तगण दर्शन एवं झांकी का आनंद ले पाएंगे गणपति विसर्जन के लिए निर्धारित तिथि 18 सितंबर 2024 बुधवार शाम 4:00 बजे का तय किया गया है श्री सेवा समिति सभी के सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए आप सभी को धन्यवाद ज्ञापित करती है। समिति सभी राजनांदगांव दर्शनार्थियों से किसी भी प्रकार के सुझाव सादर आमंत्रित है। बच्चों के मनोरंजन के लिए बलून वाले, झूले वाले, मिकी माउस, जंपिंग झूला, बच्चों के खिलौने, धार्मिक सामग्री, पुस्तक, मनोरंजन के लिए बहुत से गेम्स एवं जुरासिक पार्क, आदि लोगों को बच्चों के मनोरंजन के लिए आमंत्रित किया गया है जिस पर उन सभी लोगों ने आने पर सहमति जताई है।

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया एक्सपर्ट जिम का उद्घाटन



एक्सपर्ट जिम में निर्धन और विकलांग खिलाड़ियों को नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है

राजनांदगांव (दावा)। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज नंदई चौक स्थित एक्सपर्ट जिम का फीता काट के उद्घाटन किया और प्रभु राम व हनुमान जी के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर दीप प्रचलित किया।

तत्पश्चात एक्सपर्ट जिम समिति के अध्यक्ष तामेश्वर बंजारे, पूर्व राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मनीष गौतम, श्रीमती अंजू बंजारे, खिलेश्वर बंजारे, श्रीमती प्रतिमा बंजारे, तान्या बंजारे, एकता बंजारे, रिमझिम मैगी, भूमि सिंह आदि सदस्यों द्वारा बारी-बारी से उपस्थित सभी अतिथियों को बुके देकर और हार पहनाकर स्वागत, वंदन और अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर भूपेश बघेल ने जिम में लगी मशीनों का अवलोकन कर व्यायाम किया और वहां सभी उपस्थितजनों और खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जीवन में व्यायाम का महत्व उन्होंने बताया उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए और अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए कम से कम रोज आधा घंटा समय निकाल कर सभी को व्यायाम करना चाहिए जिससे कि शरीर में फुर्ती बनी रहे और शरीर स्वस्थ रहे तभी तन और मन स्वस्थ रहेगा।

ज्ञात हो कि इस एक्सपर्ट जिम से महेंद्र यदु ने विकलांग वर्ग में मिस्टर छत्तीसगढ़ होने का विगत 5 वर्षों से खिताब अपने नाम किया, साथ ही विकलांग वर्ग से ही लोकेंद्र यादव ने भी विगत 5 वर्षों से स्वर्ण पदक व कांस्य पदक जीतकर प्रदेश और शहर का नाम रोशन किया है।

इस अवसर पर पूर्व खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता बघेल, महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा, युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, कुतुबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, पदम कोठारी, रमेश खंडेलवाल, पूर्व सदस्य कर्मकार बोर्ड वीरेंद्र चौहान, प्रदेश सचिव रुबीना अल्वी, अशोक फडणवीस, मेहुल मारू, महेंद्र यादव, विकास त्रिपाठी, राजू खान, हनी ग्रेवाल, अमित चंद्रवंशी, शहर दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा,पार्षद क्रमशः अवधेश प्रजापति, विनय झा,शरद पटेल, मनीष साहू, श्रीमती भानु साहू,चंद्रकला देवांगन, रोशनी सिन्हा,नरेश शर्मा, सुरेंद्र देवांगन, विशु अजमानी,पोषण देशलहरे, किशन जोशी, श्रीमती समारीन जोशी, सुभाष हरिहारनो, ईश्वर पचभावे, सुरेखा पचभावे, सुलोचना मारकंडे, गोपेंद्र कुमार, राज खरे, उपेंद्र कुमार, रोशन दास आदि लोगों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## गणेश प्रतिमा निर्माण स्थल निरीक्षण कर प्रतिमा देख आयुक्त ने प्लास्टर आफ पेरिस का उपयोग नहीं करने संबंधी मूर्तिकारों से ली जानकारी

रेवाडीह कांजी हाउस पहुंच पैरा-कुट्टी, दाना-पानी के पर्याप्त भण्डारण के दिये निर्देश



राजनांदगांव (दावा)। आगामी गणेश पर्व के लिए बनने वाले गणेश प्रतिमा में प्लास्टर ऑफपेरिस का उपयोग नही करने पखवाडा पूर्व निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने शहर के गणेश प्रतिमा निर्माण करने वाले मूर्तिकारों से प्रतिमा निर्माण के लिये मिट्टी का उपयोग करने की अपील की थी, इसी परिप्रेक्ष्य में आज उनके द्वारा तकनीकी एवं स्वास्थ्य अधिकारी के साथ गणेश प्रतिमा निर्माण स्थल का निरीक्षण किया गया। आयुक्त ने रेवाडीह सहित अन्य कांजी हाउस का भी निरीक्षण कर मवेशियों के लिए दाना-पानी की पर्याप्त भंण्डारण के निर्देश दिए।

आयुक्त श्री गुप्ता ने गणेश प्रतिमा निर्माण स्थलों मे जाकर मूर्तिकारों द्वारा बनाए जा रहे गणेश प्रतिमा का निरीक्षण कर मूर्तिकारों से गणेश निर्माण की जानकारी ली। उन्होने कहा कि, शासन निर्देशानुसार प्लास्टर आफपेरिस की प्रतिमा का निर्माण पूर्णतः प्रतिबंधित है, क्योकि प्लास्टर आफपेरिस पानी में घुलता नहीं है और उससे नदी एवं तालाब का पानी प्रदुषित होता है। जिसे ध्यान में रखते हुये मिट्टी से ही गणेश प्रतिमा का निर्माण करना है। मूर्तिकारों ने जानकारी दी कि, मूर्ति निर्माण के लिए काली मिट्टी अथवा कछारी मिट्टी का उपयोग किया जाता है, तालाब के किनारे से मिट्टी लाकर पैरा मिलाकर मूर्ति का निर्माण किया जाता है। आयुक्त ने कहा कि, बडी-छोटी किसी भी प्रकार की प्रतिमा में प्लास्टर ऑफ पेरिस का उपयोग न करें, उपयोग करते पाए जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

इसी कड़ी में उनके द्वारा मोहारा नदी के समीप स्थित विसर्जन कुण्ड का निरीक्षण कर कुण्ड की सफाई करने, आस-पास की कटीली झाडिया काटकर साफ-सफाई कराने के निर्देश कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके को दिए।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री गुप्ता रेवाडीह कांजी हाउस पहुंच मवेशियों के लिए आवश्यक व्यवस्था की जानकारी ली। उपायुक्त श्री मोबिन अली ने बताया कि मवेशियों के दाना-पानी देने कर्मचारी रहते है, उनके द्वारा समय-समय पर दाना-पानी दिया जाता है। मवेशी छोड़ाने की स्थिति में कर्मचारी के द्वारा प्रभारी को सूचित किया जाता है तथा प्रभारी द्वारा नियमानुसार शुल्क लेकर रसीद काटकर मवेशी छोड़ा जाता है। आयुक्त ने कहा कि, कांजी हाउस में मवेशियों के लिए दाना-पानी, पैरा-कुट्टी का पर्याप्त भंण्डारण हो इसके लिए कर्मचारी सदैव तैनात रहे, किसी भी प्रकार की अव्यवस्था पर प्रभारी अधिकारी को सूचित करें।

आयुक्त श्री गुप्ता कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके सहित, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, उपअभियंता अनिमेष चन्द्राकर व तिलक राज ध्रुव, राजस्व अधिकारी अशोक देवांगन, स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा, सहउद्यान प्रभारी दिलीप गिरी, जिला समन्वयक देवेश साहू व कीर्तन साहू के साथ मोहड़ में निर्माणाधीन कांजी हाउस का निरीक्षण कर शेष कार्य सीमेन्टीकरण, कोटना निर्माण कार्य जल्द पूर्ण कराने के अलावा बिजली पानी की व्यवस्था करने के निर्देश कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके को दिए, उन्होंने कन्हारपुरी कांजी हाउस में भी मरम्मत कराने कहा। उन्होने कहा कि चौक-चौराहों एवं सड़कों में बैठे मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में रखे, मवेशी मालिकों को कड़ाई से समझाईस देवे अपालन पर जुर्माना लगावे, मवेशियों को कांजी हाउस से नियमानुसार शुल्क जमा करने उपरांत ही छोड़े।

## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चे के कार्यक्रम से पार्टी के सदस्यता अभियान की शुरुआत

राजनांदगांव (दावा)। जिला भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चे के अध्यक्ष शिव वर्मा ने बताया कि आज 03 सितंबर को प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता का महापर्व प्रारंभ हो रहा है। इस पर्व के शुरूआत की अहम जिम्मेदारी प्रदेश भाजपा के पिछड़ा वर्ग मोर्चे को दी गई है, इसके लिये पिछड़ा वर्ग मोर्चे ने प्रदेश व्यापी तैयारियां की है, जिसके तहत पार्टी के हजारों कार्यकर्ता इस अभियान का साक्षी बनने कल रायपुर में उपस्थित रहेंगे।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री वर्मा ने आगे बताया कि यह कार्यक्रम साइंस कॉलेज मैदान में स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में सुबह 11 बजे प्रारंभ होगा, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरणदेव, पिछड़ा वर्ग मोर्चे के राष्ट्रीय अध्यक्ष वभाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य डॉ. के. लक्ष्मण व पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री व पूर्व सांसद संगमलाल गुप्ता की उपस्थित में प्रारंभ होगा, इसी कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सरकार में कार्यरत् पिछड़ा वर्ग के मंत्रियों व विधायकों का भी सम्मान किया जायेगा।

श्री वर्मा ने आगे बताया कि इस कार्यक्रम के लिये जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चे ने भी जोरदार तैयारी की है, जिले के विभिन्न विकासखंडों से सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में भाग लेंने कल रायपुर जायेगें।

## जिले में अब तक औसत 885.6 मिमी वर्षा दर्ज

लाल बहादुर नगर तहसील में हुई सर्वाधिक 20.5 मिमी वर्षा

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2024 से अब तक औसत 885.6 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। जिले के सभी 7 तहसीलों में पिछले 24 घण्टों में औसत 11.1 मिमी बारिश हुई। सर्वाधिक वर्षा लाल बहादुर नगर तहसील में 20.5 मिमी दर्ज की गई। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार पिछले 24 घण्टों में डोंगरगढ़ तहसील में 7.8 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 20.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 16.4 मिमी, घुमका तहसील में 0.5 मिमी, छुरिया तहसील में 8.5 मिमी, कुमरदा तहसील में 6.4 मिमी एवं डोंगरगांव तहसील में 17.7 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

## पनियाजोब से सालेकसा-दरेकसा के बीच तीसरी लाइन का काम युद्ध स्तर पर जारी



शीघ्र ही 160 की स्पीड से दौड़ती नजर आएगी स्लीपर कोच वाली नई वंदे भारत ट्रेन

डोंगरगढ़(दावा)। मुंबई-हावड़ा मुख्य रेलमार्ग के मध्य स्थित राजनांदगांव जिले के मुख्य रेल स्टेशन से होकर निकलने वाले रेलवे ट्रैक में शीघ्र ही 160 किलो मीटर की स्पीड में दौड़ती नजर आएगी स्लीपर कोच वाली नई वंदे भारत ट्रेन।

बिलासपुर जंक्शन से राजनांदगांव रेलवे स्टेशन तक तीसरी रेलव लाइन का काम पहले ही पूरा हो चुक हो चुका है। वहीं राजनांदगांव से नागपुर के बीच 3544 करोड़ की लागत से 228 किमी लंबी तीसरी रेल लाइन में 200 किमी का पूरा हो गया। अब केवल 28 किमी का काम शेष है। सालेकसा से कलमना बीच काम तेजी पर है जो पूरा होने पर दुर्ग-कलमना के बीच 258 किमी का पूरा हो जाएगा। मुंबई-हावड़ा रूट पर संचालन होने की संभावनाः वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का ट्रायल जल्द होने वाला है। इसके बाद इस ट्रेन को देश के विभिन्न रेल मागों पर लंबे रूटों में संचालित किया जाएगा। रेलवे के अफसरों से मुंबई-हावड़ा रूट पर इसका संचालन होने की संभावना जताई है।

## भाजपा में सदस्यता अभियान के महापर्व की जोरदार तैयारी

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी में सदस्यता अभियान का महापर्व प्रारंभ हो गया है। आज दिल्ली में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी की सदस्यता को लेकर इस अभियान को पूरे देश भर में प्रारंभ कर दिया है। आज 2 सितंबर को प्रदेश की राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित तमाम वरिष्ठजन सदस्यता लेकर इस अभियान की शुरुआत कर दिया। फिर 4 सितंबर से सभी जिलों में यह अभियान विधिवत प्रारंभ हो जाएगा।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिला सदस्यता अभियान संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष सावन वर्मा जिले में सदस्यता अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में व्यापक उत्साह और उमंग है। पार्टी ने एक दशक बाद इस अभियान को प्रारंभ किया है, देश भर में करीब 10 करोड़ नागरिकों को पार्टी के सदस्यता से जोड़ने के बड़े लक्ष्य को लेकर प्रारंभ यह अभियान धीरे-धीरे अपने चरम की ओर पहुंच रहा है द्य पार्टी ने जिले में सदस्यता अभियान को लेकर व्यापक और जोरदार तैयारी की है अभियान में जमीनी कार्यकर्ता जुड़े इस हेतु बंदोबस्त किया जा रहा है इसे लेकर पहले चरण में जिला स्तर की बैठक फिर मंडलों में बैठक का दौर चला इसके बाद पार्टी नीचे उतारते हुए शक्ति केन्द्रों में बैठकर लेकर कार्यकर्ताओं को मुस्तैद कर दिया अब बूथ स्तर पर पार्टी अपनी जमीनी कार्यकर्ताओं की कार्यशाला लेकर मैदान में उतर रही है ताकि अभियान को जिले में मिले लक्ष्य को पूरा किया जा सके।

सावन वर्मा ने आगे बताया कि सदस्यता अभियान पूर्णता डिजिटल ढंग से होगा इसके लिए पार्टी ने राष्ट्रीय स्तर पर एक नंबर जारी किया है 8800002024 जिस मोबाइल से मिस्ड कॉल देने पर लिंक प्राप्त होगा और उसे लिंक में जाकर पार्टी से जुड़ने वाले लोग सदस्यता संबंधी जानकारी भरेंगे फिर उन्हें ओटीपी प्राप्त होगा उसे ओटीपी के सत्यापन पर सदस्यता प्रदान कर दी जाएगी। इस दौरान उन्हें सदस्यता प्रमाण पत्र मोबाइल में मिल जाएगा। सावन वर्मा ने कहा कि केवल डिजिटल माध्यम से ही नहीं बल्कि ऐसे लोग जो मोबाइल या डिजिटल संसाधनों का उपयोग नहीं करते उन्हें मैन्युअल ढंग से सदस्यता प्रदान करने का भी प्रावधान किया गया है।

## अनमोल दावा

> जब तक आपकी सोच और विचार अच्छे नहीं हो जाते, तब तक आपके अचछे दिन नहीं आते।

## दोषियों पर हो सख्त एक्शन, महिलाओं-बच्चों के उत्पीड़न पर राष्ट्रपति के बाद पीएम मोदी भी बोले 'अब बहुत हो चुका'

कड़े कानून बना देने भर से अपराधों पर लगाम लगने का भरोसा पैदा नहीं किया जा सकता। इसके लिए जरूरी है कि उन्हें सही तरीके से अमल में लाया जाए और न्यायालयों में शीघ्र निर्णय हो। मगर हकीकत यह है कि महिला उत्पीड़न संबंधी ज्यादातर मामलों में समय पर कार्रवाई नहीं हो पाती।

महिला सुरक्षा को लेकर चौतरफा गहरा असंतोष है। कोलकाता महिला चिकित्सक बलात्कार और हत्या कांड के बाद महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों को कड़ाई से लागू करने और यौन उत्पीड़न संबंधी मामलों में त्वरित कार्रवाई की जरूरत फिर से रेखांकित की जा रही है। कोलकाता में विरोध प्रदर्शनों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। उस घटना पर हर राजनीतिक दल और बड़ा नेता अपनी संवेदना व्यक्त कर चुका है। राष्ट्रपति ने भी कहा कि अब बहुत हो चुका, ऐसी घटनाएं किसी भी रूप में रुकनी ही चाहिए। अब प्रधानमंत्री ने जिला न्यायालयों के न्यायाधीशों के सम्मेलन में उनसे अपील की कि महिला और बाल उत्पीड़न संबंधी मामलों में वे शीघ्र सुनवाई करें, ताकि उन्हें इंसाफ मिल सके और अपराधियों में खौफ पैदा हो।

हकीकत यही है कि बलात्कार और बाल यौन उत्पीड़न जैसे मामलों पर नकेल कसना इसीलिए मुश्किल बना हुआ है कि अपराधियों में कानून का भय पैदा नहीं हो सका है। निर्भया कांड के बाद महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों को और सख्त बनाया गया था। बाल यौन शोषण के विरुद्ध पाक्सो कानून बना था, जिसमें आरोपी की तुरंत गिरफ्तारी और जमानत तक न देने का कड़ा प्रावधान किया गया। मगर उन कानूनों का भय कहीं नजर नहीं आता।

कड़े कानून बना देने भर से अपराधों पर लगाम लगने का भरोसा पैदा नहीं किया जा सकता। इसके लिए जरूरी है कि उन्हें सही तरीके से अमल में लाया जाए और न्यायालयों में शीघ्र निर्णय हो। मगर हकीकत यह है कि महिला उत्पीड़न संबंधी ज्यादातर मामलों में समय पर कार्रवाई नहीं हो पाती। बहुत सारे मामलों में तो प्राथमिकी दर्ज करने में ही कई दिन लग जाते हैं। इस तरह बलात्कार जैसे मामलों में जरूरी सबूत भी ठीक से उपलब्ध नहीं हो पाते। फिर, जांचों में पुलिस इतना विलंब कर देती है कि सुनवाई वर्षों तक चलती रहती है। इसके अलावा सबसे चिंता की बात यह है कि बलात्कार के मामले में दोष सिद्धि की दर बहुत न्यून है। सबूतों के अभाव में अपराधी छूट जाते हैं। पाक्सो जैसे कानून में भी अनेक बार देखा गया है कि रसूखदार आरोपियों के मामले में पुलिस गिरफ्तारी तक को टालती रहती है। फिर गवाहों और पीड़िता तक को डरा-धमका या लोभ-लालच देकर बयान पलटने पर मजबूर कर दिया जाता है। इन स्थितियों से अदालतें अनजान नहीं हैं। मगर आमतौर पर निचली अदालतें उस तरह पुलिस पर जांचों में तेजी और निष्पक्षता लाने का दबाव नहीं बना पातीं, जिस तरह कई बार ऊपरी अदालतें करती हैं।

फिर, अदालतों पर मुकदमों का बोझ अधिक होने की वजह से मामलों की सुनवाई लंबे समय के लिए टलती रहती है। महिला यौन उत्पीड़न के मामलों में प्रावधान किया गया कि उन्हें त्वरित अदालतों में निपटाया जाए। साल भर के भीतर उन पर फैसला देने का प्रयास हो। मगर जो मामले खूब विवादों और चर्चा में रहते हैं, उनकी सुनवाई भी जल्दी पूरी नहीं हो पाती। जिन देशों में आपराधिक मामलों में सख्त और तेज कार्रवाई होती है, वहां अपराध की दर काफी नीचे देखी जाती है। महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराध देश के किसी भी हिस्से में हो, अगर पुलिस तुरंत सक्रिय होकर कार्रवाई करे, जिला अदालतें महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े मामलों में सख्ती और तत्परता दिखाएं, तो ऐसी आपराधिक प्रवृत्तियों पर लगाम लगाना आसान हो जाएगा। कानून का भय अपराध को रोकने में सबसे कारगर उपाय होता है।

# डॉ. पूजा अग्रवाल ने पौधे रोपण कर हरियाली का दिया संदेश



**राजनांदगांव (दावा)। पौधे तनाव और चिंता को दूर रखते हैं। पौधों को देखने और उनके आसपास रहने से शांति महसूस होती है जिससे तनाव भी कम होता है। बागवानी से शांति और संतुष्टि भी मिलती है। पौधे नकारात्मक विचारों और भावनाओं को कम करते हैं। घरेलू पौधे हवा की गुणवत्ता बढ़ाते हैं, पौधे आत्म अभिव्यक्ति बढ़ाते हैं और संतोषजनक एहसास देते हैं। इसलिए तनाव कम करने के लिए पौधारोपण किया जाता है। खुशबू मन को शांत रखती है और तनाव कम करती है, लोगों को आराम और शांतिपूर्ण नींद मिलती है। पौधे तनाव और अवसाद को कम करते हैं। यह दर्द, ब्लड प्रेशर, अस्थमा आदि से भी छुटकारा दिलाने में मदद करता है। फूलों की खुशबू दिमाग को तरोताजा रखती है और मन और आत्मा को शांत रखती है। यह क्रोध को भी शांत करता है और जीवन को तनाव मुक्त बनाता है। पौधों में मौजूद रसायन तनाव हार्मोन को कम करते हैं जिससे उपचार में मदद मिलती है। खुशबू शरीर को शांत रखती है और तनाव को दूर रखती है। पौधे की खुशबू मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करती है। अपनी प्राकृतिक संपदा की रक्षा करना प्रत्येक मनुष्य का उत्तरदायित्व है। व्यक्ति प्रकृति के साथ अन्याय करेगा तो प्रकृति अपना प्रचंड रूप धारण कर दंडित करेगी। जो अपने स्वार्थ हेतु वनस्पतियों और जीव जंतु को शोषण करें वह मनुष्य नहीं ।**

### वृक्ष काटने से व्यक्ति प्रकृति से उसकी संतान छीन लेता है

मुझे तुलसी का पौधा प्रिय है क्योंकि तुलसी शुभ होती है, पवित्र होती है, संकटों से हमारी रक्षा करती है। तुलसी का पौधा हर रोग हर बुराई का अंत करता है। पौधे जीवित जीव हैं जो हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, पौधे हमारे जीवन से जुड़े हुए हैं, और हम दोनों एक दूसरे पर निर्भर हैं। पौधे मानवता के लिए सबसे महत्वपूर्ण उपहार हैं। वे बहुत देखभाल के साथ विशाल पेड़ या पूर्ण विकसित पौधे बन जाते हैं। पौधे हमें विभिन्न प्रकार के फल, सब्जियाँ, ऑक्सीजन आदि प्रदान करते हैं और पारिस्थितिकी तंत्र में संतुलन बनाए रखते हैं। पौधों में विभिन्न प्रकार के जीव भी शामिल हैं जैसे झाड़ियाँ, जड़ी-बूटियाँ, बेलें आदि। पौधे इस ग्रह पर मानव अस्तित्व से अभिन्न रूप से जुड़े हुए हैं। पौधे हमारे लिए कई तरह से फायदेमंद हैं। पौधे गेहूं, चावल, मक्का और अन्य खाद्य पदार्थ जैसे बीज प्रदान करते हैं जिनका हम दैनिक आधार पर सेवन करते हैं। पौधे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और हमारे द्वारा छोड़ी गई कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं। यह पारिस्थितिकी तंत्र में संतुलन बनाए रखने में मदद करता है और ग्लोबल वार्मिंग को कम करता है। ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के बारे में सभी जानते हैं और इसलिए ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए बहुत सारे प्रयास और जागरूकता कार्यक्रम हुए हैं।

बोनसाई पौधे घर की सुंदरता में चार चांद लगाते हैं, उनकी देखभाल करना भी अन्य पौधे के अपेक्षा आसान होता है,। मैंने परिवार के सहयोग से इमली, बरगद, पीपल आदि पौधे के बोनसाई पौधे तैयार किए हैं। हर बीज में पौधे बनने की असीम संभावनाएं होती है, परंतु उसे उस हिसाब से देखरेख करना पड़ता है। मैंने अपना बचपन अपने दादाजी एवं पर दादाजी के द्वारा लगाए गए पेड़ पौधों के बीच व्यतीत किया है। आज भी उनके द्वारा लगाए गए पौधे हमें फल दे रहे हैं।



उन्हीं से प्रेरणा लेकर मेरे पिता अशोक अग्रवाल ने भी वह परंपरा कायम रखी, तथा मुझे एवं पूरे परिवार को इसका ज्ञान देकर प्रेरणा दिया। आज मैं अपने दादाजी एवं पिताजी के ज्ञान से प्रेरित होकर ही प्रकृति की ओर मेरा इतना लगाव बड़ा है।

हम जब भी किसी पेड़ की छाया में खड़े होते हैं, वह छायादार पेड़ किसी न किसी के द्वारा लगाया रहा होता है, जिसकी छाया में हम सहारा लेते हैं। इसलिए हमारा भी फर्ज बनता है हम भविष्य के लिए हम भी अधिक से अधिक मात्रा में पौधारोपण करें। पौधारोपण करना एवं उसकी देखभाल करना सिर्फ शासन का काम नहीं है, हम सभी को जिम्मेदारी से भाग लेना पड़ेगा। मैंने अपने परिवार के सहयोग से 11 पत्ती वाले बेल-पत्र, एक पत्ती वाला बेलपत्र, सफेद जामुन, लाल कटहल, लाल सीताफल, कल अमरूद, तेज पत्र, कपूर, एलो वेरा, ऑर्किड, एंथोरियम, बहुत से प्रकार के कमल, बोनसाई प्लांट्स, एयर प्लांट्स, व्हाइट बंबू, पीला बंबू, ब्लैक बंबू, मिया जोकि मांगो, अल्फा सो, केसर, दशहरी आदि प्रकार के आम के पौधे अपने बगीचे में लगाए हैं। हम छोटे पौधे तैयार कर उसे निःशुल्क भी उपलब्ध कराते हैं। हम अपने घर के उपयोग के लिए कई प्रकार के फल एवं सब्जियां, बिना किसी कीटनाशक या रासायनिक तत्व के रोपण किए हैं, अतः इस वजह से हम रोजाना अपने द्वारा उगाए गए ताजे फल एवं सब्जियों का सेवन करते हैं। प्रकृति का तो महत्व अनंत काल से है और अनंत काल तक रहेगा। मां आदिशक्ति, मां सीता स्वयं प्रकृति का रूप है। किंतु आज सभी प्रकृति के महत्व को भूल गए हैं। कोरोना महामारी ने सभी को प्रकृति का महत्व बता दिया। सब ने देखा ऑक्सीजन की कमी के चलते कोविड मरीज दम तोड़ रहे थे। चारों ओर ऑक्सीजन सिलेंडर को लेकर मारामारी थी। आज विकास की आड़ में लगातार पेड़ पौधों की कटाई होने लगी है, जिसे पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, हर वर्ष इन्हीं कारण से ग्रीष्म ऋतु में सूरज का तापमान अधिक बढ़ते जा रहा है, भूजल स्तर पर नीचे चले गया है, इससे गर्मी में जल संकट बढ़ रहा है, अतः इन हालातो से निपटने के लिए हमें पौधारोपण कर पेड़ तैयार करना चाहिए। धरती पर कई तरह के पेड़ पौधे मौजूद है, पेड़ पौधे मानवीय जीवन चक्र में अपना विशेष भूमिका निभाते हैं क्योंकि इसमें न केवल भोजन संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति होती है बल्कि यह दुनिया में संतुलन बनाए रखने के लिए भी आवश्यक है।

## विचार सरिता

## मन में बसे हैं राम - 248 : सीता जी वन में श्री राम के भोजन, आवास आदि व्यवस्थाओं को लेकर चिंतित

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



लक्ष्मण जी ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए सीता जी को वन जाने से रोका, ''भाभी! आप दुष्टराक्षसों को नहीं जानती हैं। आपको यह तो ज्ञात ही है कि मिथिला पहुंचने के कुछ ही दिनों पूर्व हम लोग गुरु विश्वामित्र के आश्रम में थे और वहां मारीच तथा सुबाहु जैसे दुष्ट राक्षसों को दंडित करने में भैया राम को भी अत्यंत सावधानी बरतनी पड़ी थी। आप साथ रहेंगे तो भैया सदैव आपकी सुरक्षा को लेकर चिंतित रहेंगे।''

सीता जी ने श्री राम की ओर देखा और मन ही मन कहा, ''आप अकेले वन जाना चाहते हैं अर्थात आप तो मेरे बिना रहने को तैयार हैं लेकिन क्या आपने मेरे प्रेम के विषय में कुछ नहीं सोचा है कि मैं आपके बिना अयोध्या में एक क्षण भी रह पाऊंगी या नहीं?.......और वहां वन में आपके भोजन निवास का प्रबंध कैसे होगा? अगर आपने वन को साधना पथ कहा है तो आपकी अर्धांगिनी के रूप में मुझे भी इस पद पर आपकी अनुगामिनी बनना होगा।''

श्री राम मुस्कुराए।सीता जी की सुरक्षा संबंधी लक्ष्मण जी की चिंता पर उन्होंने प्रकट रूप में कोई उत्तर नहीं दिया और इस संबंध में वीरता के पर्याय श्री राम को चिंतित होने की आवश्यकता भी नहीं थी।उन्होंने सीता जी की बातें अपने मन में समझ लीं। श्री राम ने जानकी जी से कहा, ''आदेश केवल राम के वन जाने का हुआ है सीते! अन्य किसी व्यक्ति का नहीं।''

सीता जी ने अपने तर्क दिए,''आप राज्यादेश पर वन जा रहे हैं स्वामी और मैं अपने हृदयादेश पर। मुझे किसी ने वन जाने का आदेश नहीं दिया है लेकिन यह प्रतिबंध भी तो नहीं है कि आपके साथ कोई दूसरा व्यक्ति न जा सके। आप जिस मार्ग पर चल रहे हैं, उस मार्ग पर आपके पीछे कोई न चले ऐसा कैसे संभव है? किसी मार्ग का उपयोग तो कोई भी कर सकता है, यह किसी एक व्यक्ति के लिए ही कैसे आरक्षित रहना चाहिए?''

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

### शब्द सामर्थ्य -166

**बाएं से दाएं**

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकूल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. सजाना, स्व[illegible] परिष्कार, शुद्ध[illegible] विशालता, बड़प्[illegible] भाव 13. अड़[illegible] जमीन के अंद[illegible] रास्ता, अच्छे रंग[illegible] मूर्ख, अहमक[illegible] हिसाब से 18. [illegible] ज्यादा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक

## सारे धर्मों का सार ...!

**गिरिश बख्शी**



नेहा और निशा कुलकती हुई स्टेशन पारा आई। सन्तोषी दीदी का लहक कर हाथ पकड़ कर बोली -''हम दोनों बड़ी अच्छी खुश खबरी लाई है दीदी! बाहर घूमने की। भावना चाची भी राजी हो गई हैं, आप ना मत करना । आप चलेंगी तो और मजा आएगा !'' सन्तोषी दीदी हस कर बोली -''पर ये तो बताओ नेहा ! चलना कहाँ हैं! मै तो अलसबेरे रेल्वे ओव्हर ब्रिज पर घूमने की शौकीन हुँ ! मालूम अपने राजू काका कहा करते है- ''मार्निंग वॉक इस द बेस्ट वॉक । लाख दवाओं की एक दवा, सबेरे शाम की ठंडी हवा। हॉ तो बोलो कहॉ चलना है ? नेहा ने निशा की ओर देखा तो निशा ने उत्तर दिया -''भिलाई चलना है दीदी! वहॉ सिहोर वाले महराज जी की इस सवान मास मे शिवमहापुराण पर कथा चल रही है। प्लेजर ट्रिप रहेगा और फिर कथा श्रवण का पुण्य भी प्राप्त होगा ! ''चौंक सी गई सन्तोषी दीदी -''भिलाई ? ऐसे बरसाती मौसम में मतलब मेरा कहना है कि सावन की झड़ी तोा ऐसे ही घर से बाहर निकलने का मन नहीं होता और तुम कह रही हो भिलाई चलना है अरे वह भी एक प्लेजर ट्रिप रहेगा। न बाबा। मुझे माफ करो। इस भरी बरसात के कीचड़ पानी मे कष्ट - तकलीफ मैं नहीं सह सकती ।''

नेहा ने प्रतिवाद किया -''पर दीदी ! मालूम

महराज जी लोगो का कहना है, जितना कष्ट सहेंगे, जितना मुसीबत -झेलोगे भागवान की कथा - सभा मे उतना ही पुण्य मिलेगा।'' निशा ने तसदीक की -''इसीलिए तो दीदी रायपुर दुर्ग से भक्त गण नवरात्र मे नंगे पैर चलते हुए, पीड़ा-कष्ट सहते हुए बमलेश्वरी मॉ के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ जाते है।'' इसी समय भावना चाची भी आ गई। उन्होंने उत्सुकता से पूछा - तुम्हारी सन्तोषी दीदी मान गई नेहा! भिलाई जाने के लिए ? तुम्हारे असंमजस से भरे चेहरे को देखते ही मैं समझ गई कि 'मेरे मन मन्दिर मे राम' को आत्म सात करने वाली सन्तोषी भिलाई जाना पसन्द नहीं करेंगी? बाहर जाने के सम्बंध में सबका अपना अपना नजरिया है। ओर कथा - भागवत - शिव पुराण सुनने का अपना -अपना सिद्धांत है। फिर सन्तोषी देवी को मनाना तो एक टेड़ी खीर है।''

सन्तोषी दीदी एकाएक जोर हस पड़ी -''नहीं ! नहीं ! भावना चाची ! मैं काई टेड़ी खीर नही, मुझे तो खीर बहुत पसन्द है बशर्ते की सहूलियत की खीर हो । देखो चाचीजी ! आप समझिए -घर की पूरी जिम्मेदारी मुझपर है। दादाजी दोपहर का भोजन ढाई बजे करते हैं। उसके बाद दादी को खाना परोसती हूँ। फिर रसोई घर की साफ सफाई कर चौका-बर्तन समेटते चार साढे चार बज जाते है। तब तक स्कूल से सौम्या और असीम आ जाते है। उनके लिए पहले से तैयार नाश्ता उन्हें खिलाती हूँ।'' निशा टोक उठी मतलब कि आप.....।'' सन्तोषी दीदी ने मस्कुराते हुए कहा -''अभी मतलब की कहानी पूरी कहॉ हुई निशा ! अभी तो पांच के बाद शाम के छः बजेंगे तब घर के मुखिया, समझ गई न, मेरे वो थके हारे दफ्तर से आएंगे ।बाथरूम मे हाथ मुंह धोते हुए वही से जोर से कहेंगे -''सन्तोषी देवी! आज चाय के साथ क्या खिलावोगी प्याज का भजिया या बेसन की पपड़ी!'' मुग्ध होकर मैं कहुंगी - '' ना प्याज का भजिया न बसेन की पपड़ी, आज चाय के साथ उत्तपम खिलाऊंगी जी! आपके तो उत्तपम भी खूब प्रिय है । हां! कहिए, आप क्या बनाती हो चाची ! चाचा जी के स्कल से आने पर?'' चाचीजी चिढ़ उठीं - मैं क्या बनाऊं गी सन्तोषी! हमारे घर मे तो क्रोध भरा है । क्रोध ही बनाते - बिगाड़ते रहता है। सच कहुँ तो सन्तोषी । इसीलिए मुझे भागवत -पुराण कथा के बहाने घर से बाहर कुछ समय सॉस लेना अच्छा लगता है।


इसीलिए ऐसे चिली वेदर में मन न करते हुए भी चटपट घर के प्राणियों के लिए भोजन - नाशता तैयार कर, नेहा -निशा के आग्रह पर महराज जी की कथा सुनने, भिलाई जाने के लिए तैयार हो गई !''

नेहा ने अचानक घड़ी देखी - अरे! अब तो यही काफी देर हो गई । भिलाई पहुँचते तो कथा शुरू हो चुकी होगी और मारे भीड़ के सुविधा जनक जगह भी नहीं मिलेगी । फिर तो ऐसे में..... ।''निशा ने बात पूरी की कल भिलाई का प्रोग्राम बनांएगे। हमारे पड़ोसी पंडित जी ने बताया है - कल झड़ी बंद होगी। सूर्य भगवान के दर्शन होंगे । मालूम, भावना चाची ! हमारी सन्तोषी दीदी पौराणिक कथाएॅ नहीं, बड़ी अच्छी-अच्छी ज्ञानवर्धक समाजिक कथाएॅ सुनाती है। हॉं ! सुनाईए दीदी !''

संतोषी दीदी मुच मुच मुस्करा कर बोली- ''निशा! मेरी इतनी अच्छी तारीफ के लिए शुक्रिया ! जब मै टेन्थ क्लास मे पढ़ती थी, उन्हीं दिनों हमारे घर के सामने मास्टरजी सन्त रामजी सिन्हा रहा करते थे। सीधे - सरल सिन्हा गुरजी, उनके हम उम्र यार दोस्त रामजी भाई और हम लोग सन्त चाचा कहते थे। तो आज बरसात की इस शान्त दोपहरी में, उन्हीं सन्त चाचा कहते की बातें बताती हूँ। शाम को हमारी, परछी नुमा बैठक मे हम सब बच्चों प्रसन्नोत्सुक मन उनके आस पास बैठ जाते तो वे कहते देखो बच्चो! तुम सब लोग भविष्य मे चाहे मास्टर-बाबू या साहब -सहबिन जो भी बनो, लगन मेहनत और ईमानदारी से अपना अपना काम करना, कभी भी काम मे कोताही मत करना और दूसरी पते की बात - अगर आप बेटा हो तो अच्छा बेटा बनना, बाप हुए तो अच्छा बाप बनना। इसी तरह घर मे पत्नी के साथ समन्वय भाव से चलने वाला कुशल पति और सास-शसुर को मोह लेने वाला विनम्र दामाद, अकड़ और घमण्डी नहीं । सब हॉ सन्तोषी ! और सब तुम्हारी सहेलियां भी इस बात का हमेशा ध्यान रखे कि वे अच्छी बेटी, अच्छी बहू, अच्छी मॉ और बहू को बेटी का प्रेम - स्नेह देनी वाली मोहनी सास बने । मेरी तो यही मान्यता है मेरे प्रिय बच्चों कि कर्म ही पूजा है वर्क हज वर्शिप। इसलिए डू युवर ड्यूटी द बेस्ट और बाकी सब अन्तर्यामी प्रभु पर छोड़ दो वे ओमनी पोटेन्ट है यानी वे सर्वत्र है सर्व ज्ञानी है और सर्व शक्ति मान है। तो बातें और केवल बाते नहीं यानी बड़बेला था बड़ बोली नहीं, सत्कर्मी बनो बनके दिखाओ।


किसी विद्वान का कथन है - एक्शन्स स्पीक लाउडली दैन वर्ड्स । हॉ ! अब अन्तिम बात - परोपकारी बने, दूसरों की अपनी हैसियत के अनुसार बात जितनी मलाई कर सके सदा - सर्वदा करों। क्योंकि सारे धर्मो का सार परोपकार।'' एकाएक हड़बड़ा कर सन्तोषी दीदी उठ खड़ी हुई - ''अरे याद आया दादी को दवा देने का समय हो गया, उन्हें देकर आती हूँ!''

## राशिफल




**मेष**

पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा,,, आज जल्दबाजी में कोई फैसला ना लें। परिस्थितियां गुस्से में हल ना करें, धैर्य रखें अंजान व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। छात्रों को सफलता मिलने के योग हैं। शुभ रंग- पिच शुभ अंक- 1




**वृषभ**

आज का दिन अच्छे रिजल्ट देगा। परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। किसी समस्या को हल करने में आपका सहयोग सकारात्मक रहेगा। प्रॉपर्टी संबंधी काम बनेंगे, आज बेवजह की आवाजाही अवॉयड करें। शुभ रंग- गोल्डन शुभ अंक- 2




**मिथुन**

आपका दिन अच्छा रहेगा। छात्रों को अधिक मेहनत की जरूरत है। रोजगार के नए मौके मिलेंगे। आपकाी कोई ऑफिशियल यात्रा संभव है। कोई दोस्त आपको सरप्राइज देगा। तरक्की खूब होगी। शुभ रंग- ग्रे शुभ अंक- 5




**कर्क**

आपका दिन बढ़िया रहेगा। सही समय पर उचित फैसला लाभ देगा। नया काम ना शुरू करें। ऑफिस में आपका प्रभाव बना रहेगा।
शुभ रंग- हरा शुभ अंक- 8




**सिंह**

आपका दिन शानदार रहेगा। विरोधी ऑफिस के काम में आपसे राय मांगेंगे। सरकारी नौकरी में सुखद बदलाव आएगा। सेहत के लिए दिन अच्छा है। घर परिवार की बातें गहराई से समझेंगे। लवमेट्स आज घूमने जाएंगे। शुभ रंग- पिच शुभ अंक- 7




**कन्या**

आपका दिन मिला-जुली प्रतिक्रिया देगा। घर पर ही परिवार संग धार्मिक काम करेंगे। ऑफिस के काम को संभलकर करें। किसी से उलझने से बचें। शुभ रंग- मैजेंटा
शुभ अंक- 2



**तुला**

आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। किसी काम को जल्द पूरा करें। बाहर की चीजों को खाने से बचें। आज वाहन चलाते समय सावधानी बरतें। शुभ रंग- ग्रे
शुभ अंक- 8




**वृश्चिक**

आज आपका दिन शुभ रहेगा। किसी काम के लिए आप कई बड़े फैसले लेंगे। सेहत के अनुरूप उचित परिणाम मिलेंगे। अधिकारियों से व्यवहार अच्छा रहेगा। जायदाद संबंधी काम में सावधानी बरतें। शुभ रंग- पीला शुभ अंक- 5




**धनु**

किसी अपने से अच्छी खबर मिलेगी। व्यक्तिगत काम में घबराएं नहीं। किसी परिजन बड़ी उपलब्धि मिलेगी। नए प्रजोक्ट में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। शुभ रंग- नारंगी शुभ अंक- 7




**मकर**

आज का दिन बढ़िया रहेगा। आज बातचीत में मधुरता रखें। उच्च अधिकारी से मुलाकात होगी। नया काम शुरू हो सकता है। लेखकों को खुशखबरी मिलेगी। शुभ रंग- हरा
शुभ अंक- 9



**कुंभ**

आज का दिन खास रहेगा। पारिवारिक माहौल अच्छा रहेगा। जीवनसाथी संग रिश्ते मधुर रहेंगे। सकारात्मक सोच हितकर होगी। अचानक धनलाभ होगा। शुभ रंग- आसमानी
शुभ अंक- 5



**मीन**

आपका दिन मिला-जुला रहेगा। छात्रों को सफलता मिलेगी। आपकी सेहत में उतार चढ़ाव होगा। दांपत्य जीवन शानदार रहेगा। बच्चे खेलकूद में बिजी रहेंगे। शुभ रंग- पिच
शुभ अंक- 1

# शिक्षकों द्वारा दी जा रही गुणवत्तायुक्त शिक्षा विद्यार्थियों को श्रेष्ठ नागरिक बनने में सहायक होती है - सांसद संतोष पांडे

डोंगरगढ़ (दावा)। जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में 33 वां राष्ट्रीय ताइक्वांडो मीट 2024-२५ का शुभारंभ 02 सितम्बर को सांसद संतोष पाण्डे के हाथों ध्वजारोहण के साथ किया गया। मार्च पास्ट व मशाल प्रज्वलन करने के पश्चात शपथ ग्रहण कराया। खेल के शुभारंभ की अनौपचारिक घोषणा की गई।शांति के प्रतीक कबूतर को नील गगन में छोड़ा गया। सभागार में दीप प्रज्वलन एवं मां शारदा की वंदना की गयी। विद्यार्थियों द्वारा मुख्य अथिति सहित समस्त अतिथियों का बैच लगा कर स्वागत सत्कार किया गया।




राष्ट्रीय ताइक्वांडो मीट का हुआ जानदार शुभारंभ

इस अवसर पर उपस्थित क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के सहायक आयुक्त लेखराज मीणा ने स्वागत भाषण में कहा कि खेल के माध्यम से बच्चो का शारीरिक,बौद्धिक और मानसिक विकास होता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद संतोष पाण्डेय ने नवोदय विद्यालय के में सेवारत शिक्षकों द्वारा दी जा रही गुणवत्ता युक्त शिक्षा, विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थीयो को श्रेष्ठ नागरिक बनने में सहायक होती है। नवोदय विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ अन्य सभी कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ किए जाते है। विद्यार्थियों को अनुशासन का पालन करते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। श्री पांडे ने देश भर से आए सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि श्री पाण्डेय सहित सभी अतिथियों को शाल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। पालक संघ के सदस्य संजय नंदा एवं त्रिलोक चौरे को भी शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया।

### कबीरधाम के विद्यार्थियों के द्वारा मराठी 'लोकनृत्य गोंधड़' की शानदार प्रस्तुति

जवाहर नवोदय विद्यालय कबीरधाम के विद्यार्थियों के द्वारा मराठी 'लोकनृत्य गोंधड़' की शानदार प्रस्तुति दी गई। जो की गोंड़ आदिवासियों द्वारा अपने कुल देवी को प्रसन्न करने के लिए किया जाता है।कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य संजय कुमार मंडल के द्वारा राष्ट्रीय स्तर के इस ताइक्वांडो मीट 2024 को सफल बनाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा उन्होने कहा कि यह कार्यक्रम क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के ऊर्जावान सहायक आयुक्त लेखराज मीणा तथा उनके टीम मेंबर मनोज कुमार विद्यार्थी प्राचार्य ज.न.वि. धमतरी, डॉ.संजय कुमार सिन्हा प्राचार्य ज.न. वि.दुर्ग, स्वप्ना घोषाल उप प्राचार्य ज.न. वि. रायपुर के सफल नेतृत्व में संपन्न हुआ। राष्ट्रगान के पश्चात उद्घाटन समारोह के समापन की घोषणा की गई।

# 40 स्कूली बच्चों ने विज्ञान केंद्र का किया शैक्षणिक भ्रमण




### महरुमखुर्द सरपंच वर्मा ने कहा शैक्षणिक भ्रमण शैक्षिक गतिविधियों के साथ-साथ बच्चों में व्यक्तित्व विकास होता

ठेलकाडीह (दावा)। राजनंदगांव ब्लॉक के ग्राम पंचायत महरुमखुर्द सरपंच द्वारा 40 स्कूली बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए रविवार को रायपुर ले जाया गया। सरपंच वर्मा ने बताया कि उन्होने गांव के स्कूली बच्चों से एक्जाम से पहले कहा था कि हमारे गाँव के जीतने भी पड़ने वाले बच्चे है अच्छे नंबरों से अपने क्लास में प्रथम, द्वितीय स्थान लेकर परीक्षा में उत्तीर्ण होकर आयेगा। उन बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए ले जाएंगे द्य इस बात को सुन कर सभी बच्चे उत्साहित दिखे और बहुत अच्छे से मन लगाकर पढ़ाई कर परीक्षा पास किये। गांव के धनिका निषाद पिता होरीलाल निषाद ने ठेलकाडीह स्कूल और खैरागढ़ ज़िले में पहला स्थान एवं छत्तीसगढ़ में ग्यारहवाँ स्थान प्राप्त की है द्य इसके अलावा गांव के अन्य स्कूली बच्चों ने भी अच्छे अंकों के साथ परीक्षा पास की है द्य इसलिए बच्चों में आत्म विश्वास जागृत करने के लिए यह भ्रमण कराया गया।

गांव के युवा व सरपंच प्रतिनिधि नीलू वर्मा ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से लौटने के बाद बच्चों में जो जिज्ञासा और आत्मविश्वास का भाव पैदा होता है, वह उनकी आगे की पढ़ाई के लिए लाभकारी होगा। इससे बच्चों में सीखने का एक नया दृष्टिकोण विकसित होगा। इसलिए यह भ्रमण कराया गया जिसमे दीक्षा वर्मा ग्यारवी क्लास में ठेलकाडीह स्कूल में दूसरे स्थान प्राप्त की है, यमन चंदेल सातवी क्लास में अज़ीज़ पब्लिक इंगलिश मीडियम स्कूल इंदामरा में पहला स्थान प्राप्त किया, संस्कार भारती स्कूल ठेलकाडीह में खुशाल वर्मा पाँचवी क्लास में पहला स्थान और मितेश वर्मा तीसरी क्लास में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। महरुमखुर्द शासकीय स्कूल में दानेश्वरी वर्मा आठवीं क्लास में पहला स्थान और प्रयास में चयन होने के बाद बिलासपुर में पढ़ाई कर रही है, निखिल पाल दूसरा स्थान, सातवी क्लास में अमिता निषाद प्रथम स्थान और निशा देवांगन दूसरे स्थान, छटवी क्लास में भूमि यादव प्रथम स्थान,नीतू धनकर दूसरा स्थान,पाँचवी क्लास भाविका,देवांगन ,डिम्पल यादव चौथी क्लास में भूमिका देवांगन और कुसुम वर्मा तीसरी क्लास से दुलेश वर्मा, मोतिम यादव भ्रमण में शामिल हुए इसी प्रकार दूसरी क्लास में सागर वर्मा, कुनाल वर्मा पहली क्लास में जय कुमार यादव और लवण्या निषाद सहित अन्य बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण में छत्तीसगढ़ विज्ञान केंद्र जाने का मौका मिला। महरूमखुर्द स्कूल के शिक्षक नवीन वर्मा, योगेंद्र कुर्रे, खिलेश्वर लहरे, छोटेलाल वर्मा ने विज्ञान केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण में शामिल हुए द्य इस दौरान स्कूली बच्चों ने बहुत से वैज्ञानिक चीजों को देखा व उनका प्रयोग किया। विज्ञान केंद्र में बच्चों ने बस्तर आदिवासीयो का दृश्य देखा। इसके अलावा बच्चों ने शिक्षकों से विभिन्न जानकारियां साझा की। बच्चों ने विज्ञान के विभिन्न मॉडलों को देखा और उससे जुड़े रोचक तथ्यों की जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा 3डी मूवी तारामंडल का भी लुफ्त उठाया। विज्ञान और ग्रहों के बारे में जानने और सीखने को मिला बच्चे शैक्षणिक ब्राह्मण से काफी उत्साहित हुए। इस दौरान स्वयंसेवक तेजस्वी वर्मा कामिनी देवांगन, टुम्मन यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पहला कॉलम...

### डेविड निषाद का प्रयास विद्यालय में चयन



खुज्जी (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर खुज्जी में छात्र डेविड निषाद पिता ललित निषाद का प्रयास विद्यालय में चयन होने पर प्रधानाचार्य अनिल पंसारी एवं समस्त स्टाफ के गुरुजन व स्कूल समिति के अध्यक्ष व सदस्यगण द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए बहुत बहुत बधाई दिये गयें।

### पोरा पर्व पर शा. प्रा. शाला नयापारा अछोली के बच्चों को प्रिंटेड टाई एवं बेल्ट वितरित



डोंगरगढ़/अछोली (दावा)। श्री कान्हा स्व सहायता समिति (पुरुष) एवं श्री महाकाल स्व-सहायता समिति (पुरुष) नयापारा अछोली के द्वारा सामुदायिक सहभागिता के रूप में पोरा पर्व के शुभ अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला नयापारा अछोली में अध्यनरत समस्त बच्चों को प्रिंटेड टाई एवं बेल्ट का वितरण किया गया। दोनो समूह के द्वारा बच्चों को न्यौता भोजन भी कराया जिसमें बच्चों को फल आदि का वितरण किया गया। इस सामुदायिक सहभागिता के लिए शाला के प्रधान पाठक ललित कुमार साहू, शिक्षक नीरज कुमार सिंह एवं अर्चना टंडन के द्वारा दोनों समूहों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर दोनों समूह के अध्यक्ष प्रेमदास साहू, सचिव दसेन कोसे व नागेन्द्र साहू समूह के सदस्य के रूप में किशन पटेल, दीपक बोपचे, रूपेश यादव, अमर सिंह धुर्वे, हलेश साहू, टुमेश्वर पटेल, घनश्याम निषाद उपस्थित थे।

### बैल दौड़ प्रतियोगिता में ईश्वर प्रथम



घुमका (दावा)। गौरव ग्राम घुमका में प्रतिवर्षानुसार पोला पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर बैल दौड़ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन ग्राम पंचायत घुमका व कृषि समिति के सौजन्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आचार्य पं. गनपत दुबे, जनपद सदस्य दिलीप पटेल, अध्यक्षता ग्राम की सरपंच श्रीमति फूलमती जयकुमार वर्मा, विशिष्ट अतिथि ब्लॉक पत्रकार महासंघ अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह ठाकुर, कृषि समिति अध्यक्ष बहल वर्मा, पूर्व कृषि समिति अध्यक्ष डिलेश्वर वर्मा, जयकुमार वर्मा, पीयूष दुबे, नूनकरन वर्मा, बांके लाल श्रीवास, केशव सेन, पंच रूपनारायण साहू की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 1000 रु. व स्टील ड्रम ईश्वर मरई ने प्राप्त किया दूसरे स्थान पर हेमन्त पटेल रहे उन्हें 700 रु व स्टील ड्रम, तीसरे स्थान पंकज पटेल को 500 रु. व स्टील ड्रम अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया।

प्रतियोगिता में नकद राशि ग्राम की सरपंच श्रीमति फूलमती जयकुमार वर्मा द्वारा व स्टील ड्रम कृषि समिति द्वारा दिया गया। पुरुस्कार वितरण के पूर्व सभा को मुख्य अतिथि श्री दुबे व अध्यक्षता कर रही सरपंच श्रीमति वर्मा ने सम्बोधित करते हुए ग्राम के नागरिकों को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस दौरान ग्राम के नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### डोंगरगांव युवक कांग्रेस ने निकाली मशाल रैली

डोंगरगांव (दावा)। नगर में 1 सितम्बर को युवक कांग्रेस द्वारा मशाल रैली निकालकर छत्तीसगढ़ सरकार को लेकर विरोध दर्ज किया. रैली में शामिल युवाओं ने बताया कि विष्णुदेव सरकार के दमनकारी तरीकों से सतनामी समाज के निर्दोष युवाओं सहित विधायक देवेंद्र यादव, युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र बंजारे एवम एनएसयुआई अध्यक्ष सूर्यकांत वर्मा की गिरफ्तारी व भिलाई में हुए लाठीचार्ज के विरोध में यह जुलूस निकाला जा रहा है. जिसमें मुख्य रूप से जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरेन्द्र बोरकर, जनपद सदस्य मोहनीश साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष संध्या साहू, डॉ.नरेंद्र साहू, जिला कांग्रेस सचिव राकेश साहू, प्रियंक जैन, युवा कांग्रेस के विधानसभा उपाध्यक्ष लीलेश पटेल, विधानसभा महासचिव पुष्पेंद्र नेताम, रितेश राजपूत, रवि कोरे, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सोमन साहू, प्रशांत यादव, जिला युवक कांग्रेस सचिव अब्दुल करीम, अमित ठाकुर, प्रदीप साहू विक्की साहू, युगल किशोर देवांगन, महेश्वर, सुभाष पटेल, दुर्गेश पटेल, लकेश्वर पटेल, छोटू राजपूत, मोनू पटेल, हेमचंद पटेल, छतरपाल पटेल, टिंकू, मनीष, टोमन देवांगन, विक्की आदि शामिल हुए.

# फेडरेशन ने विधायक श्रीमती बघेल को युक्तियुक्तकरण के विरोध के साथ पांच सूत्रीय मांग हेतु सौंपा ज्ञापन



भाजपा चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वादों को पूरा करें - फेडरेशन

डोंगरगढ़ (दावा)। फेडरेशन के संयोजक भेलसिंह वर्मा, महामंत्री योगेश चौरे, डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर ने संयुक्त बयान में कहा कि वर्तमान में ज्वलंत विषय यह है, कि कमरतोड महंगाई तथा उससे राहत हेतु केन्द्र के समान शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों को 50त्न महँगाई भत्ता एवं केन्द्र समान गृह भाड़ा भत्ता व अन्य ज्वलंत समस्याओं पर शासन प्रशासन को लगातार पत्राचार किया जा रहा है। परन्तु खेद का विषय है, कि प्रदेश के अधिकारी, कर्मचारी के समस्याओं का आज पर्यान्त निराकरण नहीं हुआ है।

मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे ने बताया कि युक्तियुक्तकरण को फौरी तौर पर स्थगित कर दिया गया है क्योंकि कुछ माह पश्चात नगर पालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव है । फेडरेशन की मांग है कि युक्तियुक्तकरण को पूर्णतः निरस्त किया जाये क्योंकि इस प्रक्रिया से प्रदेश के 4000 से अधिक स्कूल बंद हो जायेंगे तथा इन स्कूलों के सफाई कर्मचारी व रसोईया के सेवा पर प्रश्नचिन्ह लग जायेगा ,अर्थात वे बेरोजगार हो जाएंगे, शिक्षकों की पदोन्नति नहीं होगी तथा यह सरकार सत्ता में आने के पूर्व 32000 शिक्षकों की भर्ती की ग्यारंटी थी उस पर पर प्रश्नचिन्ह लग गया।इस दौरान प्रमुख रूप से संयोजक भेलसिंह वर्मा, महामंत्री योगेश चौरे, डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर, मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे, अमित वैष्णव, संतोष देवांगन,धन्नूलाल महोबिया, भरत साहू, श्रवण गभने, बी.एस. राव व श्रीमती कुंता काडे आदि उपस्थित थे।

### भाजपा चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वादों को पूरा करें -फेडरेशन

फेडरेशन में प्रेस को जारी की गई विज्ञप्ति में भाजपा सरकार पर आरोप लगाया है कि, भाजापा के घोषणा पत्र अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों को केन्द्र के समान 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता, प्रदेश के कर्मचारियों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान, केन्द्र समान गृह भाड़ा भत्ता एवं डी.ए. की लंबित एरियर्स राशि जे पी एफ खाते में समायोजित किया जाए। मप्र. सरकार की भांति प्रदेश के शासकीय सेवकों को अर्जित अवकाश नगदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन किया जाए व शिक्षकों के विसंगति युक्त युक्तियुक्तकरण को निरस्त किया जाये।

# शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में 'मस्ती की पाठशाला'




हरदी (दावा)। विगत दिनों शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला टटेंगा में अंग्रेजी भाषा के अंतर्गत मस्ती की पाठशाला का आयोजन अंग्रेजी के व्याख्याता अजय पाठक के निर्देशन में छात्र-छात्राओं के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य आरके देवांगन, रसायन के व्याख्याता रेश्मी साहू एवं भौतिक की व्याख्याता पवन सिन्हा ने मां सरस्वती के पूजन से की तथा सभी बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम की खास बात यह है की सभी ने अंग्रेजी में वार्तालाप की। कक्षा 12 वीं के सत्येंद्र और वेद प्रकाश ने मोबाइल दुकान में, गुलशन एवं विवेक ने शिक्षक और छात्रों के बीच के वार्तालाप, उदय और प्रीतम ने दुकानदार और ग्राहक बनकर तथा ओझल, माही, वैशाली, गोयल, अंजली सिन्हा एवं पल्लवी ने डॉक्टर, नर्स और मरीज के बीच के वार्तालाप को बहुत अच्छे ढंग से प्रदर्शित किया। पंकज, गोयल एवं अंजलि मानिकपुरी ने सब्जी मार्केट में होने वाले वार्तालाप का एक सुंदर चित्रण इस कार्यक्रम में प्रस्तुत किया। साथ ही भानु प्रताप, चांदनी, यामिनी और चंचल ने बैंक मैनेजर और ग्राहकों के बीच के होने वाले क्रियाकलापों की एक सुंदर छवि प्रस्तुत की। कक्षा 9वी के छात्र डेविड ने शानदार कविता प्रस्तुत की तथा कक्षा 9वी की ही छात्रा छवि ने एक चुटकुला यहां प्रस्तुत किया। सुनिधि, रीवा, विद्या, प्रियल, चहक, मोनिका, दिव्या, सुमन और नगमा ने वार्तालाप की सुंदर झांकी प्रस्तुत की। प्राचार्य महोदय ने अपने आशीर्वचन में सभी की प्रशंसा की एवं छात्र-छात्राओं को अपने इस प्रयास को निरंतर जारी रखने की सलाह दी तथा व्याख्याता अजय पाठक की प्रशंसा करते हुए कहा कि विषय के अलावा इस प्रकार बच्चों को विगत कई वर्षो से अंग्रेजी सिखाते आ रहे है एवं इस प्रकार अलग से ज्ञान देना बहुत जरूरी है ताकि 12वीं के बाद उनको होने वाले विभिन्न परेशानियों से मुक्ति मिल सके। कार्यक्रम को व्याख्याता रेशमी साहू एवं व्याख्याता पवन सिन्हा ने भी संबोधित किया। अंत में व्याख्याता अजय पाठक ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन 12वीं की छात्रा ओझल देवांगन ने की।

# कुमरदा में बैंक खोलने सांसद और अध्यक्ष से की मुलाकात



डोंगरगांव (दावा)। कुमरदा में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक खोलने की मांग कई वर्षों से चली आ रही है, जिसे लेकर प्रतिनिधि मंडल एवम भाजपा के पदाधिकारियों ने सांसद संतोष पांडे एवम जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव के अध्यक्ष सचिन बघेल से मुलाकात की.

प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि जिसमें 5 वर्षों तक कांग्रेस सरकार में इनके विधायक एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष रहे और इस जायज मांग को चुनावी मुद्दा बनाकर जिस कांग्रेस ने जनता को भ्रमित किया, वहीं अब इसके लिए एक आंदोलन बनाने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि कुमरदा क्षेत्र की जनता के लिए भाजपा हमेशा सकारात्मक सोचती है. उक्त विषय को ले कर प्रतिनिधि मंडल व पदाधिकारियों ने पहल प्रारंभ कर दी है. इस विषय को सांसद पांडे ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल संज्ञान में लिया और फाइल आगे फॉरवर्ड करते हुए आश्वस्त कर दिया कि कुमरदा की प्राथमिकता हमारी प्रतिबद्धता है और हम कुमरदा क्षेत्र के किसानों के हित में सर्वोच्च प्रयास करेंगे. इसके साथ-साथ उन्होंने संबंधित अधिकारी को तत्काल बात कर सूची में शामिल करने को कहा. इसी क्रम में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव के अध्यक्ष सचिन बघेल ने कहा कि कहीं कोई भी भ्रम में रहने की आवश्यकता नहीं रह गई है. हमारी सरकार ने पहले से ही कुमरदा को सूची में शामिल कर रखा है. श्री बघेल ने कहा कि क्षेत्र के किसानों को कही भी भटकने या किसी के बहकावे में आने की जरूरत नहीं है, कुछ लोग राजनैतिक रूप देने का प्रयास कर रहे हैं वो समझ लें कि इससे कोई फायदा नहीं होगा. जो विषय हमारे संज्ञान में है हम उसको करने भी जा रहे है, उस पर माहौल बनाने का प्रयास किया जाना केवल राजनीतिक खेल हो सकता है. हमारी सरकार किसानों की सर्वदा हितैशी रही है. 5 वर्षो से लटके भटके काम सब निश्चित समय पर पूर्ण हो जायेंगे. श्री बघेल एवम सांसद से आश्वासन प्राप्त होने के बाद प्रतिनिधि मंडल ने धन्यवाद किया. इस दौरान भाजपा मंडल महामंत्री कुमर्दा नुनकरन भूआर्य, जिलामंत्री युवा मोर्चा अनंत तिवारी, दिनेश ठाकुर सरपंच, जिला भाजपा युवा मोर्चा, उपसरपंच गंसू राम कोलियारे, किशनसिंह साहू, ग्राम प्रमुख लक्ष्मीनारायण साहू, रूपेश साहू, ग्राम प्रमुख हेमदास साहू, मिलेंद्र तांडेकर उपस्थित रहे.

# जिले की स्थापना दिवस के अवसर पर आकांक्षी जिला अंतर्गत संपूर्णता कार्यक्रम का आयोजन




30 सितंबर तक अभियान चलाकर लक्ष्य प्राप्त किया जायेगा

अंबागढ़ चौकी (दावा)। भारत सरकार नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संपूर्णता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। आज जिले की द्वितीय स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थानीय दशहरा मैदान मोहला में संपूर्णता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत सरकार नीति आयोग द्वारा जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी को आकांक्षी जिला के लिए चयनित किया गया है। जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, सामाजिक विकास के लक्ष्य को शतप्रतिशत प्राप्त करने के लिए 30 सितंबर तक अभियान चलाया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य संपूर्णता के साथ शतप्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने हेतु मुहिम चलेगा। इसके अंतर्गत तीन माह के समस्त गर्भवती माताओं को प्रसव पूर्व देखभाल की व्यवस्था किया जायेगा। पूरक पोषण आहार सभी गर्भवती माताओं को प्राप्त हो, इस दिशा में कार्य किया जायेगा। सभी बच्चों का टीकाकरण, क्षेत्र के सभी नागरिकों की बीपी-शुगर की जांच, स्कूलों में बुनियादी सुविधा मुहैय्या कराना, उन्नत कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किसानों को स्वायल हेल्थ कार्ड वितरित करना, महिला समूह को रिवाल्विंग फंड्स उपलब्ध कराना है। इन निर्धारित लक्ष्य को संपूर्णता के साथ पूर्ण कर विकसित भारत के संकल्प को पूरा किया जाना है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद संतोष पाण्डेय थे। उन्होंने विभागीय स्टालों में पहुंचकर योजनाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सामग्री व चेक वितरण किया गया। इस अवसर पर संपूर्णता रथ एवं सीएसआर मद से क्रय किए गए मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद पाण्डेय ने कहा कि आज का दिन जिले वासियों के लिए खुशी मनाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी नवोदित जिला है। जिला निर्माण के बाद यह जिला विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिस उद्देश्य के साथ जिले की स्थापना किया गया था। उस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में जिला आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की सभी क्षेत्रों में विकास की कल्पना रखते हैं। देश का सभी क्षेत्रों में कैसे विकास हो, इसकी कल्पना व चिंता करते हैं। उन्होंने कहा कि हम सब की एक ही इच्छा है कि इस वनांचल क्षेत्र का सभी दिशाओं में तेजी से विकास हो और क्षेत्र के सभी लोगों का जीवन स्तर ऊपर उठे। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर परिवर्तन की दिशा में एक आंदोलन का रूप लेकर जिला को आगे बढ़ाने की दिशा में सार्थक सहयोग करना होगा। सांसद पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य तेजी से आगे बढ़ रहा। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अल्प समय में अपने किये गये संकल्प को पूरा किया गया है। उन्होने कहा कि, शासन की विशेषता है कि जनता के हित में कार्य कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी को विकसित जिला बनाने की रफ्तार में खड़ा करने के लिए हम सबको निरंतर मिलकर इस दिशा में काम करना होगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मोहला-मानपुर के विधायक इंद्रशाह मंडावी ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए गर्व की बात है। आज ही के दिन जिले की स्थापना हुआ था। उन्होंने कहा कि जिले की स्थापना में क्षेत्र के सभी लोगों का सार्थक भागीदारी और सहयोग रहा है। विधायक मंडावी ने कहा कि आकांक्षी जिला बनने से अनेक योजनाएं क्षेत्र के विकास में मददगार बनेगी। उन्होंने जिले के विकास में सभी से योगदान देने की बात कही। इस अवसर पर कलेक्टर एस जयवर्धन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी ब्लॉक के अंतर्गत अब तक किये गये कार्यों पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि आंकाशी जिला व ब्लाक के अंतर्गत चिन्हित छह बिंदुओं पर संघनता से कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर ने बताया कि जिला को अग्रणी और विकसित जिला बनाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव संजीव शाह, जनपद पंचायत मानपुर के अध्यक्ष दिनेश शाह मंडावी, नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के अध्यक्ष श्रीमती विद्या रमेश ताम्रकार, जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव, नरसिंह भंडारी, श्रीमती राधिका अंधारे, सरपंच श्रीमती सरस्वती ठाकुर, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह, वन मण्डलाधिकारी दिनेश पटेल, अपर कलेक्टर विजेंद्र सिंह पाटले, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रेमलता चंदेल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हेमेंद्र भुआर्य, परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिकगण, जिला प्रशासन के अधिकारीगण-कर्मचारीगण एवं आंगनबाड़ी कार्यकता, महिला समूह उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुभारंभ के पूर्व स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा बड़ी संख्या में कलेक्टर कार्यालय से दशहरा मैदान तक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से संपूर्णता अभियान को सफल बनाने के लिए नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए पोस्टर प्रदर्शित किया गया।

## पहला कॉलम...

### शेयर बाजार : सेंसेक्स और निफ्टी ने बनाया नया रिकॉर्ड

मुंबई । मजबूत ग्लोबल संकेतों के कारण भारतीय शेयर बाजार के कारोबारी सत्र में रिकॉर्ड हाई पर खुले। कारोबार की शुरुआत में ही सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने क्रमश- 82,725 और 25,333 का नया ऑल-टाइम हाई बनाया। सुबह 9.22 पर सेंसेक्स 195 अंक या 0.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,561 और निफ्टी 68 अंक या 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,304 पर था। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी खरीदारी देखी जा रही है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 132 अंक या 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 59,421 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 51 अंक या 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,358 पर था।

अब तक के कारोबार में ऑटो, आईटी, फिन सर्विस, एफएमसीजी, रियल्टी, एनर्जी, प्राइवेट बैंक, इन्फ्रा और पीएसई सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स हैं। पीएसयू बैंक, मेटल और मीडिया में दबाव बना हुआ है। सेंसेक्स पैक में आईटीसी, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, टीसीएस, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी, जेएसडब्ल्यू स्टील, सन फार्मा और नेस्ले टॉप गेनर्स हैं। वहीं, टाटा मोटर्स, एमएंडएम, एनटीपीसी, टाइटन और आईसीआईसीआई बैंक टॉप लूजर्स हैं। एशिया के ज्यादातर बाजारों में हरे निशान में कारोबार हो रहा है। टोक्यो, जकार्ता और सोल में तेजी हैं। केवल हांगकांग और शंघाई के बाजारों में गिरावट है। अमेरिका के बाजार शुक्रवार के सत्र में तेजी के साथ बंद हुए थे।

### विदेशी मुद्रा भंडार 7.02 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 681.7 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी इजाफा होने से 23 अगस्त को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 7.02 अरब डॉलर को बढ़ोतरी लेकर 681.7 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.55 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 674.7 अरब डॉलर पार रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 23 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 5.98 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 597.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 89.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 60.99 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 11.8 करोड़ डॉलर का इजाफा हुआ और यह बढ़कर 18.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि तीन करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 4.7 अरब डॉलर हो गया।

### क्रिकेटर कीर्ति आजाद की पत्नी का निधन

नई दिल्ली। वनडे वर्ल्ड कप-1983 की विजयी भारतीय टीम का हिस्सा रहे पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद की पत्नी का निधन हो गया है। आजाद ने खुद एक्स पर पोस्ट लिखकर इस बात की जानकारी दी है। आजाद की पत्नी पूनम लंबे समय से बीमारी से जूझ रही थीं।पूनम ने साल 2016 में आम आदमी पार्टी का दामन थामा था। इसके बाद उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था और अगले साल कॉग्रेस में चले गए थे। आजाद बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भागवत झा आजाद के बेटे हैं। कीर्ति आजाद ने एक्स पर एक पोस्ट लिखकर अपनी पत्नी के निथन की जानकारी दी। उन्होंने पोस्ट करते हुए लिखा, ÷मेरी पत्नी पूनम अब नहीं रहीं। 12.40 बजे उन्होंने अपने देह छोड़ा। आजाद की पत्नी के निधन पर पश्चिन बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी दुख जाहिर किया है। ममता ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि वह पूनम को लंबे समय से जानती थीं। ममता ने लिखा, ये बात सुनकर दुख हुआ कि हमारे सासंद और विश्व विजेता क्रिकेटर कीर्ति आजाद की पत्नी पूनम झा आजाद का निधन हो गया है। मैं लंबे समय से पूनम को जानती थी। मुझे पता था कि वह कुछ सालों से बीमार हैं। कीर्ति और उनके परिवार वालों ने काफी कोशिशें की और वह इस आखिरी लड़ाई में उनके साथ थे।

### समित द्रविड़ नहीं खेल पाएंगे अंडर 19 वर्ल्ड कप

नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और हेड कोच रहे राहुल द्रविड़ के बेटे अब टीम इंडिया के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। ऑस्ट्रेलिया की अंडर 19 टीम के साथ होने वाली सीरीज के लिए समित द्रविड़ का भी सेलेक्शन किया गया है। सीरीज इसी महीने होगी, लेकिन इससे पहले समित द्रविड़ की चर्चा शुरू हो गई है। इस बीच खास बात ये है कि समित भले ही अभी भारत की अंडर 19 टीम के लिए खेलते हुए नजर आएं। वे कैसा भी प्रदर्शन करें, लेकिन इतना पक्का है कि वे भारत के लिए अंडर 19 विश्व कप नहीं खेल पाएंगे। इसको लेकर एक पेंच है, जो उन्हें ऐसा करने से रोकेगा। समित द्रविड़ का जन्म 10 नवंबर 2005 को हुआ था। इस ?हिसाब से देखें तो उनकी उम्र आज यानी 2 सितंबर 2024 को 18 साल और 297 दिन की हो गई है। इसी साल 10 नवंबर को समित 19 साल के हो जाएंगे। 19 साल के हो जाएंगे का मतलब ये हुआ कि इसके बाद वे अंडर 19 टीम में नहीं खेल पाएंगे। अंडर 19 विश्व कप का आयोजन साल

# पेरिस पैरालंपिक में प्रीति पाल ने जीता दूसरा मेडल, पीएम मोदी ने दी बधाई

**नईदिल्ली। भारतीय रनर प्रीति पाल ने रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए पेरिस पैरालंपिक 2024 में दूसरा मेडल जीत लिया. प्रीमि ने महिलाओं की 200 मीटर टी35 कैटगिरी में ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया है. प्रीति का ये मेडल भारत का इस पैरालंपिक में 6वां मेडल है. उनकी इस उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ट्वीट कर बधाई दी.**




प्रीति पाल जज्बे का जीता जागता सबूत हैं. उन्होंने पेरिस पैरालंपिक 2024 में दूसरा ब्रॉन्ज मेडल जीता, जो पेरिस में चल रहे खेलों में भारत का दूसरा पैरा एथलेटिक्स मेडल भी है. उनकी इस अचीवमेंट पर पीएम मोदी ने ट्वीट करते हुए सराहा. उन्होंने लिखा- प्रीति पाल ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है. प्रीति ने महिलाओं की 200 मीटर टी35 स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल जीता, जो उनका पैरालंपिक 2024 में दूसरा मेडल है. वह भारत के लोगों के लिए एक प्रेरणा हैं. उनका समर्पण कमाल का है.

प्रीति ने रविवार को महिलाओं की 200 मीटर टी35 श्रेणी में ब्रॉन्ज जीत लिया है. उन्होंने 30.01 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ यह कमाल किया. इससे पहले प्रीति ने शुक्रवार को महिलाओं की 100 मीटर टी 35 दौड़ में कांस्य जीता, जो भारत का पैरालंपिक ट्रैक स्पर्धा में पहला एथलेटिक्स पदक था. बताते चलें, पेरिस पैरालंपिक 2024 के चौथे दिन भारत ने 2 मेडल जीते. जहां, प्रीति ने ब्रॉन्ज जीता, वहीं हाई जंप में निषाद कुमार ने सिल्वर मेडल जीता. इस तरह भारत के खाते में 7 मेडल्स आ गए हैं.

उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर से ताल्लुख रखने वाली प्रीति ने छोटी से उम्र में कई दिक्कतों का सामना किया. घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी. इतना ही नहीं कमजोर और असामान्य पैर की स्थिति के कारण पैदा होने के 6 दिन बाद ही शरीर के निचले हिस्से पर प्लास्टर बांधना पड़ा था. उनका सालों तक इलाज चला, लेकिन कोई खास फायदा नहीं हुआ. प्रीति को पांच साल की उम्र में कैलिपर पहनना पड़ा जिसका आठ सालों तक उन्होंने उपयोग किया.

मगर प्रीति के अंदर जज्बा था और कम उम्र में ही वह ट्रेनिंग के लिए दिल्ली आ गईं. फिर उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से सपना पूरा किया और पेरिस पैरालंपिक 2024 में 2 मेडल जीतकर अपने परिवार और देश का नाम रौशन किया.

## भारत के लिए योगेश कथुनिया ने जीता सिल्वर, डिस्कस थ्रो में किया कमाल

नई दिल्ली। योगेश कथुनिया ने सोमवार, 2 सितंबर को पेरिस पैरालिंपिक में मेंस डिस्कस थ्रो एफ-56 इवेंट में कमाल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता है। इस तरह भारत के पदकों की संख्या अब आठ हो गई है। योगेश ने 42.22 मीटर के अपने सीजन के सबसे बेस्ट प्रदर्शन के साथ रजत पदक जीता। भारत को मेडल टैली में फायदा हुआ है।



पैरालिंपिक में योगेश का यह दूसरा रजत पदक है। उन्होंने 2021 में टोक्यो पैरालिंपिक में भी रजत पदक जीता था। 27 वर्षीय भारतीय को ब्राजील के क्लॉडनी बतिस्ता डॉस सैंटोस से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा और ब्राजील के खिलाड़ी के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें स्वर्ण पदक जीतने में मदद की।

बतिस्ता ने 46.45 मीटर की अपनी दूसरी थ्रो के साथ सर्वकालिक पैरालिंपिक रिकॉर्ड (45.59 मीटर) को तोड़ दिया। हालांकि, वे यहीं नहीं रुके और अपने 5वें प्रयास में 46.86 मीटर तक जाकर नया पैरालिंपिक रिकॉर्ड बनाया। पेरिस में यह उपलब्धि बतिस्ता के करियर में एक और शानदार उपलब्धि है। पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के लिए योगेश का इंतजार जारी है। उन्होंने पहले प्रयास में अपना सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, लेकिन अगले पांच प्रयासों में वे इस आंकड़े को पार नहीं कर पाए।

## यूएस ओपन से बाहर हुए रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एबडेन

नई दिल्ली। रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एबडेन की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को यूएस ओपन मेंस डबल्स इवेंट के तीसरे दौर में अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेज और एंड्रेस मोल्टेनी से 66 मिनट में हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही यूएस ओपन के मेंस डबल्स इवेंट में भारत की चुनौती समाप्त हो गई है। मैच की शुरुआत अर्जेंटीना की जोड़ी के शानदार प्रदर्शन के साथ हुई। मोल्टेनी और गोंजालेज ने पहला सेट आसानी से 6-1 से जीत लिया और इस दौरान कई बार इंडो-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी की सर्विस तोड़ी। बोपन्ना और एबडेन ने दूसरे सेट में जोरदार वापसी की लेकिन उनके प्रतिद्वंद्वियों ने महत्वपूर्ण मौकों का फायदा उठाया और इसे 7-5 से जीतकर टाई-ब्रेक से बचा लिया।



बोपन्ना ने डेविस कप से संन्यास की घोषणा कर दी है और अब वे भारत के लिए खेलते हुए नजर नहीं आएंगे। भारत के लिए उनका आखिरी प्रदर्शन पेरिस ओलंपिक में हुआ था, जहां उन्होंने एन श्रीराम बालाजी के साथ जोड़ी बनाई थी। बोपन्ना-बालाजी की जोड़ी शुरुआती दौर से आगे नहीं बढ़ पाई और 76 मिनट में फ्रांस के गेल मोनफिल्स और एडौर्ड रोजर-वेसलिन के हाथों 7-5, 6-2 से हारकर बाहर हो गई। बोपन्ना ने पेरिस में अपने अभियान की समाप्ति के बाद पीटीआई से कहा था कि यह निश्चित रूप से देश के लिए उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा।

## 7 महीने प्रेग्नेंट एथलीट ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर पैरालंपिक में रचा इतिहास

नईदिल्ली। पेरिस पैरालंपिक 2024 में हिस्सा लेने वाले कई एथलीट्स का हौसला और जुनून देखने को लायक है. ऐसी ही एथलीट हैं ग्रेट ब्रिटेन की जोड़ी ग्रिनहम, जिन्होंने 7 मंथ प्रेग्नेंट होने के साथ ना केवल इस इवेंट में हिस्सा लिया बल्कि मेडल जीतकर इतिहास भी रच दिया. वह ग्रिनहम प्रेगनेंसी के साथ पेरिस पैरालंपिक में मेडल जीतने वाली पहली पैरा एथलीट बन गई हैं.

ग्रेट ब्रिटेन की जोड़ी ग्रिनहम का नाम इस वक्त चर्चा में बना हुआ है और हर कोई उनके जज्बे को सलाम ठोक रहा है. जोड़ी ग्रिनहम ने 7 महीने की प्रेग्नेंट रहते हुए पेरिस पैरालंपिक 2024 में हिस्सा लिया, जहां जोड़ी ग्रिनहम ने वुमेंस कंपाउंड में ग्रेट ब्रिटेन की फोएबे पैटर्सन पाइन के खिलाफ ब्रॉन्ज मेडल का मैच खेला, जिसमें 142-141 के स्कोर से जीत अपने नाम की. इस मैच में उन्होंने फोएबे पैटर्सन पाइन को धूल चटाई.




इस जीत के साथ ही ग्रिनहम का नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया. वह पेरिस पैरालंपिक में मेडल जीतने वाली पहली पैरा एथलीट बन गई. करीब 28 हफ्ते यानी 7 महीनें की प्रेग्नेंट रहते हुए इस इवेंट में हिस्सा लेने का फैसला किया.जोडी ग्रिनहम ने पेरिस पैरालंपिक 2024 में शामिल हैं. उनके बाएं हाथ में विकलांगता है और दाएं हाथ से निशाना लगाती हैं. इतना ही नहीं, उन्होंने आर्चरी के मिक्स्ड टीम कंपाउंड के क्वार्टर फाइनल में भी जगह बना ली है, जो 02 सिंतबर यानि आज खेला जाएगा. जोड़ी ग्रिनहम ने ब्रॉन्ज मेडल जीतने के बाद जोड़ी ग्रिनहम ने कहा, निशाना लगाते वक्त बच्चे ने पेट के अंदर किक मारना बंद नहीं किया. मुझे ऐसा अहसास हो रहा था कि बच्चा पूछ रहा हो कि मम्मी आप क्या कर रही हैं? लेकिन यह मेरे पेट में मौजूद सपोर्ट बबल एक प्यारी मैमोरी दिलाता है. मुझे खुद पर गर्व है. मैंने मुश्किलों का सामना किया है और यह बिल्कुल भी आसान नहीं रहा है. हालांकि मैं और बच्चा हेल्दी है.

## अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस की खावड़ा में 7 गीगावाट की ट्रांसमिशन लाइन के साथ और मजबूत हुई स्थिति

अहमदाबाद। अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड ( एईएसएल) की ओर से कहा गया कि कंपनी की ओर से खावड़ा फेस-आईवी पार्ट-ए ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट का अधिग्रहण पूरा कर लिया गया है। इससे देश की सबसे बड़ी निजी ट्रांसमिशन कंपनी के रूप में एईएसएल की स्थिति और मजबूत होगी।

4,091 करोड़ रुपये की लागत वाले इस प्रोजेक्ट में 298 किलोमीटर लंबी 7 गीगावाट की ट्रांसमिशन लाइन है, जो कि खावड़ा रिन्यूएबल एनर्जी पार्क से राष्ट्रीय ग्रिड को बिजली की आपूर्ति करेगी। एईएसएल की ओर से यह प्रोजेक्ट टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) प्रोसेस से जीता गया है। इस प्रोजेक्ट को अगले 24 महीने में कमीशन किया जाएगा और 35 वर्षों तक कंपनी इसकी देखरेख करेगी। एईएसएल के सीईओ कंदर्प पटेल ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े रिन्यूएबल एनर्जी पार्क खावड़ा को वर्ल्ड क्लास के साथ मजबूत और फ्यूचर रेडी ट्रांसमिशन नेटवर्क की जरूरत है।यह निवेश 30 गीगावाट की क्षमता वाले रिन्यूएबल पार्क खावड़ा से बिजली ट्रांसमिशन करने के साथ ग्रिड की स्थिरता के लिए भी जरूरी है। पटेल ने आगे कहा, एईएसएल को इस पहल का हिस्सा बनने पर काफी गर्व है। यह राष्ट्रीय ग्रिड में ग्रीन एनर्जी के प्रवाह के साथ भारत के नेट जीरो का लक्ष्य पाने में मदद करेगा। खावड़ा आईवीए पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड एक स्पेशल पर्पस व्हीकल (एसपीवी) है, जिसे आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (आरईसीपीडीसीएल) द्वारा खावड़ा रिन्यूएबल पार्क से 7 गीगावाट की।

## फिलीपींस में बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में आने से 9 लोगों की मौत

मनीला। उत्तरी फिलीपींस में तूफान के कारण भूस्खलन और भारी बारिश हुई है जिससे सोमवार तक कई इलाकों में बाढ़ आ गई और कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। हालात को देखते हुए अधिकारियों ने स्कूलों को बंद कर दिया है साथ ही सरकारी कामकाज भी स्थगित करना पड़ा है।

मौसम ब्यूरो के अनुसार, उष्णकटिबंधीय तूफान 'यागी' सोमवार दोपहर तक मनीला के दक्षिण-पूर्व में क्यूजोन प्रांत के इनफांटा शहर से 115 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में था, यह 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से टकराया और इसकी रफ्तार 90 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई।

## पहली बार टी20 विश्व कप में स्कॉटलैंड की टीम

नई दिल्ली। टी20 विश्व कप 2024 का आयोजन यूएई में 3 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक किया जाएगा। दुबई और शारजाह में कुल 23 मैच खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट के लिए दो ग्रुप बनाए गए है, जिसमें हर ग्रुप से टॉप की दो टीमें 20 अक्टूबर को दुबई में होने वाले फाइनल से पहले 17 अक्टूबर और 18 अक्टूबर को सेमीफाइनल मैच खेलेगी। इस टूर्नामेंट में एक ऐसी टीम है, जो पहली बार टी20 विश्व कप खेलने उतरेगी।ये टीम और कोई नहीं, बल्कि स्कॉटलैंड की टीम है, जो महिला टी20 विश्व कप में डेब्यू करने को तैयार हैं। स्कॉटलैंड टीम की कप्तानी स्टार ऑलराउंडर कैथरीन ब्राइस के हाथों में है। महिला चयन समिति ने 15 सदस्यीय टीम का चयन किया। आइए डालते है एक नजर स्कॉटलैंड की स्क्वॉड पर।




दरअसल, महिला टी20 विश्व कप इस साल संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट का यह नौवां संस्करण तीन से 20 अक्तूबर तक दुबई और शारजाह में खेला जाएगा। भारत को ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ रखा गया है।वहीं, स्कॉटलैंड की टीम पहली बार टी20 विश्व कप में हिस्सा लेने उतरेगी, जिसे ग्रुप-बी में इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के साथ रखा गया है। स्कॉटलैंड टीम की कप्तान कैथरीन ब्राइस को बनाया गया है, जो आगामी वैश्विक इवेंट के लिए टीम का नेतृत्व करने के लिए वापसी कर रही हैं। ब्राइस ने इस साल मई में यूएई में ICC महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर के दौरान स्कॉटलैंड की जर्सी में आखिरी बार खेला था। उनके शानदार प्रदर्शन ने टीम को महिला ञ्20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में मदद की। उन्होंने बल्ले से 177 रन और गेंदबाजी से 9 विकेट हासिल किए। श्रीलंका भी इस टूर्नामेंट से क्वालीफाई करने वाली दूसरी टीम थी।

टीम : कैथरीन ब्राइस (कप्तान), सारा ब्राइस (उपकप्तान), लोर्ना जैक-ब्राउन, अब्बी एटकेन-ड्रमंड, अबता मकसूद, सास्किया हॉर्ले, क्लो एबेल, प्रियानाज चटर्जी, मेगन मैकक्रॉल, डार्सी कार्टर, आइल्सा लिस्टर, हन्ना रेनी, राचेल स्लेटर , कैथरीन फ़्जर, ओलिविया बेल।

## प्रथम पेज का शेष

**बुलडोजर एक्शन पर एससी सख्त : कहा- बिना सबूत घर कैसे ढहाया जा सकता है?;**

'हम किसी भी अवैध ढांचे को नहीं बचाएंगे जो सड़कों को बाधित कर रही है, जिसमें मंदिर भी शामिल हैं, लेकिन डेमोलिशन के लिए दिशा-निर्देश होने चाहिए।' सीनियर एडवोकेट दुष्यंत दवे और सी.यू. सिंह ने याचिकाकर्ताओं की ओर से दिल्ली के जहांगीरपुरी में डेमोलिशन का उदाहरण दिया, जहां कुछ मामलों में किराए पर दी गई संपत्ति को भी ढहा दिया गया था।

**0 राजस्थान के उदयपुर में डेमोलिशन पर कोर्ट की टिप्पणी**

एक दूसरा मामला राजस्थान के उदयपुर का सामने आया, जहां एक छात्र द्वारा अपने साथ पढ़ने वाले एक लड़के पर हमला करने के बाद उसका घर गिरा दिया गया। कोर्ट ने इसे अनुचित ठहराते हुए कहा, 'अगर किसी के बेटे ने अपराध किया है, तो घर को गिराना सही तरीका नहीं है।' कोर्ट ने कहा कि इस मामले की फिर से सुनवाई 17 सितंबर को होगी और इस मुद्दे से निपटने के लिए सुझाव मांगे हैं।

**0 सुप्रीम कोर्ट ने की यूपी सरकार के रुख की सराहना**

जस्टिस गवई ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के हलफनामे में कहा गया है कि अचल संपत्ति को केवल कानूनी प्रक्रिया के मुताबिक ही गिराया जा सकता है। कोर्ट ने कहा, 'हम इस मुद्दे के समाधान के लिए पूरे देश के लिए कुछ दिशा-निर्देश तय करने का प्रस्ताव करते हैं। हम उत्तर प्रदेश सरकार के रुख की सराहना करते हैं।' बता दें कि 'बुलडोजर एक्शन' को लेकर देशभर में चिंता जताई जा रही है।

**अरविंद केजरीवाल-आतिशी को एचसी से झटका,**

के लिए सेशंस कोर्ट से झटका लगने के बाद केजरीवाल ने दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया था, लेकिन यहां भी केजरीवाल को झटका लगा है। कोर्ट ने कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। इसका सीधा अर्थ है कि इस मामले में अगर आप नेता दोषी पाए जाते हैं, तो उन्हें सजा भी मिल सकती है।

**लंबित मामले कम करने के लिए सीजेआई का बड़ा ऐलान,**

चर्चा की गई है। उन्होंने कहा, मुझे भरोसा है कि सम्मेलन में दिए गए सुझावों को अपनाने से न्यायिक बिरादरी को मदद मिलेगी और नागरिकों के लिए न्याय की प्रक्रिया को सरल बनाने में मदद मिलेगी। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम तारीख पर तारीख की पुरानी संस्कृति को बदलने का संकल्प लें।

# रिकॉर्ड के साथ जैवलिन थ्रो में सुमित अंतिल ने जीता स्वर्ण, भारत ने जीता दिन का सातवां पदक

पेरिस। पेरिस पैरालंपिक के तीसरे दिन सुमित अंतिल ने जैवलिन थ्रो में रिकॉर्ड 70.59 मीटर के थ्रो के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया है. यह भारत का दिन का सातवां पदक है. सुमित के अलावा इस स्पर्धा में भारत के संदीप और संदीप संजय सरगर भी हिस्सा ले रहे थे, संदीप जहां चौथे स्थान पर रहे तो संदीप सरगर सातवें स्थान पर रहे. सुमित से पहले तीरंदाज शीतल देवी और राकेश कुमार ने मिक्स्ड टीम कंपाउड ओपन में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया था. यह भारत के लिए दिन का छठा पदक रहा.



इससे पहले, भारत ने बैडमिंटन में चार मेडल जीते. शटलर नितेश कुमार ने पुरुषों के मेंस सिंग्लस स्ङ्घ मैच में ब्रिटेन के डेनियल बेथेल को हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया तो वहीं तुलसीमथी मुरुगेसन को महिला एकल स्5 स्वर्ण पदक मैच में चीन की किउ ज़िया यांग के खिलाफ हारकर सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा. दिन का तीसरा मेडल मनीषा रामदास ने दिलाया. जबकि सुहास यतिराज ने सिल्वर अपने नाम करके भारत को बैडमिंटन में चौथा पदक दिलाया है.

मनीषा ने डेमनार्क की कैथरीन रोसेनग्रेन को हराकर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया है. इन तीन पदकों के साथ भारत के मौजूदा पैरालंपिक में 11 पदक हो चुके हैं. उनसे पहले भारत के योगेश कथुनिया ने सोमवार को चल रहे खेलों में सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की डिस्कस थ्रो एफ-56 स्पर्धा में लगातार दूसरा पैरालंपिक रजत पदक जीता. बैडमिंटन स्टार सुहास यतिराज का अभी गोल्ड मेडल मैच बाकी है, जबकि स्टार तीरंदाज शीतल देवी और राकेश कुमार मिश्रित टीम कंपाउंड ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं. बाद में, सुमित अंतिल पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में भाग लेंगे.

बता दें, ऐसा पहली बार हुआ है जब भारत ने लगातार दो पैरालंपिक खेलों में मेडल टैली में दहाई का आंकड़ा पार किया है. भारत ने टोक्यो में 19 पदक जीते थे. पेरिस में भारत अभी तक 11 पदक जीत चुका है. सोमवार को भारत अपने पदकों की संख्या को बढ़ाकर 17 करना चाहेगा

## लिटन दास का पाकिस्तान पर पलटवार, बांग्लादेश का बड़ा कारनामा, 57 साल पुराना रेयर रिकॉर्ड तोड़ा

नई दिल्ली। ऐसा लगता है है पाकिस्तान के दिन बहुत ही खराब चल रहे हैं. पहले टेस्ट में बांग्लादेश के हाथों 10 विकेट से हार मिली, तो दूसरे टेस्ट से पहले सीनियर खिलाड़ियों के ड्रेसिंग रूप की झगड़े की खबर आई. फिर टीम से शाहीन आफरीदी और नसीम शाह की दूसरे टेस्ट की इलेवन से छुट्टी हुई, तो अब दूसरे टेस्ट में सीरीज बराबरी की उम्मीदों को पहले बारिश और फिर अब लिटन दास ने रावलपिंडी में खेले जा रहे मैच तीसरे दिन रविवार को बुरी तरह झकझोर दिया . लिटन दास ने बहुत ही ज्यादा संकट के समय नंबर सात पर 228 गेंदों पर 13 चौकों और 4 छक्कों से 138 रन बनाए, तो वहीं सातवें विकेट कि लिए मेहदी हसन (78) के साथ सातवें विकेट के लिए 165 रन की साझेदारी करते हुए बांग्लादेश को पहली पारी में 262 का स्कोर दिला दिया. पाकिस्तान ने पहली पारी में 274 रन बनाए थे. इसलिए पाकिस्तान सिर्फ 12 रन की ही बढ़त हासिल कर सका.



लिटन ने की जबर्दस्त पलटवार की अगुवाई

पाकिस्तान ने कभी भी नहीं सोचा होगा कि लिटन दास की अगुवाई में उसकी बांग्लादेश उसकी मेहमान टीम को शिकस्त देने की उम्मीदों को ऐसा जोर का झटका लगेगा. वजह यह थी कि खुर्रम शहजाद (90 पर 6) के दमदार प्रदर्शन से पाकिस्तान ने एक समय बांग्लादेश के छह विकेट सिर्फ 26 रन पर गंवा दिए थे. और जब पाकिस्तान मेहमान टीम को पचास से नीचे समटेने के सपने देख रहा था, जब दास और हसन ने मिलकर पाकिस्तान पर जबर्दस्त पलटवार करते हुए स्कोर को कहीं आगे पहुंचा दिया. और इसी के साथ बांग्लादेश ने 57 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया.

# ग्रामीण अंचल में धर्मांतरण का खेल, प्रार्थना सभा का विरोध करने पर आरोपी ने किया गाली-गलौज

**बालोद(दावा)। जिले में धर्मांतरण का विवाद खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है. धर्मांतरण का ताजा मामला गुंडरदेही विधानसभा में सामने आया है, जहां पिछले कई सप्ताह तक माहुद में चल रहे अवैध प्रार्थना सभा को लेकर बवाल मच गया है. कुछ हिंदूवादी संगठनों ने मौके पर पहुंचकर प्रार्थना सभा का विरोध जताया और आरोप लगाया कि प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण का काम किया जा रहा है.**

आरोप है कि राकेश निर्मलकर नामक व्यक्ति जुंगेरा पास्टर के रूप में पिछले कई सप्ताह से गुंडरेदही विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में धर्मांतरण के कार्य कर रहा है. रविवार को भी आरोपी डौंडीलोहारा के पास कोबा गांव में हिंदू विरोधी कार्यों में लिप्त पाया गया.

रिपोर्ट के मुताबिक ग्रामीण अंचलों में प्रार्थना सभा आयोजित कर लोगों का धर्मांतरण के लिए प्रेरित करने के आरोपी राकेश निर्मलकर रविवार को मनकी पहुंचा. सूचना मिलते ही मौके पर हिंदूवादी संगठन के लोग वहां पहुंच गए. इस दौरान आरोपी ग्रामीणों से गाली गलौच करने लगा. देखते ही देखते सैकड़ों लोग वहां इकट्ठा हो गए, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया.

अर्जुंदा पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर धर्मांतरण को बढ़ावा देने और गाली-गलौच करने के आरोप में राकेश निर्मलकर पर कागजी कार्यवाही कर थाने ले गई. पुलिस ने आरोपी निर्मलकर को ग्रामीण अंचलों में शांति भंग करने के आरोप में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के तहत धारा 170 की कार्यवाही कर जेल भेज दिया.

अर्जुन्दा थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी धर्मांतरण के लिए प्रेरित करने के लिए गांव में प्रार्थना सभा कर रहा था. हिंदूवादी संगठनों और ग्रामीणों के मना करने पर वह गाली-गलौच करने लगा. उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ बीएनएसएस को धारा 170 के तहत कार्रवाई की गई हैं.भाजपा महामंत्री विश्वास गुप्ता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार में पिछले 5 वर्षों में ग्रामीण अंचलों में ईसाई मिशनरी सक्रिय हुए है. उन्हें यहां से खदेड़ा जाएगा और अपने हिंदू भाइयों को हम अपने से किसी भी शर्त पर अलग होने नहीं देंगे. क्षेत्र में चल रहे हैं. उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों में धर्मांतरण की पूरी जानकारी गृह मंत्री विजय शर्मा को दी जाएगी.

### आरोपी राकेश निर्मलकर के खिलाफ बीएनएसएस को धारा 170 के तहत कार्रवाई

मामले अर्जुन्दा थाना प्रभारी मनीष शेन्द्रे,ने बताया कि, मनकी में एक व्यक्ति द्वारा वाद विवाद करने की सूचना प्राप्त हुई थी, आरोपी धर्मांतरण के लिए प्रेरित करने के लिए गांव में प्रार्थना सभा कर रहा था.

हिंदूवादी संगठनों और ग्रामीणों के मना करने पर आरोपी गाली-गलौच करने लगा. आरोपी के खिलाफ बीएनएसएस को धारा 170 के तहत कार्रवाई की गई हैं.

# स्वामी आत्मानंद शिक्षक एवं कर्मचारियों का राज्य स्तरीय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। स्वामी आत्मानंद शिक्षक एवं कर्मचारी संघ के राजनांदगांव जिला अध्यक्ष हर्षवीर वैष्णव ने बताया की भानुप्रतापपुर में स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ नें राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मेलन एवं प्रतिभावान छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि भोजराज नाग, सांसद लोकसभा क्षेत्र कांकेर, विशिष्ट अतिथि हेमंत ध्रुव, जिला पंचायत अध्यक्ष कांकेर, नरोत्तम चौहान, सांसद प्रतिनिधि, बिरेंद्र सिंह ठाकुर, ग्राम पटेल एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तथा ललित गांधी के द्वारा माता सरस्वती, स्वामी आत्मानंद जी, एवं स्वामी विवेकानंद जी की के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। प्रदेश अध्यक्ष विकास तिवारी ने अपने संघ के मांगो को लेकर सांसद को तथा उनके माध्यम से मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम से भी ज्ञापन सौंपा द्य प्रदेश अध्यक्ष ने संघ की समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि, प्रदेश सरकार स्वामी आत्मानन्द योजना को सुचारु रूप से संचालित कर रही है जिसके लिए हम आभारी है, प्रदेश के संविदा कर्मचारियों को 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि का लाभ दे रही है लेकिन शिक्षा जगत के संविदा कर्मचारी इससे वंचित है, सरकार बनने के 100 दिन के भीतर कमीटी का गठन करके संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की बात कही थी, लेकिन इस दिशा में कोई भी पहल नहीं है जिससे हम संविदा कर्मचारी ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। सांसद ने अपने भाषण में आश्वासन देते हुए कहा कि जो शिक्षक बच्चों का भविष्य उज्जवल कर रहे हैं, यदि उनका स्वयं का भविष्य अंधकार में है, तो मैं अवश्य ही इस बात को प्रमुखता के साथ छत्तीसगढ़ शासन के समक्ष रखूँगा। सांसद ने प्रतिभावान छात्रा तान्या श्री मारिया को राज्य की टॉप 10 सूची में स्थान प्राप्त करने पर, उनके माता-पिता के साथ सम्मानित किया। अन्य अतिथियों में क्रिस्टोफर पॉल एवं रवि गड़पायले के द्वारा संविदा कर्मचारियों के हितों को लेकर शासन स्तर के जरूरी प्रयास को लेकर संघ को मार्गदर्शन प्रदान किया गया संविदा साथी के संगठन के एकता और संघर्ष की निरंतरता पर कर्मचारियों ने नगर में जुलूस निकालकर अपनी एकता, व अपनी अखंडता को लेकर, अपनी ताकत से परिचित करवाया। संघ के द्वारा सांसद को प्रतीक चिन्ह भेंट करके मंच से विदाई दी गयी।

# सनातन धर्म महासभा द्वारा सभी सनातनी हिन्दू भाईयों को एकरूपता से जोड़ते दिलाया गया संकल्प



राजनांदगांव (दावा)। शंकरपुर में अखिल भारतीय सनातन धर्म महासभा द्वारा प्रदेश स्तरीय तीज महोत्सव, नंद महोत्सव धूम-धाम से मनाया गया। सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर बैठक का प्रारंभ किया गया। बैठक को संबोधित सर्वप्रथम सनातन धर्म महासभा के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक द्वारा किया गया। जिसमें उन्होने बाहर से आये हुए सभी अतिथियों को तैलचित्र देकर सम्मान किया गया। व उद्बोधन में कहा कि, सनातन तीज त्यौहार, नंद उत्सव ओ एक महोत्सव करना है। क्योंकि हमें सनातन धर्म को पूरे प्रदेश में आगे बढ़ाना है। और सनातन धर्म महासभा प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक द्वारा सभी सनातनी हिन्दू माता भाई- बहनों को शपथ व संकल्प दिलाया कि ना कोई अग्रवाल है ना कोई बनिया है माहेश्वरी ना कोई ब्राम्हण है, ना कोई राजपूत है,ना कोई देवांगन है, ना कोई साहू, सबसे पहले हम सब आदिकाल से चला आ रहा है सनातनी हिन्दू है। व हम सब जातिवाद के इस क्रम में ना बटे क्योंकि हम बटेगें तो कटेंगें का संज्ञान देते हुए हिन्दू एक रूपता का परिचय देते हुए पूरे प्रदेश में यह अभियान शपथ व संकल्प का प्रारंभ किया गया। उसके पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष अरूण मिश्रा रायपुर की रूपाली शर्मा, राजिम के कमलेश्वर महराज, भिलाई के अन्नू राणा, रायपुर के तनू शर्मा, विशाखा वर्मा, मौसमी शर्मा, आदि ने अपने- अपने उद्बोधन में मातृ शक्ति को भी सनातन धर्म को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश स्तर पर कंधे-कंधे से कंधा मिलाकर पूरे प्रदेश में सनातनी हिन्दू धर्म आगे बढ़ाने को कहा गया। तत्पश्चात सभी प्रतियोगिता के सदस्यों को पुस्कार प्रदान कर सम्मान दिया गया। इस शुभअवसर पर अत्यिधिक संख्या में सनातनियों ने हिस्सा लिया। और सनातन धर्म को आगे बढ़ाने हेतु संकल्प लिया। उपरोक्त जानकारी विशाखा वर्मा ने दी।

# प्रभारी मंत्री के आगमन पर देवांगन समाज ने किया भव्य स्वागत



खैरागढ़ (दावा)। जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन का दौरा केसीजी जिले में रहा। समाज के संरक्षक मनराखन देवांगन के नेतृत्व में श्री देवांगन के नगर आगमन पर देवांगन समाज ने फूल माला से भव्य स्वागत किया। जोर सोर से नारे लगाये जय देवांगन जय महाजन लखन देवांगन जिंदाबाद के नारे लगे। समाज की तरफ से मनराखन देवांगन ने छेत्रीय विधायक यशोदा वर्मा के अनुसंशा पर मंत्री के द्वारा अतिरिक्त भवन निर्माण के लिए 6 लाख पचास हजार रूपये की स्वीकृति प्रदान किये जाने पर आभार व्यक्त किया। वही रिटायर्ड बुनकरों की पेंसन राशि बढ़ाने की मांग की और बुनकरों की समस्या को लेकर चर्चा किया गया। और शहर में सरकार की योजना जमीन तक कार्य हो इसको लेकर बात रख। समाज की ओर ब्लाक अध्यक्ष कृपा राम देवांगन, शहर अध्यक्ष सेवक देवांगन, बीरेंद्र देवांगन, अजय देवांगन, गोविंद देवांगन, युवराज देवांगन, परसादी राम देवांगन, मोराजद्धाज देवांगन, दीपक देवांगन, नरेश देवांगन, नरेश देवांगन, मनोज देवांगन, विष्णु देवांगन, लखन देवांगन और ईश्वर देवांगन सहित बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# कायस्थ समाज ने स्व. प्रकाश श्रीवास्तव को दी श्रद्धांजलि

राजनांदगांव(दावा)। कायस्थ समाज द्वारा समाजसेवी स्व. प्रकाश श्रीवास्तव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर समाज के सभी वर्ग के लोग मौजूद थे और उन्होंने स्व. प्रकाश श्रीवास्तव को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान स्व. प्रकाश श्रीवास्तव की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी अपनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि स्व. प्रकाश श्रीवास्तव समाज के लिए प्रेरणास्रोत थे और उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

इस अवसर पर समाज के अन्य गणमान्य सदस्यों ने भी स्व. श्रीवास्तव के प्रति अपने विचार व्यक्त किए और उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने उनके व्यक्तित्व और समाज सेवा के प्रति उनकी निष्ठा की सराहना की। कायस्थ समाज की इस श्रद्धांजलि सभा में समाज के वरिष्ठजन, युवा और महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल हुईं।

# रामनाम सप्ताह समिति की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। नगर में लगभग सौ वर्षो से पुरानी चली आ रही श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव की रामनाम सप्ताह समिति की रविवार शाम बैठक रखी गई थी जिसमें सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया।

इस समिति के नवीन अध्यक्ष पार्षद शंकर निषाद को बनाया गया है। मीडिया से चर्चा करते हुए नवीन अध्यक्ष शंकर निषाद ने कहा की हमारा अम्बागढ़ चौकी नगर छत्तीसगढ़ का एक ऐतिहासिक नगर है, मां अम्बा की नगरी अम्बागढ़ चौकी संस्कारधानी व धार्मिक शहर है इसलिए समिति का एकमात्र उद्देश्य हमारी प्राचीन परंपरा व संस्कृति को जीवित रखने के साथ साथ नई पीढ़ी को भी जोड़कर नगर के धरोहर को संजोय रखना है। जो नई समिति गठित हुई वो इस प्रकार है-अध्यक्ष-शंकर निषाद उपाध्यक्ष-धर्मेंद्र साहू उपाध्यक्ष-संजय लाटा सचिव-दिनेश ताम्रकार कोषाध्यक्ष-शंकर खंडेलवाल संरक्षक-देवीलाल पटेल, सुकृतदास मानिकपुरी, दुर्गु किसान, के.आर.निर्मलकर, गौरीशंकर यादव, जयंत साहू, संतोष पांडे,बिसाहूदास मानिकपुरी,सर्वेंद्र विनायक सक्रिय सदस्य- पवन गुप्ता, मनीष बंसोड़, शोभाशंकर त्रिपाठी, विजय यादव, सुरेश नेताम, दुर्गेश कुम्भकार, राजेश घीया, देवप्रसाद यादव, उत्तम गोस्वामी, पिलालाल साहू, लखन देवांगन,मोंटी खंडेलवाल,प्रमोद ठलाल, राजकुमार यादव, रामकुमार निषाद, चेतन देवांगन, छगन बंजारे, अनिल महोबिया, अशोक वर्मा, आशीष कसार, अरुण यादव, संतोष प्रसाद पांडे, श्रीराम विश्वकर्मा, झाडूनिषाद, पुरुषोत्तम ठावरे, राजकुमार बढ़ाया।

# सेवानिवृत हुए ढारा एवं बेलगांव के समिति प्रबंधक

डोंगरगढ़ (दावा)। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक डोंगरगढ़ शाखा के अंतर्गत आने वाले समिति प्रबंधक सेवा सहकारी समिति मर्यादित ढारा के समिति प्रबंधक मारुति लाल कोचे एवं बेलगांव के समिति प्रबंधक येतराम जघेंल का कार्यकाल 31 अगस्त 2024 को पूर्ण होने पर दिया गया बधाई।

मारुति लाल कोचे अपना कार्यकाल 1 जुलाई 1983 में सेवा सहकारी समिति अछोली में विक्रेता के पद से आरंभ किया उसे समय सेवा सहकारी समिति अछोली एवं देवकट्टा समिति जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के बजाय एसबीआई बैंक डोंगरगढ़ में संलग्न था, वर्ष 1984 में समितियां को जिला सरकारी केंद्रीय बैंक कृषि शाखा डोंगरगढ़ में मर्ज किया गया मारुति कोचे लगभग 7 वर्ष तक विक्रेता के पद पर कार्य किया। उनके कार्यकाल में अछोली, ढारा एवं देवकट्टा समिति को मर्ज कर ढारा समिति को मर्ज कर ढारा समिति बनाया गया, वही उनको सहायक समिति प्रबंधक के पद पर पदोन्नति किया गया। वर्ष 2005 में आदिम जाति सेवा सरकारी समिति बोरतलाव में प्रभारी समिति प्रबंधक स्वतंत्र प्रभार पर स्थानांतरण किया गया जहां उन्हें वर्ष 2005 से 2011 तक कार्य किया। उनका पुनः तबादला सेवा सहकारी समिति ढारा में किया गया, जहां 2015 में उन्हें समिति प्रबंधक के पद पर पदोन्नति किया गया जहां से ही समिति प्रबंधक के पद पर 40 वर्ष की सेवा देते हुए 62 वर्ष की आयु में 31 अगस्त को समिति से सेवानिवृत हुए वही सेवा सरकारी समिति बेलगांव के समिति प्रबंधक येतराम जंघेल ने वर्ष 1973 में सेवा सहकारी समिति बेलगांव में विक्रेता के पद पर प्रथम नियुक्ति हुई जहां उनसे कार्य को देखते हुए सेवा सहकारी सेवा नियम अनुसार सहायक समिति प्रबंधक एवं प्रबंधन के पद पर पदोन्नति किया गया। दोनों समिति प्रबंधकों का 31 अगस्त को सेवा अवधि समाप्त होने पर



मारवाड़ी धर्मशाला डोंगरगढ़ में बैंक के अधिकारी शाखा प्रबंधक योगेंद्र शर्मा, बी.एल.चंद्रवंशी, सहायक लेखापाल शैलेंद्र चंद्रवंशी, नीता साहू, दुर्गा प्रसाद नागपूरे, सहकारी समिति कर्मचारी संघ के संरक्षक ईश्वर श्रीवास की की उपस्थित में दोनों समिति प्रबंधक के कार्य की सराहना करते हुए बैंक प्रतिनिधियों ने पुष्प उच्च भेंट कर तिलक एवं गुलाल लगाकर भाव विहीन पूर्वक विदाई दिए, वही येतराम जांघेल एवं मारुति लाल कोच को बधाई देने के लिए क्षेत्रीय विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, कांग्रेस जिला महामंत्री चूमन दास साहू, ब्लॉक कांग्रेस महिला अध्यक्ष लता साहू, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता योधन साहू, फिरंगी राम पटेल, मैं साहू धर्मशाला में आयोजित विदाई कार्यक्रम में शामिल होकर सेवानिवृत्ति समिति प्रबंधक येतराम जांघेल एवं मारुति लाल कोचे को उनके कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए स्वस्थ जीवन की कामना की करते हुए बधाई दी है।

# राज्य स्तरीय योगासन खेल स्पर्धा में रिद्धि, दीक्षा और रितु ने लहराया परचम



राजनांदगांव (दावा)। क्रीडा भारती रायपुर महानगर प्रांत द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता में रिद्धि प्रीतवानी ने 14-18 आयु वर्ग में स्वर्ण पदक, दीक्षा ताम्रकार ने 18-28 आयु वर्ग में रजत पदक और इसी वर्ग में रितु सिंह ने कांस्य पदक जीता।

दिव्य ज्योति योग केंद्र के योग प्रशिक्षक और योगाचार्य किशोर माहेश्वरी ने बताया कि, देश में खेलो को बढ़ावा देने के प्रतिबद्ध संस्था क्रीडा भारती महानगर प्रांत रायपुर के श्री बालाजी विद्या मंदिर में बीते रविवार को आयोजित राज्य स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता में रिद्धि प्रीतवानी ने 14 वर्ष से 18 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। वहीं संस्कारधानी नगरी की होनहार बेटी और उत्कृष्ट योग खिलाडी दीक्षा ताम्रकार ने 18 वर्ष से लेकर 28 वर्ष आयु वर्ग की स्पर्धा में दूसरा स्थान प्राप्त कर रजत पदक पर कब्जा जमाया। साथ ही इसी वर्ग में रितु सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त कर काँस्य पदक अपने नाम किया। उक्त स्पर्धा में लगभग 250 खिलाड़ियों ने भाग लिया। उपरोक्त तीनो ही खिलाड़ी छत्तीसगढ़ प्रदेश की उत्कृष्ट योग खिलाड़ी है। इससे पहले जोधपुर राजस्थान में आयोजित खेलो इंडिया वुमेंस लीग में भी इन्होने भाग लेकर अपना सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। उनकी इस उपलब्धि पर, उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए साथी खिलाड़ियों और परिजनों ने शुभकामनायें दी है।

# नीरज पैरेंट्स प्राइड का सोलो डांस प्रतियोगिता सम्पन्न

**राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय बल्देवबाग स्थित नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल का ``सोलो डांस'' प्रतियोगिता का आयोजन नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल-बोरी, में 1 सितम्बर को कक्षा-1 से 5 तक के बच्चों हेतु आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक डांस की प्रस्तुतियां दी गई। जिसमें देशभक्ति गीतों के साथ ही साथ डांसिंग सांग व मनमोहक गीतों की धून पर आकर्षित डांस करते हुए बच्चों ने उपस्थित दर्शकोंए एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं का मन मोह लिया।**



कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल संचालक नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी एवं कुंतल बाजपेयी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित एवं मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात् संक्षिप्त उद्बोधन में श्री बाजपेयी ने नृत्य से संबंधित विभिन्न बातों पर प्रकाश डालते हुए श्री वाजपेयी ने कहा कि जीवन और नृत्य एक दूसरे के पूरक हैं। जीवन में नृत्य की उपयोगिता इसलिए है क्योंकिए नृत्य एक साधना हैए नृत्य में एकाग्रता का जैसा स्थान है वैसे ही जीवन में भी एकाग्रता का महत्व है। नृत्य एक कला है वैसे ही जीवन जीना भी एक कला है।

प्रतियोगिता में कक्षावार छात्रों को अलग-अलग समुहों में विभाजित कर प्रतियोगिता संपन्न करायी गई एवं उक्त डांस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को पुरस्कृत किया गया साथ ही सभी प्रतियोगी छात्रों को भी संतावना पुरस्कार दिया गया। उक्त चयनित छात्र-छात्राओं का चयन आमंत्रित सम्मानित निर्णायक मण्डल द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या श्रीमती ईला राठौर, उपप्राचार्या श्रीमती आरती पिल्लई सहित शाला के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्टॉप उपस्थित थे। उक्त अवसर पर डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा पालकों का आभार मानते हुए प्रतियोगिता में प्रथमए द्वितीयए तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं सहित सभी छात्रों को शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी शाला प्रशासक द्वारा दी गई।

# जिला ग्रंथालय में छत्तीसगढ़ी साहित्य की पुस्तकें पठन-पाठन के लिए उपलब्ध

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति द्वारा श्री रामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास के जन्मोत्सव अवसर पर जिला ग्रन्थालय में साहित्यिक आयोजन कर उन्हें कृतज्ञता पूर्वक याद किया गया। इस दौरान साहित्य समिति द्वारा जिला ग्रन्थालय को छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा प्रदत्त छत्तीसगढ़ी साहित्य से संबंधित पुस्तकें वहां पठन-पाठन के लिए उपलब्ध का फ्लैक्स भेंट किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाकवि तुलसीदास के तैल चित्र पर समाज सेवी श्रीमती शारदा तिवारी, राकेश इंदूभूषण ठाकुर, आत्माराम कोशा अमात्य, प्यारेलाल देशमुख मानसिंह मौलिक आदि सहित उपस्थित कवि/ साहित्यकारों ने माल्यार्पण व ज्योति प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस दौरान कवि प्यारेलाल देशमुख निकुम ने छत्तीसगढ़ी में काव्यपाठ कर ज्ञान की देवी मां सरस्वती सुमधुर स्वरो में अभ्यर्थना की। मुख्य अतिथि श्रीमती शारदा तिवारी ने कहा कि मूल नक्षत्र में जन्मे तुलसी दास जी को जीवन भर कष्ट भोगनी पड़ी। उनके द्वारा रचित श्री राम चरित मानस महाकाव्य का पूरी दुनिया लोहा मानती है। उन्होंने तुलसी की आवत ही हरसे नहीं, दोहा उद्धृत करते हुए कहा कि लोगों को ऐसे स्थान पर जाना चाहिए मान-सम्मान मिले।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राकेश इंदूभूषण ठाकुर ने तुलसी दास जी को पहले भक्त और पीछे कवि होने की बात कही और साथ ही कहा कि उनकी




ग्रन्थालय में कवि/साहित्यकारों ने मनाया तुलसी जन्मोत्सव

अंतरात्मा भक्ति-भावना के लिए छटपटाने लगी तो गोस्वामी जी ने विनय-पत्रिका का सृजन किया। श्री ठाकुर ने प्रसंग वश राष्ट्र कवि रामाधारी सिंह दिनकर की रश्मि रथी काव्य का सरस वाचन किया।

### तुलसी दास जी की काव्य-कला

साहित्य समिति के अध्यक्ष व छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक आत्माराम कोशा अमात्य ने तुलसी जी के काव्य कला पर अपनी बात रखते हुए कहा कि गोस्वामी जी अपनी गहन भावानुभूति को कलात्मकता का सुंदर कलेवर कर के जन-मानस को विमोहित करते हैं। उनका श्रृंगार वर्णन भी मर्यादा की सीमा-रेखा का उल्लंघन नहीं करता। उन्होंने तुलसीदास जी को लोक के कवि बताते हुए उनके श्री राम चरित मानस में छत्तीसगढ़ी के मुंदरी, चिन्हा ,चिन्हारी आदि अनेक शब्दों का उल्लेख किया व सूरदास व तुलसी दास जी के भक्ति काल से लेकर रीतिकाल के कवि केशवदास के दोहे की साप्रासंगिक उद्धरण देकर कवियों के बीच की आत्मीयता का वर्णन किया। इस दौरान समिति के सचिव मानसिंह 'मौलिक' ने श्री राम चरित मानस को अवधि भाषा में लिखने वाले कवि तुलसी जी को समन्वय वाले अवधि भाषा का कवि बताते हुए कहा कि गोस्वामी जी लोक और शास्त्र ,भाषा और संस्कृति , निर्गुण और सगुण का तथा पांडित्य और अपांडित्य का समन्वय किया है। लोक गायक मनहरण साहू 'मनु' ने जहां तुलसी के दोहे पढ़ें वहीं कवि आंनद राम सार्वा ने श्री राम चरित मानस को अनेकता में एकता का सुंदर आदर्श प्रस्तुत करने वाले ग्रंथ बताते हुए छत्तीसगढ़ी सुमधुर रचना का पाठ किया। कार्यक्रम का विद्वत संचालन करते हुए कवि रोशन साहू मोखला ने अपने राम भक्ति से संबंधित रचनाएं पढ़ी और कहा कि तुलसी के श्री राम चरित मानस के आधार पर ही भारतीय समाज जीवन जी रहा है।

इस दौरान साहित्य समिति द्वारा मुख्य अतिथि श्रीमती शारदा तिवारी के हाथों जिला ग्रंथालय को डॉ , मन्नूलाल यदु रचित श्री राम व राम काज ग्रंथ भेट किया गया व कवि एवं गीतकार प्यारे लाल देशमुख 'निकुम' द्वारा रचित गुरतुर गीत, पीरा के खरही, पुरखा के चिन्हारी, चेत करो तन के,आदि छत्तीसगढ़ी काव्य संग्रह भेंट की गई। इस अवसर पर जिला ग्रंथालय के ग्रंथपाल क्रांति कुमार साहू ,रोहित व स्टाफ के लोगों सहित साहित्य अभिरुचि के बड़ी संख्या में पाठकों की उपस्थिति रही।उपस्थित जनों का आभार प्रदर्शन साहित्य समिति के सचिव मानसिंह मौलिक द्वारा किया गया।

# महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में उद्यमी प्रोत्साहन सम्मेलन आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। शहर के महारानी लक्ष्मीबाई कन्या शाला में स्वावंलबी भारत अभियान के तहत कक्षा 11वीं और कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों के बीच उद्यमी प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में स्वावंलबी भारत अभियान के जिला समन्वय राकेश इंदु भूषण ठाकुर ने अपनी 40 वर्षीय उद्योग लगाने के अनुभव को साझा करते हुए विद्यार्थियों को उद्यमी बनने हेतु प्रोत्साहित किया।

**श्री ठाकुर ने विद्यार्थियों को उद्यमी बनने किया प्रोत्साहित**

इस दौरान सफल महिला उद्यमी के रूप के डॉ. रुबीना अल्वी ने अपने जीवन के पहलुओ को उजागर किया। जिसमे उन्हें कॉलेज की प्रोफेसरशिप की नौकरी छोडक़र उद्यमी बनने की दिशा में अपनी कहानी को बताया और अपने उद्योग के उत्पाद को प्रत्यक्ष प्रदर्शन करते हुए उपस्थित छात्राओ को वितरित किया। कार्यक्रम में एजाज सिद्दीकी, चेतराम वर्मा (प्राचार्य), श्रीमती पूर्णिमा शुक्ला, डॉ. कुमकुम झा, श्रीमति सरोज सिन्हा, एवं अन्य टीचर्स उपस्थित रहे। स्कूल के आडिटोरियम में आयोजित उक्त कार्यक्रम में प्रभावित 400 छात्र-छात्राओं ने भविष्य में उद्यमी बनने का संकल्प लिया।

# जिले के अंतिम ग्राम पंचायत तक पहुंचे वाई-फाई की सुविधा -डॉ. रमन सिंह

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में उप मुख्यमंत्री, गृह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सांसद संतोष पाण्डेय, विधायक डोंगरगढ़ दलेश्वर साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू, कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग उपस्थित थे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि जिले के विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई और बहुत अच्छे से जिले के विकास कार्यों के संबंध के जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि जिले के अंतिम ग्राम पंचायत तक वाई-फाई की सुविधा होने से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सरपंच एवं सचिव से बात हो सकेगी। इसके लिए जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अमृत मिशन योजना तथा पंप लगने के बाद टैंक तक पानी पहुंचाने के लिए कहा। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में लो वोल्टेज की समस्या को देखते हुए ट्रांसफार्मर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर एवं मानव संसाधन की उपलब्धता के स्थायी समाधान के लिए कार्य योजना बनाएं। ट्रांसफार्मर की उपलब्धता के लिए टेंडर का कार्य जल्दी करवाएं। इसके लिए आउट सोर्सिंग के माध्यम से कार्य करें। उन्होंने पुनरूद्धार वितरण क्षेत्र योजना के अंतर्गत मद में प्राप्त राशि लैप्स हो जाने के कारण विकास कार्य बाधित होने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि समय पर कार्य नहीं करने वाले कंपनी, कान्ट्रेक्टर को कैसिंल करें या ब्लैक लिस्ट करें। उन्होंने कहा कि गौठानों में चल रहे रीपा एवं चारागाह का बेहतर उपयोग करते हुए यह तय करें कि गौठान का और अच्छा उपयोग कैसे किया जा सकता है। ग्राम सभा में गौठान के संबंध में निर्णय लेते हुए कार्य करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ग्रामीण क्षेत्रों के लिए महत्वाकांक्षी योजना है और इसका क्रियान्वयन अच्छी तरह होना चाहिए। जल जीवन के मिशन अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र ही पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व के प्रकरणों का निराकरण शिविर लगाकर करने के निर्देश दिए तथा अविवादित नामांतरण एवं बटवारा के प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण करने के लिए कहा। उन्होंने अधिकारियों को समीक्षा के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि अधिकारी नवाचार के




○ नवाचार के साथ ही गुणवत्तापूर्ण कार्य करें अधिकारी : उप मुख्यमंत्री
○ अवैध शराब पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए

साथ ही गुणवत्तापूर्ण कार्य करें। प्रशासन द्वारा शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन करते हुए प्रक्रिया पूर्ण की जाती है, वहीं शासन द्वारा जनसामान्य के हितों को ध्यान में रखते हुए संतोषजनक स्थिति के लिए कार्य किया जाता है। जिले के अधिकारियों ने विभिन्न क्षेत्र में परिश्रम के साथ कार्य किया है। गुणवत्तापूर्ण कार्यों से जो परिवर्तन आते हैं, उसका एक अलग ही स्तर होता है। उन्होंने कहा कि सक्रियता के साथ प्रशासनिक अमले को कार्य करने की आवश्यकता है। शत-प्रतिशत मोबाईल नेटवर्क के माध्यम से जिले में वाई-फाई की व्यवस्था होनी चाहिए। पंचायती राज व्यवस्था में वीडियो कान्फ्रेंसिंग की सुविधा मिलने से प्रत्यक्ष तौर पर जनसामान्य से जुड़ सकेंगे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को अवैध शराब पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लखपति योजना अंतर्गत सीएलएफ कलस्टर की समीक्षा करते हुए इसके लिए कार्य योजना बनाएं ताकि समूह की महिलाओं द्वारा बनाएं गए उत्पाद की अच्छी तरह बिक्री हो सके। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह तथा उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली लखपति दीदीयों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया।

सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि रेवाडीह कांजी हाऊस में गाय की संख्या अधिक है और यहां चारे और पानी की व्यवस्था होनी चाहिए। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि राजस्व विभाग अंतर्गत नक्शा, बटांकन, संयुक्त बटवारा एवं खाता विभाजन के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि साफ्टवेयर के माध्यम से आ रही समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अभिलेख सुधारने का कार्य किया जा रहा है। ई-कोर्ट के 5 हजार से अधिक लंबित प्रकरणों का समाधान करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एक साल से ऊपर के राजस्व प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। जिले के पुराने हास्पिटल में पानी भर जाने की समस्या का समाधान किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि जिले में अवैध शराब विक्रेताओं एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में इसके रोकथाम के लिए कार्रवाई की जा रही है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से मिशन जल रक्षा अंतर्गत किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि मनरेगा अंतर्गत जल संरक्षण के लिए जिले में मिनी परकुलेशन टैंक, गेबियन स्ट्रक्चर जैसी संरचना बनाई जा रही है। जल संगोष्ठी एवं फसल चक्र परिवर्तन के लिए कार्यशाला का आयोजन करने के लिए किसानों को रबी फसल अंतर्गत धान के बदले अन्य फसल लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मनरेगा अंतर्गत आवास का लक्ष्य पूर्ण किया गया है। लखपति दीदी योजना अंतर्गत 14520 समूह की महिलाओं का सर्वे किया गया है, जो विभिन्न आजीविका गतिविधियों जैसे लघु उद्योग, पशुपालन, मुर्गीपालन, मछली पालन सहित विभिन्न कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि बैंक क्रेडिट लिंकेज, बीसी सखी के संबंध में जानकारी दी।

लोक निर्माण की समीक्षा के दौरान कार्य शीघ्र करने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग अंतर्गत एजुकेशन हब के तहत प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी, युक्तियुक्तकरण शिक्षकों की पदस्थापना, प्रतिमाह ली जा रही परीक्षा, बच्चों की आवासीय व्यवस्था की जानकारी ली गई। कृषि विभाग अंतर्गत आत्मा योजना के तहत प्रशिक्षण, प्रदर्शनी एवं अन्य गतिविधियों के बारे में बताया गया। सुगंधित धान का क्षेत्र बढ़ाया गया है तथा खाद-बीज की उपलब्धता के संबंध में जानकारी दी गई है। इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधि, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, आयुक्त नगर निगम अभिषेक गुप्ता, एसडीएम डोंगरगढ़ मनोज मरकाम, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## पुलिस की स्थिति को बिगाड़कर रखी थी भूपेश बघेल की सरकार ने - विजय शर्मा



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा कोर कमेटी की बैठक में भाग लेने यहां आये प्रदेश के गृहमंत्री व राजनांदगांव विधानसभा के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कहा कि कोर कमेटी की बैठक के बाद प्रशासन की भी बैठक रखी गई थी। गृहमंत्री श्री शर्मा ने पत्रकारों के सवाल पर कहा कि कांग्रेस कानून व्यवस्था को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रही है। इस पर श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने प्रदेश में पुलिस की स्थिति को बिगाड़ रखी थी। मैने इस सम्बन्ध में संसद से लेकर विधानसभा में आंकड़ों को प्रस्तुत किया था। कांग्रेस के कालखंड के छः महिने में काफी कम है। आने वाले समय में इसे और भी दुरूस्त किया जाएगा।

कांग्रेस को हर विषय पर आईना दिखाया जाएगा.... प्रदेश में उन्होंने कितनी लूट मचाई थी इसे जनता अच्छी तरह जानती है

पूर्व सीएम भूपेश बघोल के द्वारा राज्य की एजेंसियों पर भरोसा नहीं वाले बयान पर जवाब देते हुए गृहमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि क्या उन्हें केन्द्र की एजेंसियों पर भी भरोसा नहीं था, जहां उन्होंने बयान लगा दिया था। ये एजेंसी-वो एजेंसी कहना जनता में भ्रम फैलाने वाला कार्य है। श्री शर्मा ने बताया कि जब एक प्रदेश से अनेक प्रदेश का विषय हो जाता है तब सेंट्रल एजेंसी से काम कराया जाता है। आवश्यकता अनुरूप ही काम किया जाता है।

श्री शर्मा ने कहा कि वे बड़े नेता है, उन्हें यह समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में कितनी लूट मचाई थी, इसे सभी अच्छी तरह जानते है। श्री शर्मा ने नक्सल प्रभावित इलाकों में सरकार के बैकफूट पर वाले आरोप के सम्बन्ध में कहा कि नक्सल प्रभावित सभी गांवों के विकास कार्य संपन्न होंगे। आगामी मार्च 2026 तक गृहमंत्री अमित शाह ने कह दिया है और सीएम श्री साय के मार्गदर्शन पर हम सब संकल्पबद्ध एवं क्रियाशील है। इसी तहर उन्होंने गृहमंत्री श्री शाह का हवाला देते हुए कहा कि एनडीपीएस के मामले में जाँच होनी चाहिए। सभी प्रकार के ड्रग की रोकथाम सहित भारत में एक ग्राम भी ड्रग नहीं आना चाहिए की बात श्री शर्मा ने कही। इस दौरान शहर के युवा नेता व प्रदेश के भाजपा प्रवक्ता नीलू शर्मा, प्रदेश भाजपा महामंत्री भरतलाल वर्मा, बंठू आदि भाजपा नेता व कार्यकर्ता जन उपस्थित थे।

## नक्सली हिंसा का शिकार हुए परिजन न्याय पाने गृहमंत्री के निवास के सामने आमरण अनशन करेंगे




डोंगरगढ़(दावा)। पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के करीबी रहे भाजपा नेता स्व. बबल साहू को नक्सल हिंसा में शहीद हुए लगभग 20 वर्ष से अधिक हो चुके हैं। लेकिन उनके परिवार को आज पर्यंत प्रदेश शासन द्वारा बनाई गई पुनर्वास नीति का लाभ नहीं मिल पाया है। प्रदेश में ऐसे हजारों परिवार है जो प्रदेश सरकार द्वारा बनाई गई नीति का लाभ नहीं ले पाए हैं। जिसे लेकर स्व. बबला साहू के पुत्र धीरेंद्र साहू सहित प्रदेश के हजारों नक्सल पीड़ित परिवार के सदस्य शासन की पुनर्वास नीति का लाभ हेतु उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निवास के सामने 2 अक्टूबर महात्मा गांधी की जयंती के दिन आमरण अनशन करेंगे।

नक्सल पीड़ित परिवार संघ छत्तीसगढ़ के बैनर तले संघर्ष कर रहे नक्सल पीड़ित परिवार के सदस्य धीरेंद्र साहू ने कहा है कि प्रदेश मे नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों के लिए नक्सल पुनर्वास नीति बनाया गया है। लेकिन समय सीमा में किसी भी पीड़ित पारिवारो को लाभ नहीं मिला। पीड़ित परिवारों द्वारा नक्सल पुनर्वास नीति का लाभ दिलाने मुख्यमंत्री, गृहमंत्री को पत्र प्रेषित कर पुनर्वास नीति मे संशोधन कर पीड़ित परिवारों से साथ मीटिंग करने का मांग की गई है। नक्सल पीड़ितों की मांग को पुनर्वास नीति मे शामिल करने व 2 अक्टूबर के पहले पीड़ित परिवारों के साथ बैठक नहीं करने की स्थिति में पीड़ित परिवार के सदस्य आमरण अनशन में बैठेंगे।

## सामने आएगी झीरम कांड की सच्चाई, डॉ. रमन सिंह बोले- विधानसभा में पेश होगी रिपोर्ट





रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के स्पीकर अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा है कि, विधानसभा में झीरम घाटी की रिपोर्ट पेश की जाएगी। उनके इस बयान के बाद एक बार फिर सियासत गर्म हो गई है। इस मामले को लेकर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने रिपोर्ट में सच्चाई को तोड़ मरोड़कर पेश करने का आरोप लगाया है।

बघेल बोले- तोड़ मरोड़कर पेश करेगी सरकार

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि, झीरम का सच सामने आना चाहिए, लेकिन इसे रोका जा रहा है। इस संबंध में एक बार रिपोर्ट राज्यपाल को सौंपी गई है।

हमारी सरकार में दो सदस्यीय समिति का गठन भी किया गया था। अब उस समिति की रिपोर्ट का क्या होगा? अब रिपोर्ट में सच्चाई को तोड़ मरोड़कर पेश किया जाएगा।

### छत्तीसगढ़ी ओलंपिक का भी हो आयोजन

मुख्यमंत्री निवास में तीजा पोरा तिहार के आयोजन पर उन्होंने कहा कि, यह अच्छी बात है और उन्हें प्रदेश की परंपरा को आगे बढ़ाना चाहिए। सभी तीज त्योहारों के कार्यक्रम आयोजित होने चाहिए। छत्तीसगढ़ी ओलंपिक का भी आयोजन किया जाना चाहिए।

### राज्यपाल अपनी ही सरकार से असंतुष्ट हैं

राज्यपाल रमेन डेका जिलों में समीक्षा बैठक कर रहे हैं। इस पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि, राज्यपाल को इस तरह काम करने की आवश्यकता नहीं है। क्या राज्यपाल अपनी ही सरकार से असंतुष्ट हैं? सरकार काम नहीं कर रही है, इसलिए उन्हें बैठक लेनी पड़ रही है।

## घरेलू गैस सिलेण्डर के दुरूपयोग और अवैध रिफिलिंग पर की गई जप्ती कार्रवाई



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में घरेलू गैस के दुरूपयोग करने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत विभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच कर जप्ती की कार्रवाई की जा रही है। खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी ने बताया कि विगत दिनों जिले के छुरिया विकासखंड एवं डोंगरगांव विकासखंड के तीन प्रतिष्ठानों में सहायक खाद्य अधिकारी एवं खाद्य निरीक्षकों की संयुक्त टीम द्वारा जांच की कार्रवाई की गई।

○ जांच में 96 घरेलू गैस सिलेण्डर, 77 नग रेग्युलेटर और 25 फीट गैस पाईप जप्त

खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने छुरिया विकासखंड के ग्राम आमगांव स्थित प्रतिष्ठान न्यू सांई जनरल स्टोर्स आमगांव (कुमर्दा), राजेश साहू किराना स्टोर्स ग्राम खुर्सीटिकुल तथा डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम अर्जुनी स्थिति अनिल कुमार के प्रतिष्ठान में दबिश देकर जांच की गई। जांच के दौरान प्रष्ठिानों में घरेलू गैस सिलेण्डरों की रिफिलिंग एवं अवैधानिक रूप से विक्रय किया जाना पाया गया। जांच में 5 किलो ग्राम के 72 नग सिलेण्डर, 2 किलो ग्राम के 13 नग एवं 14.2 किलो ग्राम के 11 सिलेण्डर, 77 नग रेग्युलेटर, 25 फीट गैस पाईप जप्त की गई। कलेक्टर न्यायालय में संबंधितों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर प्रस्तुत किया गया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री अग्रवाल ने निर्देशानुसार जिले में चल रहे होटल, रेस्टोरेंट, ढाबे, रेहडियों में जांच कर लगातार कार्रवाई की जा रही है। होटल, रेस्टोरेंट, ढाबे, रेहडियों में कामर्शियल सिलेंडर के अलावा घरेलू सिलेंडर के उपयोग करते पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर करोड़ों की ठगी: महिला-शिक्षा विभाग का बर्खास्त कर्मी समेत 3 गिरफ्तार; रायपुर में खोल रखा था ऑफिस



रायपुर (दावा)। सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर करोड़ी रुपए की ठगी करने वाले 3 आरोपियों को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में शिक्षा विभाग से बर्खास्त कर्मी, 1 महिला समेत 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। शिक्षा विभाग से बर्खास्त श्याम सुंदर राव अपने साथियों के साथ लालपुर में ऑफिस खोला था। बड़े अधिकारियों से परिचय होने और अलग-अलग विभाग में नौकरी लगाने के लिए करीब 20 लोगों से रुपए लिए, लेकिन उन्हें न तो नौकरी लगवाई और न ही उनके पैसे वापस किए। जिसके बाद धमतरी निवासी युवती समेत कई लोगों ने राजेंद्र नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

गिरफ्तार आरोपियों ने पीड़ितों से मंत्रालय, रेलवे, बैंक, स्वास्थ्य विभाग, कंप्यूटर ऑपरेटर, सुपरवाइजर जैसे पदों पर नौकरी लगाने के नाम लोगों से नकद और ऑनलाइन भुगतान के जरिए से बड़ी रकम वसूल की थी। शिकायतकर्ता जब भी कहते कि नौकरी लगवाओं तो आरोपी उनका फोन नहीं उठाते थे।

दरअसल, धमतरी जिले के सांकरा ग्राम निवासी देवकी ध्रुव ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि एक साल पहले एक कार्यक्रम के दौरान उनकी मुलाकात रायपुर निवासी स्वयं शर्मा से हुई थी। स्वयं शर्मा ने खुद को इंटक कार्यकर्ता बताया और सरकारी नौकरी दिलाने की बात कही थी। इसके बाद देवकी ने अपने जीजा के साथ के साथ लालपुर स्थित आरोपियों के ऑफिस प्रोग्रेसिव पाईंट में जाकर स्वयं शर्मा और प्रीति शर्मा से मुलाकात की। उन्होंने देवकी को रेलवे में सुपरवाइजर के पद पर नौकरी लगवाने का आश्वासन दिया। इसके लिए उससे डेढ़ लाख की मांग की थी।

इसके बाद देवकी ने पहले 50 हजार नगद फिर 40 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किया। इसके बाद आरोपियों ने उसे एक हफ्ते में नौकरी लगाने का वादा किया। उसके बाद देवकी का फोन उठाना बंद कर दिया। रविवार 1 सितंबर को देवकी ने दूसरे नंबर से फोन से फोन किया तो प्रीति शर्मा बोली कि पैसा वापस नहीं करूंगी जो करना है कर लो। परेशान होकर देवकी ने प्रीति शर्मा और स्वयं शर्मा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। देवकी ने बताया कि आरोपियों ने 20 से ज्यादा लोगों से करोड़ों रुपयों की ठगी की है।

### इन्हें किया गिरफ्तार

जांच के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभनपुर निवासी आरोपी भीष्म नारायण शर्मा उर्फ स्वयं शर्मा और शंकरपुर वार्ड, राजनांदगांव निवासी धनेश्वरी वर्मा उर्फ प्रीति शर्मा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि खमतराई निवासी श्याम सुंदर राव, जो शिक्षा विभाग का बर्खास्त कर्मी है, उसके साथ मिलकर करीब 2 दर्जन लोगों के साथ करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी की है। इसके बाद पुलिस ने श्याम सुंदर राव को भी गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## शराब घोटाला : ईओडब्ल्यू का दावा, आबकारी अधिकारियों ने रिश्वत से कमाए 57 करोड़

रायपुर। पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार में हुए 2,200 करोड़ रुपये के शराब घोटाले में संलिप्त सभी अफसरों से पूछताछ की जा रही है। अब तक शुक्रवार और शनिवार दो दिनों में 20 में से 15 अफसरों से पूछताछ की जा चुकी है। ये वही अफसर हैं, जिन्होंने सिंडीकेट के साथ मिलकर पांच साल में लगभग 172 करोड़ रुपये की कमाई की है। ईओडब्ल्यू द्वारा पेश की गई चालान की कॉपी बताती है, कि इन अफसरों की कमाई चुनावी वर्ष यानी कि 2022-23 में पिछले वर्षों की तुलना में दोगुनी हो गई। आरोप पत्र के अनुसार चुनावी वर्ष में 2022-23 में यह कारोबार 200 ट्रक से बढ़कर 400 ट्रक प्रतिमाह हो गया था। जिससे अफसरों को 150 रुपये प्रति पेटी के हिसाब से मिलने वाली रिश्वत की राशि दोगुनी हो गई और 2.40 करोड़ रुपये की जगह 4.80 करोड़ रुपये प्रतिमाह मिलने लगे। इस हिसाब से सिर्फ चुनावी वर्ष में ही इन सभी अफसरों ने 20 अफसरों ने 57 करोड़ रुपये रिश्वत के जरिए कमाए हैं। ईओडब्ल्यू के आरोप पत्र में नाम आने और पूछताछ होने के बावजूद अभी भी ये अफसर आबकारी में ही अहम पदों पर बने हुए हैं। आरोप पत्र के अनुसार 560 रुपये की मदिरा 2,880 रुपये की एमआरपी पर बेचा जाता था। सिंडीकेट द्वारा मिलीभगत कर इसके दाम बढ़ाकर 3,840 रुपये कर दिया गया। जिसमें 560-600 रुपये प्रति पेटी के हिसाब से शराब सप्लायरों को भुगतान किया जाता था, जबकि 150 रुपये प्रति पेटी के हिसाब से सभी 15 कार्यक्षेत्र वाले जिलों में पदस्थ 20 अफसरों को दिया जाता था। वहीं, इसमें शेष हिस्सा अनवर ढेबर अपने पास रखता था और इसका 15 प्रतिशत कमीशन अनिल टुटेजा और एपी त्रिपाठी को दिया जाता था। नकली होलोग्राम लगाकर शराब की सप्लाई के लिए 15 जिलों का चयन किया गया है। जिसमें रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव, कबीरधाम, बालोद, महासमुंद, धमतरी, बलौदा बाजार, गरियाबंद, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बेमेतरा और रायगढ़ जिले में प्रमुख तौर पर करने की पुष्टि ईओडब्ल्यू के चालान से होती है।

## नौ माह के भाजपा शासन में महिलाएं असुरक्षित, आज कांग्रेस का मौन प्रदर्शन

राजनांदगांव(दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश में आए दिन महिलाओं के साथ अत्याचार व गैंगरेप की घटनाएं बढ़ रही है और प्रदेश की भाजपा सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से लचर हो चुकी है। 09 माह में ही भाजपा सरकार के राज में छत्तीसगढ़ में महिलाएं असुरक्षित हो गयी है। रोजाना प्रदेश में कहीं न कहीं सामूहिक बलात्कार की घटनाएं घट रही है। माताएं-बहने, बेटियां अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही है। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आज हमारी माताएं-बहनें, बेटियां अपने आपको असुरक्षित व असहाय महसूस कर रही है। प्रदेश में कानून नाम की कोई चीज नहीं है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू द्वारा प्रेसवार्ता लेकर जानकारी दी।

अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने प्रेसवार्ता में बताया कि प्रदेश में रोजाना कहीं न कहीं सामूहिक बलात्कार की घटनाएं घट रही है। माताएं-बहने, बेटियां अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही है। इससे बड़ा दुर्भाग्यजनक क्या हो सकता है कि राजधानी में महिलायें सुरक्षित नहीं है। रायपुर नया बस स्टैण्ड में एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म होता है, दूसरे दिन रिपोर्ट लिखा गया




महिलाओं की सुरक्षा को लेकर आज मौन धरना-प्रदर्शन

उसमें भी सामूहिक दुष्कर्म को नकार दिया गया। बलात्कार का रिपोर्ट लिखा गया, यहां भी पुलिस अपराधियों को सजा देने के बजाय उन्हें बचाने में लगी है। महिलायें खुले में बाहर निकलने में भयभीत हो रही है। बस्तर, जशपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर से लेकर राजधानी में भी महिलायें खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। बेहद दुर्भाग्यजनक है कि सरकार जिसे इन मामलों को गंभीरता से लेकर कार्यवाही करवाना चाहिये, वह बलात्कार जैसी घटनाओं को भी छुपाने और अपराधियों को बचाने का काम कर रही है। अभी तक 08 माह में प्रदेश में महिलाओं के प्रति 3094 अपराध हुये है तथा 600 से अधिक बलात्कार की घटना हुई है। भिलाई के डीपीएस स्कूल में 04 साल की मासूम बच्ची के साथ दुराचार की घटना हो गयी। बिना एफआईआर के एसपी ने घटना को नकार दिया, जबकि पास्को एक्ट में प्रावधान है कि ऐसी कोई घटना होने पर पहले एफआईआर होना चाहिये उसके बाद जांच होनी चाहिये। भिलाई के बच्ची के साथ दुराचार के मामले में दो-दो डॉक्टरों ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि बच्ची के निजी अंगों में चोट है कुछ गलत हुआ है। उसके बाद एसपी मामले को नकारते है।

जिलाध्यक्ष भागवत साहू ने प्रदेश की भाजपा सरकार से पूछना चाहती है कि पुलिस ने एफआईआर कब किया? मेडिकल बोर्ड का गठन कब हुआ ? बच्ची का स्वास्थ्य परीक्षण कब कराया गया? घटना सरकार के संज्ञान में था। सरकार ने क्या कार्यवाही किया? पास्को एक्ट में एफआईआर बिना किये क्लीनचीट दिये जाने के कारण एसपी पर कार्यवाही क्यों नहीं किया गया? रायगढ़ के पुसौर में एक आदिवासी महिला के साथ 14 लोगों ने दुराचार किया, पुलिस रिपोर्ट लिखने में बहानेबाजी कर रही थी, मीडिया में दबाव के बाद रिपोर्ट लिखा गया। जशपुर के एक नाबालिक बच्ची के साथ सामूहिक दुराचार हो गया। कोण्डागांव में एक महिला के साथ सामूहिक दुराचार हो गया, 20 दिन तक रिपोर्ट नहीं लिखी गयी। बेहद दुर्भाग्यजनक है कि बंगाल की घटना पर प्रतिक्रिया देने वाले भाजपाई छत्तीसगढ़ में 04 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दरिंदगी पर मौन है।

इस मामले में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार कांग्रेस पार्टी ने निर्णय लिया है कि हम अपनी बहन, बेटियों की रक्षा की लड़ाई लड़ेंगे, आंदोलन करेंगे। सरकार को महिलाओं की सुरक्षा के लिये मजबूर करेंगे। जिसको लेकर मंगलवार 03 सितंबर को महावीर चौक पर जिला स्तरीय काली पट्टी बांधकर मौन प्रदर्शन किया जाएगा।

प्रेसवार्ता में प्रमुख रूप से पीसीसी महासचिव शाहिद खान, थानेश्वर पाटिला, श्रीकिशन खंडेलवाल, पदम कोठारी, मेहुल मारू, श्रीमती शारदा तिवारी, मोहम्मद यहया, अमित चंद्रवंशी, हनी ग्रेवाल, महेन्द्र यादव, मोहिनी सिन्हा, प्रज्ञा गुप्ता, पूर्णिमा नागदेवे, सुनीता सिन्हा उपस्थित रही।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com